Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



**टी20 विश्वकप 2024 : पाकिस्तान के खिलाफ टीम के प्रदर्शन से खुश रोहित**

देश


**अजीत गुट ने ठुकराया मोदी सरकार में स्वतंत्र प्रभार, विधायकों के संपर्क में...**



मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 11 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 181 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹71, 670 | ₹91,700 |

## आज का इतिहास

- **1866 :** आगरा उच्च न्यायालय भारत में स्थापित किया गया था। उच्च न्यायालय की स्थापना 1834 में की गई थी लेकिन एक वर्ष के भीतर इसे आगरा स्थानांतरित कर दिया गया था। यह मूल रूप से आगरा में उत्तर-पश्चिमी प्रांतों के लिए 17 मार्च 1866 को भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम 1861 द्वारा पुराने सदर दीवानी अडाला की जगह पर उच्च न्यायालय के न्यायलय के रूप में स्थापित किया गया था।
- **1942 :** अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लैंड-लीज समझौते पर हस्ताक्षर किये।

## न्यूज बाइट्स

### 29वीं पटना जिला तायक्वोंडो चैंपियनशीप 2024 पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**पटना (ए.)।** पटना तायक्वोंडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित उनतीसवीं पटना जिला तायक्वोंडो चैंपियनशीप दो हजार चौबीस के पुरस्कार वितरण का आयोजन पटना सिटी के मंगल तलाब पाटलिपुत्र परिषद में किया गया। इस कार्यक्रम में पटना की महापौर सीता साहू और भाजपा क्रीडा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने खिलाड़ियों को सामुहिक रुप से पुरस्कृत किया। इस मौके पर श्रीमती साहू ने कहा इस तरह की चैंपियनशीप आयोजित करने से पूरे प्रदेश के ताइकवांडो को उचित प्लेटफॉर्म मिलेगा।

### जदयू बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए मांग उठाती रहीः देवेश चन्द्र ठाकुर

**पटना (नि. सं.)।** सीतामढ़ी संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने कहा है कि जदयू शुरू से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए मांग उठाती रही है। पटना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र में एनडीए की सरकार बन जाने के बाद बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलने की संभावनाएं प्रबल हुई हैं।

### केजरीवाल सरकार से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली में जल संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। दिल्ली में अतिरिक्त पानी की मांग के लिए दिल्ली की केजरीवाल सरकार सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पहुंची हुई है। उसी मामले की सुनवाई के दौरान केजरीवाल सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और सुनवाई टाल दी। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, सोमवार को कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उसकी याचिका में खामियों को दूर न करने पर फटकार लगाई, जिसमें हरियाणा को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को कम करने के लिए दिए गए अतिरिक्त पानी को जारी करे। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाश पीठ ने दिल्ली सरकार के वकील से कहा कि सरकार द्वारा दायर याचिका में खामियों के कारण रजिस्ट्री में हलफनामे स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। आपने खामियों को दूर क्यों नहीं किया?

पीएम ने कैबिनेट की पहली बैठक की, ₹20,000 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि को दी मंजूरी

# तीन करोड़ लोगों को मिलेगा घर

**गांवों और शहरों में बनने वाले घरों में टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस का होगा कनेक्शन**

नई दिल्ली | एजेंसी

मोदी कैबिनेट ने पहली बैठक में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांवों और शहरों में बनने वाले इन घरों में टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस कनेक्शन होगा। इस स्कीम के तहत पिछले 10 साल में कुल 4.21 करोड़ घर पहले ही बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत घर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक मदद दी जाती है। मोदी 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक सोमवार को पीएम आवास पर हुई। इसमें सभी कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। सोमवार को पीएमओ पहुंचने पर कर्मचारियों ने मोदी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम को ऐसे लोगों की जरूरत है जो देश को विकसित बनाने के लिए दिन रात कार्य कर सकें और इस लक्ष्य के लिए अपने आप को खपा दें। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष से इस टीम में काम करने वाले जो कर्मचारी अब



कहीं ओर जाना चाहते हैं उन्हें वह शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि वह टेलीविजन के माध्यम से उनकी बात सुनने वाले अन्य कर्मचारियों को इस टीम में शामिल होने आह्वान करते हैं , उन्हें निमंत्रण देते हैं।

उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी पिछले दस वर्षों से पीएमओ में कार्य कर रहे हैं और कहीं दूसरी जगह जाना जाते हैं उन्हें मेरी और से शुभकामनाएं हैं। आपने इतना किया इसके लिए धन्यवाद है । जो आज टी वी पर मेरी बात सुनकर आना चाहते हैं जो मन भाव से खप जाना जाता है पांच साल। आईए निमंत्रण है। हमारा एक ही लक्ष्य है राष्ट्र प्रथम , एक ही इरादा 2047 तक विकसित भारत । मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि मेरा पल पल देश के नाम है। मुझे अपनी टीम से 2047 तक दिन रात काम करने की अपेक्षा है। गलती के बिना यदि मैं अपना काम समय पर कर देता हूं तो यह अच्छी चीज है लेकिन इसमें परिपूर्णता नहीं है। मैंने उसमें क्या अतिरिक्त जोड़ा है यह महत्वपूर्ण है । यदि हम इस भाव से काम करेंगे तो अगले पांच वर्षों में हम सपनों को पूरा कर सकते हैं। मेरा दस साल का अनुभव है हमने जो तय किया उसे हम सब ने मिलकर पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका शुरू से प्रयास रहा है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और 'लोगों का पीएमओ' बने। उन्होंने कहा कि सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड।

### 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि को मंजूरी

पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) पहुंचकर कार्यभार संभाला। उन्होंने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की फाइल पर साइन किए। केंद्र की किसान कल्याण योजना के तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। इसे ही किसान सम्मान निधि कहा जाता है। मोदी ने सोमवार को इसकी 17वीं किश्त को मंजूरी दी।

# शिक्षा विभाग में एसीएस और कुलपतियों के बीच बैठक

निज संवाददाता | पटना

शिक्षा विभाग के नए अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने विश्विद्यालय के कुलपतियों के साथ बैठक की। अगले 3 दिन तक मीटिंग चलेगी। सोमवार को पटना और पाटलिपुत्र विश्विद्यालय के कुलपतियों के साथ बैठक हुई है। इसमें उच्च शिक्षा निदेशक रेखा कुमारी भी मौजूद हैं। विश्वविद्यालय की बकाया राशि, कर्मचारियों के वेतन भुगतान, विश्वविद्यालय शिक्षकों के वेतन भुगतान समेत अन्य मुद्दों पर यह बैठक बुलाई गई है।

शिक्षा अपर मुख्य सचिव ने वीसी के साथ बैठक का पूरा शिड्यूल तैयार किया गया है। 10 जून को पटना, पाटलिपुत्र, मौलाना मजहरूल हक और आर्यभट्ट विश्वविद्यालयों की बैठक होगी। जबकि, 11 जून को वीर कुंवर सिंह,जयप्रकाश नारायाण, मगध,बीआरए और एलएन मिथिला विश्वविद्यालय के वीसी के साथ मीटिंग तय की गई है। 12 जून को केएसडीएस, मुंगेर,पूर्णिया,मुंगेर,बीएन मंडल और टीएमबीयू भागलपुर विश्वविद्यालय की समीक्षा होगी। आईएएस केके पाठक ने भी कुलपतियों की बैठक बुलाई थी। इसमें कई विश्वविद्यालय के कुलपति शामिल नहीं हुए थे। राज भवन के आदेश पर शामिल नहीं हो रहे थे। आईएएस केके पाठक ने इसके बाद विश्वविद्यालय के शिक्षकेत्तर और शिक्षक का वेतन रोक दिया था। यूनिवर्सिटी के खाते सील कर दिए थे। यह मामला पटना हाई कोर्ट पहुंचा। हाई कोर्ट की मध्यस्था के बाद शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय के कुलपतियों की अहम बैठक हुई।

# 10 जुलाई को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों के उपचुनाव

एजेंसी | नयी दिल्ली

चुनाव आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 रिक्त विधानसभा सीटों के लिए 10 जुलाई को उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार हिमाचल प्रदेश की डेहरा, हमीरपुर और नालागढ़, पंजाब की जालंधर पश्चिम (अजा), बिहार की रुपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज , रानाघाट(अजा) और बगदा (अजा) और माणिकतला, मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा (अजजा) , उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर तथा तमिलनाडु की विक्रवांडी सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जायेगी। कार्यक्रम के अनुसार उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र 21 जून तक भरे जा सकेंगे और उनकी जांच 24 जून को की जायेगी। नामांकन पत्रों की वापसी की अंतिम तिथि 26 जून होगी। मतदान 10 जुलाई को कराये जाएंगे और मतगणना 13 जुलाई को होगी। जिन 13 सीटों पर उपचुनाव कराये जा रहा हैं, उनमें बिहार की रुपौली सीट श्रीमती बीमा भारती के इस्तीफे के कारण रिक्त है। पश्चिम बंगाल की रायगंज सीट निर्वाचित कृष्णा कल्याणी और दक्षिण (अजा) के प्रतिनिधि डॉक्टर मुकुट मणि अधिकारी के इस्तीफा देने के बाद रिक्त है जबकि बगदा (अजा) और मानिकतला सीटें वहां से निर्वाचित प्रतिनिधियों विश्वजीत दास और साधन पांडे के निधन से रिक्त हुई हैं। तमिलनाडु की विक्रवांडी सीट के प्रतिनिधि एन पुगाझेंती का भी निधन हो गया था। हिमाचल प्रदेश की तीनों सीटें वहां से निर्वाचित प्रतिनिधियों के इस्तीफे से रिक्त हुई हैं। जालंधर पश्चिम सीट की रिक्त भी वहीं से निर्वाचित शीतल अंगुराल के इस्तीफे के कारण हुई है। उत्तराखंड की बद्रीनाथ सीट के प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह भंडारी ने इस्तीफा दे दिया था।

प्रदेश में 25,000 पुलिस पदाधिकारियों को नये आपराधिक कानून विधि विज्ञान के लिए प्रशिक्षण जारी

# बिहार पुलिस को अब मिलेगा डिजिटल वारंट एवं कुर्की का ऑर्डर

निज संवाददाता | पटना

बिहार पुलिस द्वारा नए कानूनों को लेकर पुलिस पदाधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम पटना के बापू सभागार में आयोजित किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम अगले तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें 25 हजार पुलिसकर्मी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस प्रशिक्षण को तीन अलग-अलग चरणों में विभाजित किया गया है ताकि सभी पुलिसकर्मियों को उचित प्रशिक्षण दिया जा सके। इस कार्यक्रम के दौरान वेब कास्टिंग के माध्यम से बिहार के लगभग सभी जिलों के एक तिहाई अनुसंधानकर्ता और सुपरवाइजिंग ऑफिसर भी शामिल हो रहे हैं। यह वेब कास्टिंग प्रणाली यह सुनिश्चित करती है कि दूर-दराज के जिलों के अधिकारी भी इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण का हिस्सा बन सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक जुलाई से लागू होने वाले नए कानूनों के बारे में गहन और



विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इन नए कानूनों में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी ने किया। उन्होंने उद्घाटन समारोह में इन नए कानूनों के महत्व और उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये नए कानून पुलिस की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव लाएंगे और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे। डीजीपी भट्टी ने इस बात पर जोर दिया कि इन कानूनों को सही तरीके से समझना और उन्हें प्रभावी रूप से लागू करना पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण के दौरान, विशेषज्ञों द्वारा पुलिसकर्मियों को नए कानूनों के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में अपराध और दंड से संबंधित प्रावधान शामिल हैं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 नागरिकों की सुरक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 साक्ष्य के संग्रहण और उसके प्रस्तुतीकरण के नियमों को निर्धारित करता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से, पुलिसकर्मियों को इन कानूनों के सही अनुप्रयोग और उनके प्रभावी कार्यान्वयन के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि पुलिस बल नए कानूनों के अनुसार कार्य कर सके और कानून व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी बना सके। यह प्रशिक्षण न केवल कानूनों की जानकारी बढ़ाने में मदद करेगा बल्कि पुलिसकर्मियों को उनके कर्तव्यों को और अधिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाने के लिए भी प्रेरित करेगा। अंत में, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बिहार पुलिस के कार्यप्रणाली में सुधार लाने और जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया है। नए कानूनों की प्रभावशीलता और उनके सही अनुपालन के माध्यम से, बिहार पुलिस कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

कैबिनेट, राज्य और स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों को विभाग आवंटित

# मोदी सरकार के विभागों का बंटवारा

**नई दिल्ली (वि.सं)। मोदी सरकार के विभागों का बंटवारा सोमवार शाम 6:30 बजे किया गया। अमित शाह को फिर से गृह मंत्री, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री, नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्री बनाया गया है। एस जयशंकर के पास विदेश मंत्रालय ही रहेगा। शिवराज सिंह को कृषि मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग दिया गया है। नितिन गडकरी के साथ दो राज्य मंत्री रहेंगे। अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा को सड़क परिवहन राज्य मंत्री बनाया गया है।**

वहीं, बिहार के पूर्व सीएम, हम नेता और गया के सांसद जीतनराम मांझी को लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम (MSME) मंत्रालय का मंत्री बनाया गया है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष और मुंगेर सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को दो-दो विभाग मिला है। ललन सिंह पंचायती राज के साथ-साथ मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी विभाग के भी मंत्री बनाए गए हैं। मोदी की पिछली सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री रहे भाजपा नेता और बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय मिला है। लोजपा-रामविलास के अध्यक्ष और हाजीपुर के सांसद चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय मिला है जो पिछली सरकार में उनके चाचा पशुपति पारस को भी मिला था। अमित शाह के करीबी और पिछली मोदी सरकार में गृह राज्यमंत्री रहे भाजपा नेता और उजियारपुर सांसद नित्यानंद राय को गृह मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाया गया है जो वो पिछली सरकार में भी थे। 2014 में वाल्मीकि नगर से लोकसभा गए और अभी राज्यसभा के सांसद भाजपा नेता सतीश चंद्र दुबे को दो-दो विभाग मिला है। सतीश चंद्र दुबे को कोयला मंत्रालय और खनन मंत्रालय में जूनियर मंत्री की जिम्मेदारी मिली है। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के बेटे और जेडीयू के राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाया गया है। पहली बार सांसद बने मुजफ्फरपुर के एमपी और भाजपा के राजभूषण चौधरी को जलशक्ति मंत्रालय विभाग में राज्यमंत्री का पद मिला है।

**श्री नरेन्द्र मोदी- प्रधानमंत्री तथा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय; परमाणु ऊर्जा विभाग; अंतरिक्ष विभाग; सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे; और अन्य सभी विभाग के मंत्री जो किसी मंत्री को आवंटित नहीं**

### कैबिनेट मंत्री

1. श्री राजनाथ सिंह- रक्षा मंत्री
2. श्री अमित शाह-गृह मंत्री; और सहकारिता मंत्री
3. श्री नितिन जयराम गडकरी- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
4. श्री जगत प्रकाश नड्डा- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री; तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री
5. श्री शिवराज सिंह चौहान- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री; तथा ग्रामीण विकास मंत्री
6. श्रीमती निर्मला सीतारमण- वित्त मंत्री; और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री
7. डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर- विदेश मंत्री
8. श्री मनोहर लाल- आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री; तथा विद्युत मंत्री
9. श्री एच.डी. कुमारस्वामी भारी उद्योग मंत्री; तथा इस्पात मंत्री
10. श्री पीयूष गोयल-वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री।
11. श्री धर्मेन्द्र प्रधान- शिक्षा मंत्री
12. श्री जीतन राम मांझी- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री।
13. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह- पंचायती राज मंत्री; तथा मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
14. श्री सर्बानंद सोनोवाल- पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
15. डॉ. वीरेंद्र कुमार- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री
16. श्री किंजरापु राममोहन नायडू- नागरिक उड्डयन मंत्री
17. श्री प्रहलाद जोशी- उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री; और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
18. श्री जुएल ओराम-जनजातीय मामलों के मंत्री
19. श्री गिरिराज सिंह- कपड़ा मंत्री
20. श्री अश्विनी वैष्णव- रेल मंत्री; सूचना एवं प्रसारण मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
21. श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया संचार मंत्री; और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
22. श्री भूपेन्द्र यादव- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री
23. श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत- संस्कृति मंत्री; और पर्यटन मंत्री
24. श्रीमती अन्नपूर्णा देवी- महिला एवं बाल विकास मंत्री
25. श्री किरेन रिजिजू-संसदीय कार्य मंत्री; और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री
26. श्री हरदीप सिंह पुरी- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री
27. डॉ. मनसुख मंडाविया-श्रम एवं रोजगार मंत्री; तथा युवा मामले और खेल मंत्री
28. श्री जी. किशन रेड्डी- कोयला मंत्री; तथा खान मंत्री
29. श्री चिराग पासवान- खाद्य प्रसंस्करण मंत्री
30. श्री सी.आर. पाटिल- जल

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार

1. राव इंद्रजीत सिंह- सांख्यिकी एवं योजना क्रियान्वयन, संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री
2. जितेंद्र सिंह- विज्ञान एवं तकनीक और भूविज्ञान मंत्रालय
3. अर्जुन राम मेघवाल-कानून एवं न्याय मंत्री एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री
4. प्रतापराव जाधव- आयुष मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
5. जयंत चौधरी- स्किल डिवेलपमेंट मंत्रालय, शिक्षा राज्य मंत्री

### राज्य मंत्री

1. जितिन प्रसाद- इस्पात एवं वाणिज्य राज्य मंत्री, आईटी राज्य मंत्री
2. श्रीपद नाइक- ऊर्जा राज्य मंत्री एवं अक्षय ऊर्जा राज्य मंत्री
3. पंकज चौधरी- वित्त राज्य मंत्री
4. कृष्णपाल गुर्जर- सहकारिता राज्य मंत्री
5. रामदास आठवले- सामाजिक एवं अधिकारिता राज्य मंत्री
6. रामनाथ ठाकुर- कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
7. नित्यानंद राय- गृह राज्य मंत्री
8. अनुप्रिया पटेल- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, केमिकल एवं उर्वरक मंत्रालय
9. वी. सोमन्ना-जलशक्ति एवं रेल राज्य मंत्री
10. चंद्रशेखर पेम्मासानी- ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, संचार राज्य मंत्री
11. एसपी सिंह बघेल- पंचायती राज एवं मत्स्य एवं पशुपालन राज्य मंत्री
12. शोभा करंदलाजे- लघु उद्योग एवं श्रम राज्य मंत्री
13. कीर्तिवर्धन सिंह- विदेश राज्य मंत्री, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री
14. बीएल वर्मा- उपभोक्ता राज्य मंत्री
15. शांतनु ठाकुर- जहाजरानी एवं जलमार्ग राज मंत्री
16. कमलेश पासवान- ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
17. बंडी संजय कुमार- गृह राज्य मंत्री
18. अजय टम्टा- सड़क परिवहन राज्य मंत्री
19. डॉ. एल मुरुगन- सूचना प्रसारण राज्य मंत्री एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री
20. सुरेश गोपी- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री
21. रवनीत सिंह बिट्टू- खाद्य प्रसंस्करण एवं रेल राज्य मंत्री
22. संजय सेठ- रक्षा राज्य मंत्री
23. रक्षा खडसे- युवा एवं खेल राज्य मंत्री
24. भगीरथ चौधरी- कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
25. सतीश चंद्र दुबे- कोयला और खनन राज्य मंत्री
26. दुर्गादास उइके- जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
27. सुकांत मजूमदार- शिक्षा एवं पूर्वोत्तर विकास राज्य मंत्री
28. सावित्री ठाकुर- महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
29. तोखन साहू- शहरी विकास राज्य मंत्री
30. राजभूषण चौधरी- जलशक्ति राज्य मंत्री
31. भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा- भारी उद्योग एवं इस्पात राज्य मंत्री
32. हर्ष मल्होत्रा- सड़क परिवहन राज्य मंत्री
33. निमूबेन बम्भानियाम- उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री
34. मुरलीधर मोहोल- सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री
35. जॉर्ज कुरियन- अल्पसंख्यक कल्याण एवं पशुपालन राज्य मंत्री
36. पवित्र मार्गेरिटा- विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री

# बिहार के औरंगाबाद समेत 16 जिलों में लू का अलर्ट, 21 शहरों का पारा 40 के पार

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अगले कुछ दिनों तक भारी गर्मी की समस्या का सामना करना पड़ेगा, जिससे लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने बिहार के कई क्षेत्रों में तेज लू की संभावना को देखते हुए ऑरेंज और पीले अलर्ट जारी किए हैं। ऑरेंज अलर्ट 16 जिलों के लिए जारी किया गया है, जो अधिकतम ध्यान और सतर्कता की आवश्यकता को दर्शाता है, साथ ही लू की वजह से लोगों को सुरक्षित रहने की सलाह दी जाती है। इन जिलों में बांका, लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, जहानाबाद, गया,



पटना, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, बक्सर, और भोजपुर शामिल हैं। इनके अलावा बाकी के जिलों के लिए पीले अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून बंगाल के इस्लामपुर में अटका हुआ है। यह मानसून के आगमन को बिहार में विलम्बित कर सकता है। इस अस्वाभाविक मौसम की स्थिति के कारण, लोगों को अधिक सतर्क और सतही रहने की आवश्यकता है।

मालूम हो कि अपने शरीर को पर्याप्त पानी से हाइड्रेट करना महत्वपूर्ण है। पानी के साथ-साथ नमक, शर्बत और फलों का सेवन करना भी फायदेमंद हो सकता है।

# परामर्श और नागरिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | पटना

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा पटना में वायु प्रदुषण और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन की अति स्थानीय मानचित्र के लिए हितधारकों का परामर्श और नागरिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पर्षद् मुख्यालय के सभागार में किया गया। इसमें कुल 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें पटना जिला प्रशासन के अधिकारी, भवन निर्माण विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग; सीएसआईआर नीरी; डब्लूआरआई; वीमेंस कॉलेज, पटना, एएन कॉलेज; सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार, गया के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में एस. चन्द्रशेखर, भा.व.से., सदस्य-सचिव, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण



पर्षद्, पटना ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि पटना शहर में वायु प्रदूषण मानव जनित के साथ-साथ प्राकृतिक कारणों से भी है, का सटीक अध्ययन कराना समय की मांग है। ऐसे अध्ययन से प्राप्त आकड़ों के आधार पर इसके शमन हेतु कारगर कार्ययोजना बनाकर इसे क्रियान्वित कराना ही हमारा लक्ष्य है। एक अध्ययन के अनुसार राज्य में 49 प्रतिशत प्रदूषक तत्व खाना बनाने वाले ईंधन से, सड़क, भवन निर्माण, वाहन परिचालन, ठोस अपशिष्ट के जलाने, उद्योग, पशु धन आदि से जनित होता है जबकि 51 प्रतिशत प्रदूषक राज्य के बाहर से आते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. डीके शुक्ला, अध्यक्ष, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने कहा कि प्रदूषण के संबंध में आज जनता के बीच में जागरूकता बढ़ी है। विगत जाड़े के मौसम में भारत के 10 सार्वधिक प्रदूषित शहरों में बिहार के 7 शहर शामिल थे। राज्य पर्षद् द्वारा कराये गये विगत 10 सालों (2013-2023) के आकड़ों से पता चलता है कि पटना शहर में पार्टिकुलेट मैटर 2.5 की औसत मात्रा अब आधी रह गई है। किसी एक केन्द्र का आँकड़ा यदि 300-400 पहुंच जाए तो इससे हवा जहरीली नहीं हो जाती क्योंकि राज्य में सल्फर डाईऑक्साइड एवं नाइट्रोजन के ऑक्साइड का मान निर्धारित मानक के अधीन ही पाया जाता है। वायु प्रदूषण के मुख्य कारक (धूलकण) ही हैं।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंडिया के विश्लेषक - (लचीलापन, जलवायु परिवत्तन और पर्यावरण के लिए कार्रवाई) शुभम टंडन ने पटना में अति स्थानीय पहल से परिचय कराते हुए बताया कि पटना में वायु प्रदूषण के अति-स्थानीय स्त्रोतों के अध्ययन के लिए नागरिक वैज्ञानिक (स्वयं सेवक) को एक सेंसर दिया जायगा जिससे प्राप्त आकडों का अध्ययन कराया जायगा।

# एसकेएमसीएच में नॉर्थ बिहार का सबसे बड़ा इमरजेंसी केयर, 200 बेड वार्ड जल्द




**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में 200 बेड का इमरजेंसी वार्ड खोला जायेगा। इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। अधीक्षक डॉ. कुमारी विभा ने बताया कि रोगी कल्याण समिति की बैठक में पास करवा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इमरजेंसी में अभी 45 बेड ही हैं, जिस कारण अस्पताल में जितने मरीज आते हैं, उस हिसाब से उनको बेड नहीं मिल पाता। एसकेएमसीएच में अभी हाल में ही 20 बेड का नया इमरजेंसी वार्ड बनाया गया है। बावजूद बेड की किल्लत बनी रहती है। 200 बेड लग जाने के बाद यह उत्तर बिहार का सबसे बड़ा इमरजेंसी केयर यूनिट होगा।

अधीक्षक ने बताया कि एसकेएमसीएच की इमरजेंसी दूसरी जगह भी शिफ्ट की जा सकती है। इसके लिए अगले महीने जगह चिन्हित की जायेगी। अभी जहां इमरजेंसी है, वहां 200 बेड का वार्ड नहीं तैयार किया जा सकता। एसकेएमसीएच इमरजेंसी के लिए पीकू के आसपास की जगह देखी जा सकती है। जुलाई में रोगी कल्याण समिति की आयोजित बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जायेगा। यहां से पास हो जाने के बाद प्रस्ताव को सरकार के पास भेजा जायेगा।

## उत्तर और पूर्व बिहार में सबसे बड़ी इमरजेंसी

एसकेएसमीएच में 200 बेड की इमरजेंसी खुल जाने के बाद यह उत्तर व पूर्व बिहार में सबसे बड़ी इमरजेंसी होगी। बेतिया मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में 12 बेड हैं। दरभंगा मेडिकल की इमरजेंसी में 21 और भागलपुर मेडिकल कॉलेज की इमजरेंसी में 25 बेड हैं। डॉक्टरों का कहना है कि यह अस्पताल के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

## बेड की कमी, जमीन पर होता है इलाज

एसकेएमसीएच की इमरजेंसी में हर दिन लगभग 500 मरीज आते हैं। बेड नहीं मिलने पर मरीजों को जमीन पर लिटाकर इलाज किया जाता है। कई बार गंभीर मरीजों को भी बेड नहीं मिल पाता है। एसकेएमसीएच में मुजफ्फरपुर के अलावा उत्तर बिहार के शिवहर, सीतामढ़ी, बेतिया, मोतिहारी और वैशाली जिले से भी मरीज आते हैं। पीएचसी से मारपीट के मरीज को भी यहां रेफर कर दिया जाता है।

## एसकेएमसीएच में मरीजों के लिए लगेगी लिफ्ट

एसकेएमसीएच में मरीजों के लिए लिफ्ट भी लगाई जायेगी। रोगी कल्याण समिति के समक्ष इस प्रस्ताव को भी रखा जायेगा। मरीजों को अभी ऊपरी मंजिलों पर जाने के लिए रैंप या सीढ़ी का सहारा लेना पड़ता है। लिफ्ट लग जाने से दिव्यांग मरीजों को लाभ होगा। इसके अलावा अस्पताल में दिव्यांग मरीजों के लिए व्हील चेयर भी लगाये जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनन के आरोप में ट्रैक्टर और जेसीबी जब्त, चालक फरार

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** खरीक पुलिस और खनन विभाग के पदाधिकारियों ने रविवार को दादपुर में छापामारी की। जहां कोसी नदी के समीप अवैध रूप से मिट्टी काट रहे एक जेसीबी और ट्रैक्टर को छापामारी टीम ने जब्त कर लिया। जबकि, छापामारी टीम को देखते ही जब्त जेसीबी और ट्रैक्टर का चालक सहित अन्य कई चालक भी अपनी-अपनी ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहे। छापामारी टीम में शामिल पदाधिकारी ने बताया कि जब्त जेसीबी और ट्रैक्टर दादपुर निवासी गुलशन यादव का है। रविवार को सूचना मिली कि गुलशन यादव खुलेआम मिट्टी कटवा रहा है। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि मामले को जब्त जेसीबी और ट्रैक्टर के मालिक और चालक के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि थाना क्षेत्र के उस्मानपुर कलबलिया धार, नागरटोला कलबलिया धार, चोरहर, ढोड़िया, दादपुर समेत अन्य कई जगहों पर कोसी धार और कलबलिया धार में खुलेआम मिट्टी माफिया अवैध खनन कर रहा है। ट्रैक्टर चालक सभी नियमों को ताक पर रख काफी तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। जिसके कारण हमेशा सड़क हादसे का संभावना बना रहा था। बाबजूद इसके मिट्टी माफिया के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पीएम के तीसरी बार शपथ ग्रहण को लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी

**अकबरनगर , एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरी बार लगातार शपथ लेने पर अकबरनगर कुशवाहा टोला में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा सतीश कुमार उर्फ कन्हैया झा के नेतृत्व में एनडीए कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर एवं पटाखा फोड़ कर जश्न मनाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता प्रो. भगवान यादव, विपिन सिंह, भाजपा नेता राजकुमार यादव, श्यामानंद मंडल, कपिल देव पासवान, विष्णु देव यादव, पप्पू कुमार मंडल अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष लखनलाल पासवान आदि मौजूद थे।

### खिजरसराय में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार शिक्षक को रौंदा मौत

**नीमचक बथानी, एजेंसी।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के महमदपुर मंडई रोड में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार शिक्षक सुगौली कुमार को रौंद डाला जिससे उसकी मौत हो गई। सड़क दुर्घटना के बाद शिक्षक को स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे गया रेफर कर दिया। गया ले जाने पर डॉक्टरों ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। घटना रविवार रात आठ बजे की है। मृतक शिक्षक प्रखंड के मध्य विद्यालय नौडीहा में कार्यरत थे। शिक्षक सुगौली कुमार थाना क्षेत्र के मंडई गांव के रहने वाले थे उसके तीन पुत्री और एक पुत्र हैं। सुगौली कुमार के मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वही गांव में मातमी में सन्नाटा छाया हुआ है।

### जैन मुनियों के मंगल प्रवेश पर स्वागत

**गया, एजेंसी।** राष्ट्र संत आचार्य मुनि श्री 108 विहर्ष सागर जी महा मुनिराज, धर्मवीर मुनि श्री विजयेश सागर जी और मुनि श्री विश्वहर्ष सागर जी महाराज ससंध रविवार को गया शहर में मंगल प्रवेश हुआ। सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से जैन मुनियों का स्वागत किया गया। तीनों आचार्य गुरुवर रमना रोड स्थित दिगंम्बर जैन भवन में अल्पकाल के प्रवास पर विराजमान हैं। जैन समाज के सह मंत्री अर्पित पाटनी ने बताया कि आचार्य गुरुवर का मंगल विहार शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर जी के लिए चल रहा है। यहां से जैन मुनि झारखंड के जैन तीर्थ सम्मेद शिखर के लिए रवाना होंगे।

### भगवानपुर गोलंबर पर ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, एक घंटे आपूर्ति प्रभावित

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर थाना से महज दो सौ मीटर पर स्थित भगवानपुर गोलंबर पर लगे 32 केवीए ट्रांसफॉर्मर में रविवार की दोपहर अचानक तेज ब्लास्ट हुआ और आग लग गयी। आग की लपट देखते ही ट्रांसफॉर्मर के आसपास खड़े लोग भागने लगे। फुटपाथी दुकानदार भी ठेला और दुकान समेट कर भागे। आग के साथ तेज आवाज भी निकल रही थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। बिजली काटकर ट्रांसफॉर्मर में लगी आग को स्थानीय लोगों ने जैसे तैसे बुझाया। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हो सका। इसके बाद मौके पर लाइनमैन पहुंचा।

# ऊर्जा विभाग बना रही लिफ्ट नीति:अब अपनी मर्जी से नहीं लगवा सकेंगे लिफ्ट या एस्केलेटर

## सरकार से अनुमति लेनी होगी





**पटना, एजेंसी।** अब पटना समेत राज्यभर के सार्वजनिक स्थलों, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग, होटल, अपार्टमेंट, बड़े शॉपिंग मॉल, अस्पताल के साथ निजी घरों में लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के लिए सरकार से अनुमति लेनी होगी। यह अनुमति ऊर्जा विभाग से मिलेगी। इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर लिफ्ट और एस्केलेटर की क्वालिटी, क्षमता, बिजली कनेक्शन आदि की जांच कर करेंगे। मानक के अनुरूप सब कुछ सही होने पर अनुमति देंगे।

सरकार ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर नई लिफ्ट नीति बनाने का फैसला किया है। इसका प्रारूप ऊर्जा विभाग द्वारा तैयार किया गया है। विधि विभाग से इसे हरी झंडी मिल चुकी है। अब इसे कैबिनेट में रखा जाएगा। कैबिनेट से पास होने के बाद विधानमंडल के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। विधानमंडल से पास होने के बाद यह कानून का रूप लेगा। इसके बाद नियमावली बनाकर पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

## बिहार में कानून बनाने का कारण

बिहार अब विकसित राज्यों की श्रेणी में आगे बढ़ रहा है। महानगरों की तरह बिहार के विभिन्न इलाकों में मल्टीस्टोरी बिल्डिंग और बड़े शॉपिंग मॉल बन रहे हैं।

## लिफ्ट होती तो पाल होटल में नहीं होतीं मौतें

हाल में पटना जंक्शन के पास पाल होटल में आग लगी थी। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। होटल लिफ्ट की व्यवस्था नहीं थी। यानी, आपदा के दौरान लोगों को निकालने के वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने सबसे अधिक परेशानी हुई। नई नीति आने के बाद अब सार्वजनिक बिल्डिंगों में सीढ़ी के साथ लिफ्ट लगाना अनिवार्य होगा।

## कंपनी को भी लेना होगा लाइसेंस

अभी बिहार में लिफ्ट नीति नहीं है। इस फिल्ड में पूरी जानकारी नहीं रखने वाले लोगों ने भी कंपनी बना ली है और लिफ्ट लगा रहे हैं, जो लोगों के शेफ्टी के लिए सही नहीं है। नीति बनने के बाद लिफ्ट लगाने वाली कंपनियों को लाइसेंस लेना होगा। इसमें इंजीनियर की भूमिका अहम हो जाएगी। मानकों के हिसाब लिफ्ट और एस्केलेटर लगेगा।

## 10 राज्यों में लिफ्ट नीति लागू

केंद्र सरकार ने भेजा पत्र - केंद्र सरकार ने विकास की श्रेणी में आगे बढ़ने वाले राज्यों को लिफ्ट और एस्केलेटर नीति बनाने और लागू करने के लिए पत्र लिखा है। ताकि, सार्वजनिक स्थलों में आने-जाने वाले लोगों को सुरक्षा मिले।

देश के 10 राज्यों में अभी लिफ्ट नीति लागू है। इनमें दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल शामिल हैं। वर्तमान कानून के अनुसार चार या उससे ज्यादा मंजिल वाले भवनों में लिफ्ट लगाना अनिवार्य है।

15 मीटर से ऊंची बिल्डिंग में आठ यात्रियों वाली फायर लिफ्ट स्वचालित दरवाजे वाली होनी चाहिए। इसके ऊपर पहुंचने और नीचे आने का समय तक मानक के अनुरूप होनी चाहिए। इसका एनओसी विद्युत निरीक्षक, सहायक विद्युत निरीक्षकों जांच के बाद जारी करते हैं। मानक का उल्लंघन करने पर जुर्माना का भी प्रावधान है।

क्या हैं मानक - इसका फीचर बहुत ही अच्छी क्वालिटी की होनी चाहिए। इसमें ओवर स्पीड गवर्नर और लिमिट स्विच शामिल है। ओवर स्पीड गवर्नर चलने-उतरने की स्पीड निर्धारित करता है। लिमिट स्वीच लिफ्ट के तय स्थान से ऊपर या नीचे जाने पर रोकता है।

मेटेंनेंस जरूरी - लिफ्ट और एस्केलेटर का मेंटेनेंस प्रत्येक महीने जरूरी है। इस दौरान मशीनरी जांच होती है। तीन महीने पर पूरी सर्विस की जाती है। इस दौरान लिफ्ट चलने वाले तार, बिजली के वायर, ग्रिसिंग, वायल आदि की पूरी जांच कर बदला जाता है।

घटना क्यों - लिफ्ट का तार टूटने या फंसने की घटना वैसी जगहों पर होती है जहां मेंटेनेंस मानक के अनुरूप नहीं होता है या फीचर मानक के अनुरूप नहीं लगे हैं।

ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस का कहना है कि राज्य में लिफ्ट नीति बन रही है। सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की शेफ्टी को ध्यान में रखकर नया कानून बन रहा है। इसके लागू होने के बाद लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसकी मॉनिटरिंग होगी।

# बिहार के 16 जिलों में लू का अलर्ट

## मानसून की अब लेट होगी एंट्री



**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले दो से तीन दिनों तक भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 16 जिलों में भीषण लू चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें बांका, लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, जहानाबाद, गया, पटना, अरवल, औरंगाबाद रोहतास, कैमूर, बक्सर, और भोजपुर शामिल हैं। इसके अलावा अन्य बचे सभी जिलों में लू चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून 9 दिनों से बंगाल के इस्लामपुर में अटका हुआ है। लिहाजा, बिहार में मानसून की एंट्री देर से हो सकती है।

**उमस ने बढ़ाई लोगों की परेशानी :** मौसम विभाग के अनुसार बिहार के मैदानी भाग के तापमान में इन दोनों इजाफा देखने को मिला है। वहीं, राजस्थान से आने वाली पछुआ हवाओं ने मध्य एवं दक्षिण बिहार का पारा बढ़ा दिया है। पूर्वी भाग में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के कारण आर्द्रता बढ़ रही है। इससे उसम के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। प्रदेश के 10 जिलों में सामान्य से 6 डिग्री पारा रविवार को अधिक रहा। रविवार को भी पटना समेत प्रदेश के 12 जिले ऐसे रहे जो की भीषण लू की चपेट में रहे। जिसमें पटना, गया शेखपुरा, जमुई, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, बांका, नवादा, राजगीर, अरवल और मुंगेर शामिल हैं।

**आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम :** 11 जून को राज्य के जमुई, बांका समेत दक्षिण-पश्चिम एवं दक्षिण मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर लू के साथ तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना और राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग एवं पटना, गया, नालंदा जिलों के एक या दो स्थानों पर हॉट नाइट की संभावना है। 12 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर लू (उष्ण लहर) की संभावना और राज्य के उत्तर-पश्चिम, मध्य एवं दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है।

## बंगाल में अटका मानसून

दक्षिण-पश्चिम मानसून पिछले 9 दिनों से बंगाल के इस्लामपुर में अटका हुआ है। यहां मानसून रुकने के कारण बिहार में भीषण गर्मी देखने को मिल रहा है। विभाग की ओर से यह भी कहा जा रहा है कि बिहार में इसके समय पर आने के असर अब काम ही नजर आ रहे हैं। बिहार में 13 से 15 जून मानसून प्रवेश करने की संभावित तिथि है। पूर्वी भारत से ही बिहार में मानसून प्रवेश करता है।



# मुजफ्फरपुर सांसद राजभूषण निषाद बने केंद्रीय मंत्री, समर्थकों ने रंग गुलाल उड़ा मनाया जश्न

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी ने राज भूषण चौधरी निषाद जीत के बाद उन्होंने केन्द्रीय मंत्री बनाया गया है।जिसको को लेकर बोचहा गांव में सहनी समाज लोगो ने रंग गुलाल और मिठाई खिला कर खुशियां मना रहे है।इस दौरान लोगो ने एक सुर में पीएम जिंदावाद के नारे लगाए है।सहनी मौहला ऐसे लग रहा है जैसे एक साथ होली दिवाली माना रहे हो। राज भूषण चौधरी निषाद को केंद्र में मंत्री बनने के खुशी का लहर दौड़ रहा है।सभी ने एक साथ पीएम नरेंद्र मोदी को थैंक्यू कहा है। सहनी समाज के व्यक्ति सरोज सहनी ने बताया की काफी लम्बे समय के बाद सहनी समाज को सम्मन मिला है।बहुत पहले कैप्टन जय नारायण निषाद को केंद्र मंत्री बने थे।जिसके बाद अब एनडीए गठबंधन में मुजफ्फरपुर से सांसद बने निषाद समाज के बेटा की केंद्र में मंत्री बना रहा हैद्ध।इससे बड़ी कोई खुशी नहीं हो सकती है।हेमशा से निषाद समाज मोदी के साथ कुछ लोग इधर उधर अब उन्हें भी समझ आ गई।जिनका असर आने वाले विधानसभा चुनाव दिखेगा ।आज के बाद राज भूषण चौधरी निषाद के नेतृत्व वाली सहनी समाज भरोसा करेगी। एसपी सहनी ने बताया कहा अभी तो दो चार दिन यही माहौल रहेगा, जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने सहनी समाज को उठाया है।दूसरे बार सहनी समाज से केंद्र मंत्री बने ।हमलोग के लिए गौरव की बात है।इस काम की लेकर प्रधानमंत्री मोदी को दिल से धन्यवाद करते है।

## ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से कच्ची सड़क का कराया निर्माण

**देवरियाकोठी, एजेंसी।** देवरिया क्षेत्र के चांदकेवारी गांव के अल्पसंख्यक टोला में स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से कच्ची सड़क का निर्माण कराया है, जिसका उद्घाटन मुखिया रीना कुमारी और सरपंच समसा खातून ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया ने कहा कि इस सड़क का पक्कीकरण पंचायत की योजना से कराया जाएगा। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सिपाही प्रसाद कुशवाहा, ताहार हुसैन, नसीम मंसूरी, फूलदेव पटेल, केदार कुशवाहा, पंसस अफसाना खातून, विनोद कुशवाहा, मो. ताजूद्दीन, मो. मंजूर मौजूद थे।

# 5 साल की बच्ची से रेप, आरोपी गिरफ्तार, अकेला पाकर घटना को दिया अंजाम



## पीड़िता के पिता बोले-काम को लेकर घर से बाहर गए थे

**अररिया, एजेंसी।** अररिया के भरगामा थाना क्षेत्र के एक गांव में 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना, घटित होने का मामला प्रकाश में आया है। बच्ची बेहोशी की हालत में पाई गई। घटना के बाद से पीड़ित बच्ची के परिजन सदमे में हैं। पीड़ित बच्ची के पिता ने बताया कि आरोपी पूर्णिया जिले के बनमनखी थाना क्षेत्र के मोहनियां गांव निवासी नीरज कुमार पिता चंद्रकांत यादव ने 7 जून शुक्रवार को दिन के करीब 11 बजे उनकी 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ उस समय दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उस समय दोनों पति-पत्नी किसी काम को लेकर घर से बाहर गए हुए थे।

जब दोनों घर लौटे तो आरोपी दोनों को देख घर से भाग गया और उनकी बच्ची खून से लथपथ स्थिति में घर में पड़ी थी। जिसके बाद दोनों उसे इलाज के लिए ग्रामीण चिकित्सक के पास ले गए। बच्ची के होश आने के बाद बच्ची को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल पूर्णिया ले गया। फिलहाल अभी बच्ची का इलाज पूर्णिया के सदर अस्पताल में हीं चल रहा है।

## घर पर नहीं रहने के दौरान वारदात को दिया अंजाम

पीड़िता के पिता ने बताया कि शुक्रवार की सुबह दोनों पति-पत्नी घर से बाहर किसी काम से गया हुए थे। वहीं जब वे दोनों घर वापस लौट रहे थे तो उन्होंने देखा कि भटगामा गांव निवासी जनार्दन यादव का 25 वर्षीय दामाद उसके घर से निकलकर भाग रहा था। इसके बाद जब दोनों अपने घर पहुंचे तो उनकी बेटी खून से लथपथ, बेहोशी की अवस्था में पड़ी है। जिसके बाद वो उसे इलाज के लिए लेकर पहुंचे और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया। घटना की जानकारी के बाद फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार शाह के नेतृत्व में एक टीम का गठित किया गया। जिसके बाद गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर अस्पताल पूर्णिया पहुंचकर बच्ची का हालात को देखते हुए आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी नीरज कुमार पिता चंद्रकांत यादव को पूर्णिया जिले के बनमनखी थाना क्षेत्र के मोहनियां गांव से गिरफ्तार कर लिया।

## आरोपी गिरफ्तार

भरगामा थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर महिला थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं इस संबंध में महिला थाना प्रभारी अंचला कुमारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ महिला थाना में कांड संख्या 31/24 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर आगे कार्रवाई की जा रही है। फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार शाह ने बताया कि बच्ची से गलत हरकत करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर रविवार को देर शाम जेल भेज दिया गया है। पुलिस साक्ष्य जुटाकर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट लगाएगी, उसे अधिकतम सजा दिलाने का प्रयास होगा।

# डीएम के आदेश का दिखा असर, व्यवस्था रही चुस्त-दुरुस्त, किराए पर लगाये गए दर्जनों स्टैंड वाला पंखा



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया गया।इस दौरान जिलाधिकारी नवादा के आदेश का व्यापक असर दिखाई दिया। अस्पताल में सभी व्यवस्थायें चुस्त-दुरुस्त दिखाई दी।इस बार भी गर्भवती महिलाओं की संख्या में बढ़ोतरी भी देखने को मिली। अनुमंडलीय अस्पताल में 300 से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच की गई।चिकित्सकों की जांच टीम ने अस्पताल में चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर के दौरान जांच दूर-दराज के गांवों से आई गर्भवती महिलाओं का जांच कर रहन-सहन की जानकारी देते हुए, उनके खान पान पर विशेष ध्यान रखने का दिशा निर्देश दिया। वहीं पहवाचक गांव से आई गर्भवती महिलाएं पूनम कुमारी एवं नीतू देवी ने बताई कि गर्मी बहुत है, किन्तु अस्पताल प्रबंधन द्वारा दर्जनों स्टैंड वाले पंखे की व्यवस्था की गई है। वहीं मुरहेना गांव से आई किरण कुमारी ने बताई कि उनका पहला बच्चा गर्भ में है और वे बीते दो माह से अस्पताल आकर अपनी जांच करवा रहे हैं। प्रखण्ड क्षेत्र में आशा द्वारा महिलाओं में जागरूकता के कारण अधिक से अधिक महिलाएं अस्पताल परिसर पहुंच अपना इलाज करवा रही है। वहीं अस्पताल प्रबंधक विकास कुमार के द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को बन्द पैकेट में रसगुल्ला, लिट्टी, मूंगदाल, गुड डे बिस्कुट, अंगूर व केला आदि नाश्ता के रूप में दिया गया। प्रभारी उपाधिक्षक ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान प्रत्येक माह के 9 तारीख को चलाया जाता है। किन्तु इस माह 9 तारीख को रविवार रहने के कारण सोमवार को अभियान चलाया गया।उन्होंने यह भी कहा कि अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व रहन सहन के बारे में बताया जाता है। महिलाओं को आयरन की गोलियां देकर उचित खान पान के बारे में बताया जाता है।अस्पताल में चलाए जा रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान 300 से अधिक महिलाएं अस्पताल पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ उठाई। साथ ही ब्लड के विभिन्न प्रकार की जांच किया गया एवं सभी महिलाओं के स्वास्थ्य जांच कर उचित दवाईयां दी गई। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के जांच टीम में डॉ. श्यामनन्दन प्रसाद, डॉ. परितोष कुमार व डॉ. मुकेश कुमार, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, परिवार नियोजन परामर्शदाता राकेश कुमार, जीएनएम अनिल पासवान, कैलाश मीणा, पुनिता कुमारी, नवीता कुमारी, अर्चना कुमारी, ज्योति कुमारी, नूतन कुमारी के अलावे दर्जनों जीएनएम व एएनएम छात्राएं मौजूद थी।

## गर्भावस्था में पौष्टिक आहार व आयरन की गोली लीजिए : प्रभारी डा. नवीन



निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नारदीगंज में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच हुआ। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने की। आयोजित शिविर में विभिन्न गांवों के 376 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। इस कैंप में गर्भवती महिलाओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की गोली लेने की सलाह दी गई।इस शिविर में गर्भवती महिलाओं को एक महीने की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच में आये गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों ने कहा निर्धारित समय पर जांच कराने संस्थागत प्रसव गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरे के गंभीर लक्षणों परिवार नियोजन, वाहन सुविधा, जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार,आशुतोष कुमार ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं का रक्त जांच व पेशाब जांच का सैंपल लिया गया। कार्यक्रम में डा. पंकज कुमार, डॉ. मुकुंद कुमार, डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार, एएनएम शोभा देश पांडेय, स्वर्णलता कुमारी, लेखापाल जयप्रकाश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## एफसीआई गोदाम में खराब चावल आने की सूचना पर पहुंचे एमओ



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित एफसीआई गोदाम में खराब चावल आने की सूचना पर एमओ राजेश कुमार गुप्ता पहुंचे। साथ ही गुणवत्ताविहीन चावल लदे चार ट्रकों को बैरंग वापस लौटा दिया गया। बीते रविवार की शाम को जिला मुख्यालय स्थित एफसीआई गोदाम से चार ट्रकों पर लदा चावल प्रखण्ड स्थित गोदाम पहुंचा। जहां से डोर-टू-डोर डीलरों के यहां चावल पहुंचाया जाना था। किंतु गोदाम में अनाज उठाव करने आये डीलरों ने ट्रकों पर लदे चावल खाने योग्य नहीं पाया। जिसकी सूचना एमओ राजेश कुमार गुप्ता को दी गई।सूचना के आलोक में एमओ गोदाम पहुंच ट्रकों में रहे चावलों की जांच किया एवं इसकी सूचना जिला प्रबंधक पदाधिकारी लल्लू कुमार सिंह को दी। सूचना पाकर जिला प्रबंधक रजौली स्थित गोदाम पहुंचे एवं चावल के खराब होने की पुष्टि हुई। जिसके बाद उक्त चावल को वापस नवादा स्थित गोदाम भेज दिया गया।एमओ ने कहा कि राशनकार्ड धारियों को सरकार की ओर से मिलने वाला अनाज गुणवत्तापूर्ण हो। इसके लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं।कभी-कभार गलती से खराब अनाज गोदाम में पहुंच जाते हैं, जिसको पुनः वापस भेजकर गुणवत्तापूर्ण अनाज मंगवाया जाता है। वहीं डीलरों ने कहा कि खराब अनाज दिए जाने पर उन्हें लाभार्थियों के प्रबल विरोध का सामना करना पड़ता है। साथ ही कहा कि गुणवत्तापूर्ण अनाज नहीं रहने पर लाभार्थियों द्वारा कई बार नोंक-झोंक की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस बाबत पर एफसीआई जिला प्रबंधक पदाधिकारी लल्लू कुमार सिंह ने कहा कि गोदाम में रखे बोरों के चावल हल्के लाल हो गए थे। जो खाने योग्य नहीं थे। जिसकी जांच के बाद उसे वापस ले लिया गया है एवं मिलर से चावल बदलकर दूसरा चावल दिया जा रहा है।

## गर्भावस्था में पौष्टिक आहार व आयरन की गोली



निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नारदीगंज में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच हुआ। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सापदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने की।आयोजित शिविर में विभिन्न गांवों के 376 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। इस कैंप में गर्भवती महिलाओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की गोली लेने की सलाह दी गई।इस शिविर में गर्भवती महिलाओं को एक महीने की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।स्वास्थ्य जांच में आये गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों ने कहा निर्धारित समय पर जांच कराने संस्थागत प्रसव गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरे के गंभीर लक्षणों परिवार नियोजन, वाहन सुविधा, जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं का रक्त जांच व पेशाब जांच का सैंपल लिया गया। कार्यक्रम में डा0 पंकज कुमार, ड़ा0 मुकुंद कुमार, डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार, एएनएम शोभा देश पांडेय, स्वर्णलता कुमारी, लेखापाल जयप्रकाश कुमार समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## रानीबाजार के ग्रामीणों ने किया पावर ग्रीड का घेराव

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)।** प्रखण्ड में इन दिनों लचर विद्युत व्यवस्था एवं लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता अब सड़क पर आंदोलन करने को विवश हो गए हैं। सोमवार को रानीबाजार गांव के ग्रामीणों ने एक बार फिर पावर ग्रीड पहुंचकर जमकर बवाल काटा। हालांकि पूर्व में दिए गए आश्वासन के बावजूद कोई भी अधिकारी वहां मौजूद नहीं थे। जिससे ग्रामीण और आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के जेई हमेशा ड्यूटी से फरार रहते हैं। जिसके कारण जानबूझकर मनमाने ढंग से विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

# स्कूल खुलते हीं प्रचंड गर्मी में बच्चों को बीमार होने का खतरा बढ़ा, परिजनों में चिंता



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र में भीषण गर्मी के साथ हीट वेव में दिनों-दिन बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस दौरान विद्यालयों के खुलने से प्रचंड गर्मी में बच्चों के बीमार होने का खतरा बढ़ गया है। वहीं परिजन भी बच्चों को स्कूल भेजने से कतराते दिख रहे हैं। परिजनों ने कहा कि अधिकांश सरकारी विद्यालयों में बिजली एवं पानी की अनियमितता है। वहीं स्कूलों में बिजली रहने के बावजूद लो वोल्टेज की समस्या भी देखने को मिलती है। साथ ही कक्षाओं में एक या दो पंखे लगे होते हैं और बच्चों की संख्या अधिक रहने से पंखे भी निरर्थक साबित हो रहे हैं।वहीं सुबह से ही गर्मी इतनी ज्यादा होती है कि बाहर का तापमान 40 से लेकर 44 तक होता है। ऐसी स्थिति में बच्चे कक्षा में पढ़ते कम और हाथों में कॉपी एवं किताब लेकर खुद को गर्मी से राहत दिलाने में लगे रहते हैं। वहीं बच्चों के साथ-साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का भी हाल-बेहाल रहता है।वे सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशों का पालन करने में जुटे हैं। वहीं बच्चों के तबियत बिगड़ने का डर शिक्षकों को हमेशा सताते रहता है। इससे पूर्व भी जब विद्यालय खुले हुए थे, तो प्रत्येक दिन विभिन्न स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों की तबियत बिगड़ी थी। जिसको लेकर बच्चों का इलाज ग्रामीण चिकित्सक एवं अस्पताल में तैनात चिकित्सकों द्वारा करवाया गया था। मौसम विभाग बिहार द्वारा बताया जा रहा है कि 10 जून से लेकर 14 तक दक्षिणी बिहार के अधिकांश जिलों में हीट वेव चरम सीमा पर रहने की प्रबल उम्मीद है। जिसको लेकर आम लोगों को सलाह भी दिया जा रहा है कि जरूरत हो तभी घर से बाहर निकलें अन्यथा बेवजह लू लगने से बीमार पड़ सकते हैं। लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने एवं ज्यादा शारीरिक श्रम नहीं करने की सलाह दी गई है। वहीं उच्च प्रोटीन वाले भोजन, बासी भोजन, चाय, कॉफी एवं शराब आदि के सेवन करने से मना भी किया जा रहा है।

# पूमरे के प्रमुख स्टेशनों पर लगाए गए 33 एस्केलेटर एवं 49 लिफ्ट

- **पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु कई कदम उठाए गए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफार्म से प्लेटफार्म जाने के लिए एस्केलेटर और लिफ्ट लगाए गए हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिक, महिला और दिव्यांगजन विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। अब तक 33 एस्केलेटर और 49 लिफ्ट लगाए जा चुके हैं। आगे और 35 एस्केलेटर और 34 लिफ्ट लगाए जाएंगे।**



निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु कई कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर आने-जाने में सुविधा हेतु प्रमुख स्टेशनों पर एस्केलेटर एवं लिफ्ट लगाए गए हैं। इससे वरिष्ठ नागरिक, महिला एवं दिव्यांगजन विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रमुख स्टेषनों पर अब तक 33 एस्केलेटर तथा 49 लिफ्ट लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा विभिन्न स्टेशनों पर और 35 एस्केलेटर एवं 34 लिफ्ट लगाए जाएंगे। पटना जं. पर 06, पाटलिपुत्र, राजेंद्रनगर टर्मिनल, आरा, बक्सर, गया, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन, धनबाद स्टेशनों पर 02-02, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशनों पर 04-04 तथा दरभंगा स्टेशन पर 05 एस्केलेटर सहित कुल 33 एस्केलेटर लगाए जा चुके हैं। जबकि पटना जं. में 04 एवं हाजीपुर में 02 एस्केलेटर लगाने का कार्य प्रगति पर है।इसके अतिरिक्त दानापुर मंडल के पटना जं., पटना साहिब दानापुर, आरा स्टेशनों पर 02-02 एस्केलेटर, धनबाद मंडल के पारसनाथ, गढ़वा रोड तथा डालटनगंज में 02-02 तथा कोडरमा में 04 एस्केलेटर, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के सासाराम एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पर 02-02, सोनपुर मंडल के मुजफ्फरपुर एवं खगड़िया स्टेशनों पर 02-02 तथा समस्तीपुर मंडल के सहरसा स्टेशन 02 एवं दरभंगा स्टेशन पर 01 एस्केलेटर सहित कुल और 29 एस्केलेटर लगाए जाएंगे। इसी तरह दानापुर मंडल के पटना, राजेन्द्रनगर, पाटलिपुत्र एवं बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गया, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., सोनपुर मंडल के हाजीपुर, सोनपुर, मुजफ्फरपुर एवं बरौनी, समस्तीपुर मंडल के दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा, नरकटियागंज, बेतिया, मधुबनी स्टेशन तथा धनबाद मंडल के धनबाद, कोडरमा एवं डालटनगंज स्टेशनों पर कुल 49 लिफ्ट लगाए जा चुके हैं। जबकि पटना में 04, राजेंद्रनगर टर्मिनल में 01, पटना साहिब में 02, दानापुर में 04, आरा में 02, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. में 02, सासाराम में 01, अनुग्रह नारायण रोड में 01, डेहरी ऑन सोन में 02, खगड़िया में 02, रक्सौल में 02, जयनगर में 02, धनबाद में 01, कोडरमा में 02, गोमो में 02, पारसनाथ में 02 तथा सिंगरौली में 02 लिफ्ट सहित कुल 34 लिफ्ट लगाने का कार्य प्रगति पर है।

## अनुमण्डल कार्यालय परिसर से एक और बाइक की हुई चोरी, थाने को दिया आवेदन

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** अनुमण्डल कार्यालय परिसर से सोमवार को एक और बाइक की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई। बाइक मालिक सवैयाटांड़ पंचायत के चटकरी गांव निवासी नागो सिंह के पुत्र जगन्नाथ कुमार ने बताया कि उसके भाई संजय सिंह अपनी पत्नी खुश्बू देवी के साथ हीरो स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच12एम2038 से अनुमण्डल कार्यालय निजी काम से गए थे। अनुमण्डल गेट के पास अपनी बाइक खड़ा कर अंदर कार्यालय गए एवं काम होने के बाद जब वापस आया तो देखा कि बाइक अपने जगह पर नहीं है। जिसको लेकर आसपास काफी खोजबीन किया, किन्तु कुछ भी अतापता नहीं चल सका। वहीं अनुमण्डल गेट पर रहे गार्ड से अपने बाइक के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया, तो गार्ड ने डांटकर दोटूक जवाब दिया कि वे किसके-किसके बाइक को देखेंगे। जिसके बाद मायूस बाइक मालिक ने थाना को लिखित आवेदन देकर चोरी हुए बाइक की बरामदगी की गुहार लगाई है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि अनुमण्डल गेट के समीप से बाइक चोरी को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## दो फरार वारंटी को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के बरियो गांव में पुलिस ने रविवार की रात में छापेमारी की। इस दौरान दो फरार वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बरियो निवासी अरविंद कुमार व उसकी पत्नी सिंधु देवी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पति पत्नी फरार वारंटी थे। गिरफ्तार वारंटी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
**(चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर प्रो )**

गढ़वा थाना कांड सं0–129/24 दिनांक–08.03.2024, धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर प्रो जिसका रजि0 न0–JHO3L-2875, इंजन नं0–HA10ERFHB12433, चेचिस नं0–MBLHA10BFFBI72532 का दिनांक–08.03.2024 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 325761 Police(24-25)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE INGINEER**
**WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR (WRD)**
**Very Short Notice inviting e-quotation**

Notice No. -WRD-Water Ways Division, Medininagar-
QNIT No.-01/2024-25 Date-08.06.2024

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for Hire Charges of Plant & Machineries annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers/Owners/ Lessee for respective items. The Hire charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rate
s for Government of Jharkhand to be used in different Civil Construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in Details of plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of plant and Machineries online from 13.06.2024 At 03:00 PM to 19.06.2024 At 05:00 PM. The quotation will be opened on 21.06.2024 at 04:00 PM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Hire charges of plant and machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Water Ways Division, Medininagar

PR 325670 District(24-25)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Daltonganj.**

**e-Procurement Short Tender Notice**
**2nd Call**
**e-Tender Ref No- 01/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 565**
**Dated:- 08.06.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | IRQP Work of Mohammadganj - Dangwar Road (Total Length - 30.40 km) Working Length- 0.00 to 15.00 km for the year 2023-24 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 9,07,88,875.00 (Rupees Nine Crore Seven Lacs Eighty Eight Thousand Eight Hundred Seventy Five) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 9,07,900.00 (Rupees Nine Lacs Seven Thousand Nine Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 06 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 14.06.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 28.06.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 02.07.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR.NO.325685 Road(24-25):D



**कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**
**(01/2024–25)**

नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डो में डोर–टू–डोर (गीला एवं सूखा) अपशिष्ट संग्रहण एवं साफ–सफाई संबंधित संपूर्ण कार्य, जिसमें ट्रांसपोर्टेशन, गीले एवं सूखे कचरे का अलग–अलग संग्रहण आदि से संबंधित कार्य हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री बंशीधर नगर, नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत साफ–सफाई | 5000.00 | 50000.00 |

1. प्री–बिड मीटिंग तिथि :– 14.06.2024 अप0 2:00 बजे से
2. दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय :– 18.06.2024 अप0 2:00 बजे तक
3. हार्ड कॉपी जमा करने का स्थान :– कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.06.2024 अप0 03:00 बजे से।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
7. निविदा संबंधित जानकारी हेतु संपर्क सूत्र :– 8340682537
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य नेशनलाईज बैंक द्वारा निर्गत डिमांड ड्राफ्ट जो **कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत** के पदनाम से देय हो देना होगा।

अधिक जानकारी के लिये के बेबसाईट www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर।

PR 325759 (Urban Development) 24-25 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### सात मोबाइल के साथ पकड़ा गया नाबालिग

**गया।** रामपुर थाने की पुलिस ने चोरी के सात मोबाइल के साथ एक नाबालिग को पकड़ा है। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि कटारी हिल रोड में सेंट्रल बैंक के पास शराब कारोबारी को पकड़ने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक नाबालिग को विभिन्न कंपनियों के मोबाइल के साथ पकड़ा गया। नाबालिग मुफस्सिल थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

### कहीं पानी के लिए हाहाकार तो कहीं हजारों लीटर बर्बाद



**गया।** इस प्रचंड गर्मी में चारों तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।आदमी पशु पक्षी सब परेशान है। इधर शहर के कपिलधारा आश्रम के समीप नगर निगम के नल से रोज हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है इस नल का टैप टूटा हुआ है। सप्लाई चालू होने के बाद पानी गिरकर बर्बाद होते रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार नया नाल लगवाया गया था लेकिन शरारती तक के लोगों द्वारा बार-बार इसे तोड़ दिया जा रहा है जिसके चलते नगर निगम ने टैप लगवाना ही बंद कर दिया है। पिछले एक साल से नल टूटा हुआ और लगातार पानी की बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों ने इसके अविलंब मरम्मत की मांग की है ताकि पेयजल को बर्बाद होने से बचाया जा सके।

### युवक को गोली मारने के मामले में आधा दर्जन आरोपी, नालंदा में पहले की रंजिश में हुई थी फायरिंग

**नालंदा।** नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के महानंदपुर गांव में शनिवार को बदमाशों ने मवेशी चरा रहे युवक गोरेलाल को गोली मारकर जख्मी कर दिया था। जख्मी का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। उसके पिता अजय यादव के बयान पर आधा दर्जन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना का कारण पूर्व की रंजिश बतायी गयी है। प्राथमिकी के अनुसार गोरेलाल भैंस लेकर खंधा में चराने गया था। तभी श्रीराम नगर गांव के सोनू कुमार, मुन्ना महतो, धर्मेन्द्र महतो, विक्की महतो, अनिल महतो और मंगला महतो ने उसे घेर लिया। भैंस लेकर ईंट-भट्ठा से जाने के लिए कहा। गोरेलाल भैंस लेकर लौटने लगा। इसी दौरान एक बदमाश ने देसी पिस्तौल निकालकर जान मारने की नियत से उसपर गोली चला दी। गोली उसकी छाती के नीचे लगी है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के साथ पहले से विवाद चल रहा था। ईंट-भट्ठा के पास जानवर ले जाने पर आरोपित गाली-गलौज व मारपीट करते थे। इसी खुन्नस में बदमाशों ने उसे घेरकर गोली मार दी। वहीं इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

### हरनौत रेल कारखाना में 14 जून को लगेगा पेंशन अदालत, सेवानिवृत्त कर्मचारी और आश्रित आज करें आवेदन




**नालंदा।** नालन्दा के हरनौत स्थित हरनौत रेल कारखाना परिसर में 14 जून को पेंशन अदालत लगेगी। इसके लिए हरेका के मुख्य कारखाना प्रबंधक आर आर प्रताप ने चिट्ठी निर्गत किया है। निर्गत चिट्ठी में कहा गया है कि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी / हाजीपुर का अर्द्धसरकारी पत्र संख्या ईसीआर /आईआरडब्लु/पेंशन अदालत/2024, 8 अप्रैल 2024 द्वारा दिये गये निर्देश के परिप्रेक्ष्य में हरेका के सेवानिवृत्त अथवा मृत कर्मचारियों के पेंशन परिवादों के निष्पादन हेतु 14 जून को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त पेंशन अदालत में शामिल होने हेतु हरेका के सेवानिवृत्त कर्मचारी अथवा मृत कर्मचारी के आश्रित अपने पेंशन से संबंधित परिवाद का पूरा विवरण दिए गये प्रारूप में भर कर हरेका के मुख्य कारखाना प्रबंधक (कार्मिक) को आज 10 जून तक वाट्सएप नंबर 8962251860, 8175818901, 7463888941 या spocrwhrt@gmail.com पर ई-मेल के माध्यम से दे सकते हैं। उन्होंने आगे लिखा है की पेंशन संबंधित परिवाद दिए गये प्रारूप में भर कर आज शाम चार बजे तक संबंधित मोबाईल नं०, ई-मेल आईडी एवं निर्धारित पता पर प्रेषित किया जा सकता है। वैसी शिकायतें जो पेंशन से जुड़ी नहीं है, जैसे अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए प्रार्थना, आश्रितों के नियोजन, कालबद्ध वेतन का भुगतान, भत्तों एवं वेतन बढ़ोतरी आदि का पेंशन अदालत के अंतर्गत विचारणीय नहीं होगी। चिट्ठी में यह भी कहा गया है की जिन रेल कर्मचारियों की पेंशन सारांशीकरण (कम्यूटेशन) की तिथि से सेवानिवृत्ति की 15 वर्ष की अवधि पूरी हो चुकी है, पूरी होने पर पेंशन के भुगतान हेतु कृपया पेंशन वितरक पदाधिकारी (अर्थात बैंक/डाकघर आदि) से सीधे सम्पर्क करें।

### जेईई एडवांस में मजदूर की बेटी और खैनी बेचने वाले के बेटे ने मारी बाजी



**मानपुर।** बुनकर नगरी पटवा टोली और वार्ड नंबर 51 स्थित सुढ़ी टोला के एक होनहार छात्र ने जेईई एडवांस में सफलता हासिल की है। जेईई एडवांस का रिजल्ट जारी होते ही बुनकर नगरी पटवा टोली सहित सुढ़ी टोला में खुशी का माहौल कायम हो गया। जानकारी के मुताबिक बुनकर मजदूर सुनील कुमार के बेटी तनीषा कुमारी एआईआर 4568, ओबीसी कोटे में 866वां स्थान प्राप्त कर परिवार का नाम रौशन किया। वही सुढ़ी टोला निवासी मनु कुमार के बेटे बसु कुमार को एआईआर 4424,ओबीसी कोटे में 833वां स्थान मिला। बताया जाता है कि मनु कुमार का किरानी घाट में खैनी की दुकान है। दोनों अभिभावकों ने आर्थिक तंगी के बीच बड़ी मुश्किल से बच्चों को इस काबिल बनाया की रिजल्ट जारी होते ही उनके घरों में बधाई देने वालो का तांता लगा है। पटवा टोली में तेरह बच्चों ने जेईई एडवांस में सफलता हासिल की है। बच्चों की इस सफलता पर वृक्ष दी चेंज के निदेशक चंद्रकांत पाटेश्वरी, रंजीत कुमार, वार्ड नंबर 51 पार्षद मनोज कुमार, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि गोपाल पटवा, दुखन पटवा ने खुशी जाहिर करते हुए बच्चो के सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के सफलता से मानपुर वासियों का सर गर्व से ऊंचा हो गया।

# 7 दिन बाद 4 किमी दूर महिला का मिला कंकाल

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में 7 दिन से लापता नव विवाहित का कंकाल सोमवार को घर से 4 किलोमीटर दूर नदी से बरामद किया गया है। मायके वाले कंकाल पर लापता महिला के होने का दावा कर रहे हैं। पूरा मामला नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बदरू बीघा चकदिलावर गांव से जुड़ा हुआ है। दरअसल, 3 जून से बदरू बीघा चकदिलावर गांव निवासी दीनानाथ केवट की पत्नी अनरिका देवी(19) रहस्यमयी तरीके से लापता हो गई थी। इसके बाद पति ने महिला के भाई को फोन कर कहा कि आपकी बहन घर आई है क्या, क्योंकि वो यहां नहीं है। इसके बाद भाई ने जब मना किया तो फिर मायके वालों का शक महिला के पति पर गया। महिला की तलाश करने पर भाई को नदी के पास से कंकाल मिला। दुपट्टा और बेडशी से भाई ने पहचान की।

**अनरिका के भाई का बयानः** अनरिका देवी के भाई संजय केवट ने बताया कि 2 महीना पहले उन्होंने अपनी बहन की शादी चकदिलावर गांव निवासी दीनानाथ केवट से की थी। 3 जून की सुबह उसके बहनोई ने फोन कर पूछा कि अनरिका देवी मायके गई है क्या? उसने बताया कि उसकी बहन मायके नहीं आई है। इसके बाद उसके बहनोई ने बताया कि उनकी बहन भाग गई है। फिर संजय केवट बहन के ससुराल पहुंचा। जहां उसकी बहन नहीं थी। उसे संदेह हुआ और उसने हत्या का आरोप अपने बहनोई पर लगाया। उसने यह शर्त भी रखा की अगर उसकी बहन किसी के साथ भाग गई है और अगर वह इस बात को जानता है तो उस व्यक्ति का परिचय बताए। इस पर उसके बहनोई ने 10 दिन का समय मांगा। फिर संजय केवट इसकी शिकायत करने दीपनगर थाना पहुंचा। जहां उन्हें 5 दिनों का समय देकर कहा गया कि दोनों परिवार मिलकर खोजबीन करें।

**दुपट्टा और बेडशीट से महिला की पहचानः** इसके बाद उन लोगों ने अपनी बहन की खोजबीन शुरू कर दी। खेत खलिहान हर जगह ढूंढा गया, लेकिन कहीं अता-पता नहीं चल सका। इसके बाद भाई जब गोइठवा नदी में जाकर देखा। जहां उसके बहनोई दारू चुलाने का काम करता था। वहां पर एक गड्ढे में मिट्टी से ढका हुआ सिर दिखा। तब इसकी



जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। गड्ढे से शव को बाहर निकाला गया। शरीर पर मांस का एक टुकड़ा भी नहीं था। गड्ढे से निकले दुपट्टा और बेडशीट से महिला की पहचान की गई।

**अवैध संबंध का आरोपः** मायके वालों ने आरोप लगाया कि दीनानाथ केवट का किसी अन्य महिला से अवैध संबंध चल रहा है। उसी के चलते उसने अनरिका देवी की पहले हत्या कर दी। शव को टुकड़ों में कर नदी में पेट्रोल और नमक डालकर दफन कर दिया।

**2 महीना पहले हुई थी शादीः** इसी साल सरमेरा थाना क्षेत्र के गौस नगर निवासी टीकम केवट ने अपनी बेटी अनरिका की शादी दीपनगर थाना क्षेत्र के बदरू बीघा चक दिलावर गांव निवासी राघो केवट के बेटे दीनानाथ केवट से 23 अप्रैल को किया था। उस वक्त भी हैसियत के अनुसार सारा सामान दान दहेज दिया गया था।

◆ **दुपट्टे-बेडशीट से हुई पहचान, शव के टुकड़े कर पेट्रोल छिड़क दफनाने का आरोप, 2 महीने पहले हुई थी शादी**

**गुस्साए परिजनों ने युवक और उसके परिवार को पीटाः** अनरीका देवी की मौत से गुस्साए मायके वालों ने उसके पति और घर में मौजूद अन्य सदस्यों की जमकर पिटाई कर दी। बीच बचाव कर पुलिस घायलों को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल लेकर आई। जहां इमरजेंसी में सभी इलाजरत हैं।

**थाने से भी नहीं मिली मददः** मायके वालों ने बताया कि अनरिका देवी के लापता होने के बारे में जब दीपनगर थाना जाकर मदद की गुहार लगाई तो वहां से उन लोगों को यह कहते हुए लौटा दिया गया कि दोनों परिवार मिलकर उसकी खोजबीन करो। जब उन लोगों को महिला के ससुराल वालों पर संदेह हुआ और प्राथमिकी दर्ज कराने पहुंचे तो उन्हें कुछ दिन बाद आने की बात कही गई।

**क्या बोले थाना प्रभारीः** दीपनगर थाना के अपर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। शरीर पर मांस का कोई टुकड़ा नहीं है। इसके लिए फोरेंसिक जांच के लिए पटना भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही पहचान स्थापित होगी। मायके वालों द्वारा ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। साथ ही परिजनों ने आरोप लगाया है कि शव के टुकड़े-टुकड़े कर पेट्रोल और नमक छिड़कर दफनाया गया होगा। वहीं, पुलिस अभिरक्षा में घायलों का इलाज किया जा रहा है। पूरे मामले की जांच होने के बाद ही विस्तृत जानकारी दी जा सकती है। 9 जून को युवक द्वारा पत्नी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

## अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताला लटकने से मरीज परेशान

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा का सदर अस्पताल आए दिन किसी ना किसी कारणों से सुर्खियों में बना रहता है। ऐसा ही एक मामला सोमवार को सामने आया है। अस्पताल के अल्ट्रासाउंड रूम में ताला लटका रहने के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। डॉक्टर और टेक्नीशियन के इंतजार में अल्ट्रासाउंड कराने पहुंचे मरीज और उनके परिजनों ने कहा कि सुबह 8:00 बजे से ही यहां पहुंचे हुए हैं। 10 बजने के बाद बी ताला नहीं खुला है। वहीं सूचना मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉक्टर श्यामा राय और सदर अस्पताल उपाधीक्षक ने फोन करके डॉक्टर और टेक्नीशियन को जमकर



फटकार लगाई। इसके बाद जांच शुरू हुई। वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर श्यामा राय ने बताया कि ड्यूटी में तैनात डॉक्टर और कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन लोगों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा समय पर आने के लिए सभी को सख्त निर्देश दिया गया है। ओपीडी के समय से ही सभी विभागों का संचालन शुरू करने को कहा गया है।

## राजद का MLC प्रत्याशी वीरेन यादव अरेस्ट, पुलिस-खनन विभाग की टीम पर की थी फायरिंग

**निज संवाददाता। नालंदा**

बिहार शरीफ नगर थाना की पुलिस ने राजद से MLC प्रत्याशी रहे वीरेन यादव को अरेस्ट कर लिया है। वीरेन यादव पर अवैध बालू खनन, पुलिस पर फायरिंग समेत कई मामले दर्ज हैं। वीरमणी उर्फ वीरेन यादव नगर थाना क्षेत्र के ही नकटपुरा गांव का रहनेवाला है। इधर, वीरेन यादव के अरेस्टिंग की जानकारी मिलने के बाद राजद ने भी उस पर कार्रवाई की है। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

**गुरुवार की रात पुलिस पर हुई थी फायरिंगः** जानकारी के अनुसार नालंदा पुलिस एवं खनन विभाग की टीम ने गुरुवार की रात संयुक्त रूप से कार्रवाई कर थाना क्षेत्र के नकटपुरा एवं गोइठवा नदी के किनारे अवैध बालू व मिट्टी खनन रोकने के लिए घेराबंदी कर छापेमारी की थी। इस दौरान टीम ने पांच धंधेबाज को गिरफ्तार किया था। वहीं 11 ट्रैक्टर, तीन बाइक व एक



जेसीबी को भी जब्त किया था।अपने साथियों को छुड़ाने के लिए बदमाशों के द्वारा पुलिस पर फायरिंग एवं रोड़ेबाजी की गई थी। इस मामले में कुल 51 लोगों को नामजद जबकि कुछ अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया था। इसी मामले में पुलिस ने वीरेन यादव को शनिवार की रात अरेस्ट किया था।

**क्या बोल रहे पुलिस अधिकारीः** नगर थाना अध्यक्ष रामाशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र से वीरेन यादव को गिरफ्तार किया है।

◆ **पार्टी ने भी निकाला, मामले में 51 लोग थे नामजद**

अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। अवैध बालू धंधे में लिप्त अबतक कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें वीरेन यादव के अलावा हरनौत थाना क्षेत्र के सतीस्थान निवासी रामजी यादव का पुत्र सूरज कुमार, नवादा जिला के काशीचक थाना क्षेत्र निवासी प्रहलाद प्रसाद का पुत्र सुधांशु कुमार, नकटपुरा निवासी सुरेंद्र प्रसाद का पुत्र विकास कुमार, नगर थाना क्षेत्र के काशोचक निवासी विवेश्वर यादव का पुत्र विलास यादव और मुरौराडीह निवासी किशोर यादव का पुत्र गणेश यादव शामिल है।

## सड़क हादसे में बैंक कर्मी की मौत, हिलसा-फतुहा मुख्य सड़क पर घटना

### घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में सोमवार को सड़क हादसे में एक बैंक कर्मी की मौत हो गई। मामला करायपरसुराय थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रकुरा मोड़ के पास की है। मृतक की पहचान एकंगरसराय थाना क्षेत्र के निश्चल गंज निवासी स्वर्गीय सत्येंद्र चौधरी के (32) वर्षीय बेटे राजीव चौधरी के रूप में की गई। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि हर दिन की तरह राजीव चौधरी अपनी बाइक से पटना के फतुहा स्थित बंधन बैंक में काम के लिए जा रहा था। इस बीच हिलसा-फतुहा मुख्य सड़क के चंद्रकुरा के पास सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। लोगों का कहना है कि दो बाइक के बीच टक्कर होने से राजीव पहले गिरा और फिर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी जान चली



गई। घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी। वहीं घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। इसके अलावा स्थानीय लोगों का कहना है कि चंद्रकुरा के पास तीखा मोड़ होने से यहां अक्सर हादसे होते है। वहीं करायपरसुराय थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। ड्यूटी पर जाने के दौरान किसी अज्ञात वाहन से कुचल कर मौत हुई है। घटनास्थल से दो बाइक बरामद की गई है, इसमें एक बाइक बैंक कर्मी की है। वहीं दूसरे बाइक की पहचान वाहन की जा रही है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मानपुर पटवा के स्टूडेंट्स ने जेईई एडवांस में लहराया परचम, एक दर्जन छात्र-छात्राओं को मिली सफलता

**निज संवाददाता। गया**

गया के मानपुर पटवा टोली में रहने वाले दर्जनों स्टूडेंट्स ने आईआईटी जेईई एडवांस्ड में अच्छे अंक लाकर परचम लहराया है। इनकी सफलता की वजह से मानपुर का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर लिया जा रहा है। मानपुर में निशुल्क शिक्षा देने वाली संस्थान 'वृक्ष बी द चेंज' के कई बच्चों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। संस्थान के निदेशक और आईआईटी से पढ़े कुलदीप प्रसाद ने बताया कि यहां पर गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ा कर आईआईटी तक पहुंचाया जाता है। इस मुहिम में परिणाम भी साल दर साल बेहतर मिलते जा रहे है। इस साल एक दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं ने बाजी मारी है। इसमें बाजीमानपुर शहर और पटवा टोली से जुड़े अंकुश कुमार ने ऑल ओवर इंडिया में ओबीसी वर्ग में 1978 रैंक, अनोश कुमार ने जनरल वर्ग में 10442 रैंक , विशाल कुमार ने ओबीसी वर्ग में 2833 रैंक,




रुद्र कुमार ने ईडब्लूएस में 4172 रैंक, ओम प्रकाश ने ओबीसी में 6887 रैंक, प्रियांशु ने एससी में 3445 रैंक, तनीषा कुमारी ने जनरल में 4568 रैंक और ओबीसी में 866 रैंक, निधि कुमारी ने ओबीसी में 83004 रैंक, मीनल राज ने ओबीसी में 7803 रैंक, अंकित कुमार ने ओबीसी में 7587 रैंक, अर्नब राज ने ओबीसी में 5339 रैंक, राजू कुमार ने जनरल में 12000 रैंक, विशाल कुमार ने ओबीसी में 1723 रैंक हासिल कर मानपुर का नाम रौशन किया है।

**रिजल्ट आते ही मानपुर में लोगों ने बांटी मिठाईः** आईआईटी जेईई एडवांस का रिजल्ट आते ही मानपुर पटवा टोली में जश्न का माहौल हो गया। सफल हुए स्टूडेंट्स के घर वालों ने मोहल्ले में मिठाई बांटी। वहीं मोहल्ले के लोगों ने मानपुर के बच्चों पर गर्व करते हुए वृक्ष बी द चेंज से जुड़े शिक्षक डॉक्टर सुनील कुमार, राजीव रंजन, दिनेश शर्मा, डॉक्टर हरजीत जग्गी, भाजपा नेता गोपाल प्रसाद का धन्यवाद किया।

## गया में टूटा मालगाड़ी का पेंटो, दो घंटे तक परिचालन ठप

**निज संवाददाता। गया**

गया-कोडरमा रेलखंड स्थित मानपुर जंक्शन के होम सिग्नल के नजदीक मालगाड़ी का पेंटो (ट्रेन के इंजन के ऊपर लगा यंत्र) रविवार शाम 6:55 में टूट गया। इस कारण जहां-तहां रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों का परिचालन 2 घंटे के लिए ठप हो गया। रेल यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं गुरपा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत और टनकुप्पा रेलवे स्टेशन के पास जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन को रोक गया। रेलवे अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच कर पेंटो को ठीक करने में जुटी है। बताया गया कि जिस मालगाड़ी के पेंटो टूटा था। उसी ट्रेन के ड्राइवर ने इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों के साथ-साथ इंजीनियरिंग विभाग की टीम को दी। सूचना मिलते ही स्टेशन प्रबंधक सहित अन्य रेलवे अधिकारी के




साथ-साथ इंजीनियरिंग विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टूटे हुए पेंटों को बनाने का काम शुरू किया गया। टूटा हुआ पेंटों दुरुस्त किए जाने के बाद ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया।

**क्या बोले स्टेशन प्रबंधकः** स्टेशन प्रबंधक उमेश प्रसाद ने बताया कि 8:55 के बाद रेल परिचालन शुरू किया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मानपुर होम सिग्नल के पास अचानक मालगाड़ी का पेंटो जाने के कारण परिचालन प्रभावित हो गया था, लेकिन दो घंटे के अंदर पेटों को मरम्मत कर ठीक कर दिया गया और परिचालन शुरू कर दिया गया है।

## जलवायु परिवर्तन पृथ्वी पर जीवन को विभिन्न तरीकों से कर रहा है प्रभावित : प्रो केशरी

**निज संवाददाता। बोधगया**

ग्लोबल वार्मिंग पृथ्वी के वातावरण के समग्र तापमान में क्रमिक वृद्धि दर्शाता है, जिसका मुख्य कारण मानव जाति के अविवेकपूर्ण गतिविधियों, शहरीकरण, औद्योगीकरण, वनों की कटाई एवं अगलगी, जीवाश्म ईंधन का अति उपयोग आदि से उत्पन्न ग्रीन हाउस गैसे जैसे कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन, क्लोरो फ्लोरो कार्बन, जलवाष्प आदि का अत्यधिक उत्सर्जन है। मगध विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं पर्यावरणविद प्रो. दिलीप कुमार केशरी नें गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित जलवायु परिवर्तन विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में आमंत्रित वक्ता के रूप में ग्लोबल वार्मिंग एंड क्लाइमेट चेंजः एन ओवरव्यू विषय पर विशिष्ट व्याख्यान के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि इसी ग्रीन हाउस प्रभाव या ग्लोबल वार्मिंग के कारण किसी स्थान विशेष या वैश्विक स्तर पर औसत तापक्रम,




आद्रता, वर्षा चक्र में परिवर्तन को क्लाइमेट चेंज या जलवायु परिवर्तन कहते हैं। जलवायु परिवर्तन पृथ्वी पर जीवन को विभिन्न तरीकों से प्रभावित कर रहा हैं, जिसके कारण बेमौसम बारिश, बाढ़, भूस्खलन, अत्यधिक गर्मी, सुखाड़, मच्छर-विषाणु -जीवाणु जनित रोगों के कारण पृथ्वी पर उपस्थित जीव -जंतुओ, वनस्पतियों की प्रजातियों के विलुप्त होने के साथ साथ मानव जाति के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो गया है। इस संकट का एक सरल समाधान पौधरोपण, उनका संरक्षण एवं संवर्धन है।

**मिला सम्मानः** 250 से अधिक थे स्कॉलर इस व्याख्यान के उपरांत तकनीकी सत्र के अध्यक्ष एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रो. केशरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व दिवस पर प्रो. केशरी नें एक अन्य तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की एवं आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किए गए। इस अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश विदेश के दो सौ पचास से अधिक वैज्ञानिक, प्रोफेसर, शोधार्थी, स्नातकोत्तर छात्रों नें ओरल प्रस्तुति एवं पोस्टर प्रस्तुति के द्वारा शोध पत्रों को प्रस्तुत किया।इस उपलब्धि पर प्रो. केशरी को मगध विश्वविद्यालय के प्रो. ब्रजेश राय, प्रो. गौतम सिन्हा, प्रो. अनवर खुर्शीद, डॉ संजय कुमार, डॉ चौधरी एवं विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य गण डॉ वेद प्रकाश चतुर्वेदी, डॉ दीपक कुमार, डॉ सत्येंद्र प्रजापति, डॉ कृष्णा नन्द, डॉ उदय पासवान, डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा, डॉ सुधीर कुमार मिश्रा, डॉ सैलज श्रीवास्तव, डॉ विजय रजक, डॉ अरुण रजक आदि नें बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### इंटर नामांकन की मेधा सूची जारी, बदल सकते हैं स्कूल

**बक्सर।** जिले में बिहार बोर्ड ने इंटर सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए साईंस, आर्टस व कॉमर्स संकाय में नामांकन लेने के लिए मेधा सूची जारी कर दी। मेधा सूची में छात्रों के नाम के सामने अंकित प्लस टू स्कूलों में उन्हें नामांकन कराना होगा है। मैट्रिक परीक्षा पास कर चुके छात्र-छात्राओं का इंटरमीडिएट में नामांकन लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कराया गया था। मैट्रिक की परीक्षा में मिले प्राप्तांक के आधार पर छात्र-छात्राओं की मेधा सूची तैयार की गई है। विद्यालय चयन को लेकर छात्र-छात्राओं की प्राथमिकता जहां से मैट्रिक की परीक्षा पास की है, वहां देने का निर्देश मिला था। अब बोर्ड की ओर से छात्रों को स्कूल चयन एवं संकाय चयन के लिए 11 जून तक ऑनलाइन आवेदन करने की बात कही गई है। जिन्हें विद्यालय में बदलाव करना है, वह ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### महादेवा घाट पर गंगा नदी में डूबा किशोर



**बक्सर।** बक्सर के चौसा महादेवा घाट पर गंगा नदी में एक किशोर की डूबने से अफरा-तफरी का माहौल हो गया है। रविवार की शाम घर से मछली पकड़ने के लिए नाव से निकला था। स्थानीय नाविक और गोताखोर लगातार ढूंढने का प्रयास कर रहे है। सूचना पर मुफस्सिल थाना की पुलिस और चौसा सीईओ के कर्मचारी के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाज सेवी लगातार प्रशासन से संपर्क कर गोताखोर और महाजाल की मांग कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार किशोर चौसा नगर पंचायत के मल्लाह टोली निवासी बबन चौधरी का 16 साल का बेटा अमित कुमार है। वह किसी मुहल्ला के युवक के साथ नौके पर मछली पकड़ने चला गया। महादेवा घाट के सामने जाल से मछली पकड़ रहे थे। जाल डालते समय वह असंतुलित हो गया। वह नौके से अचानक गिर पड़ा। इससे वह गंगा में डूब गया। शाम 7 बजे महादेवा घाट पर पहुंच किशोर को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना की सूचना स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रिजवान खान ने चौसा सीओ व मुफस्सिल पुलिस को दी है। अमित तीन भाइयों में बड़ा बेटा था। घटना की सूचना परिजनों को हुई, तो घर मे कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। घटना की सूचना पर महादेवा घाट पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन झा ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम को घाट पर भेजा गया है। इस संबंध में चौसा सीओ आरती कुमारी ने बताया कि सूचना पर कर्मचारी को भेजा गया है। साथ ही उच्च अधिकारियों को भी इसकी सूचना दे दी गई है।

### PM नरेंद्र मोदी के शपथ के बाद जश्न का माहौल, बक्सर में BJP कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी



**बक्सर।** साल 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद एनडीए घटक दलों ने सर्वसम्मत से नरेंद्र मोदी को सदन का नेता चुना है। इसके बाद इन्होंने देश के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लिया है। इसको लेकर एनडीए के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में बक्सर जिला मुख्यालय स्थित ज्योति चौक पर रात के करीब 8 बजे सैकड़ों की संख्या में एनडीए के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने जमकर नारे बाजी करते हुए इसे ऐतिहासिक पल बताया है। भाजपा नेता सौरभ तिवारी ने कहा कि दुनिया में आज का दिन अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तीसरी बार शपथ लिया है। भारतीय जनता पार्टी जश्न मना रही है।यह जश्न इसलिए है क्योंकि भारत पुनः विकसित देश के पथ पर आगे बढ़ेगा। उसी खुशी और उल्लास के साथ जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता खुश है। भारत की एक-एक जनता आज खुशी मना रही है। एक बार फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व में बजेगा। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामना देते है। बक्सर भाजपा जिला अध्यक्ष भोला सिंह ने कहा कि आज आतिशबाजी कर खुशी इसलिए मनाया जा रहा है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लिए है। इससे बड़ी खुशी देश के लिए क्या हो सकता है। हम लोग भी मिठाई और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार कर रहे है। यहां एनडीए के नेता और जिला अध्यक्ष आज ज्योति चौक पर मौजूद हुए।

### संगीत में अद्भुत सम्मोहन शक्ति हैं : डॉ. किरण

**आरा।** संगीत सरिता में रविवार को शास्त्रीय संगीत के सूर-लय और ताल की महफ़िल महाजन टोली में जमी। शास्त्रीय संगीत के सुरों के बीच गूंजती सुरलहरियां, सितार ओर सरोद के साथ ही वीणा, वायलिन और तबले की जुगलबंदी। सब कुछ संगीतमयी। हर शख्स के बीच संगीत के विभिन्न आयामों को लेकर होती चर्चा। संगीत से सजी सुरीली महफ़िल में श्रोताओं के हृदय को झंकृत कर दिया। शास्त्रीय गीत-संगीत और वाद्ययंत्रों ने मन उमंग से भर दिया। गौरी व सगुन ने ठुमरी पर कथक की भाव भंगिमाओं को प्रस्तुत किया। राशि, राका व चित्रा ने पंडित बिरजू महाराज की रचना "एक बार वंशी ना बाजी घनश्याम सो' पर भाव अभिनय की प्रसूति दी। श्रेया पाण्डेय ने राग बागेश्री में विलंबित एक ताल की "बंदिश जाओ ना परदेश निठुर पिया मोरे" तीन ताल की बंदिश चैन ना पा वें जियरा मोरे बलमा व दादरा की प्रस्तुति अलग अंदाज में दी। स्नेहा पाण्डेय ने तीनताल में शुद्ध कथक प्रस्तुत कर लोगो को वाहवाही करने पर मजबूर कर दिया। सुरताल में विलीन होने की अवस्था संगीत का चरमोत्कर्ष सुरीली महफ़िल का उद्घाटन कवियित्री डॉ. किरण कुमारी ने किया। किरण कुमारी ने कहा कि संगीत में अद्भुत सम्मोहन शक्ति हैं, जो हमें एक दूसरी दुनिया में ले जाता हैं। सुधबुध खोकर सुरताल में विलीन होने की अवस्था संगीत का चरमोत्कर्ष हैं। महेश यादव ने राग संगीत में "अब ना सताओ मोहे" व छोटा ख्याल व ठुमरी प्रस्तुत किया। गुरु बक्शी विकास ने ग़ज़ल "फिर उसने गुलाबों से मेरा नाम लिखा हैं" व "जिंदगी में बस यही एक खता कर गये, जाने क्या सोचकर हम वफा कर गये" प्रस्तुत किया। तबले पर राणा प्रताप सिन्हा व हारमोनियम पर अजीत पाण्डेय ने संगत किया। मंच संचालन कथक नर्तक अमित कुमार व धन्यवाद ज्ञापन तबला वादक सूरज कान्त पाण्डेय ने किया। मौके पर तबला वादक बिंदा जी, संजय कुमार, रौशन किशोर, नीतीश पाण्डेय समेत कई संगीत प्रेमी उपस्थित थे।



# बड़ी मठिया में घर तोड़ने को लेकर विवाद, 6 घायल

## रात में बुलडोजर लेकर पहुंचे दबंग, टाउन थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

**निज संवाददाता। आरा**



शहर के टाउन थाना क्षेत्र में बड़ी मठिया पर रविवार की देर रात घर तोड़ने का विरोध करने पर बजरंग दल के संयोजक सहित पूरे परिवार की पिटाई कर दी गई। इसमें 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। इसके साथ ही बदमाशों ने घर को बुलडोजर से तोड़ दिया। फिलहाल सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों में टाउन थाना क्षेत्र के बड़ी मठिया निवासी सह बजरंग दल के विभाग संयोजक चंदन ओझा, उनकी पिता शिवजी ओझा, मां पुष्पा देवी व तीन बहन निशा ओझा, नैना कुमारी और निधि कुमारी शामिल है। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। वहीं घटना की सूचना पर एसपी परिचय कुमार और स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। इधर घायल चंदन ओझा ने बताया कि करीब एक महीना से कुछ शरारती तत्व के लोग बड़ी मठिया की जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश में लगे थे। वहीं रविवार की देर रात सभी बदमाश बड़ी मठिया जमीन पर जबरन कब्जा करने आए और सीधे घर को तोड़ने लगे। जब इसका विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उन लोगों ने घर को तोड़ दिया और घर में मौजूद सभी सामान को पिकअप पर लादकर लेकर चले गए। इसके साथ ही बदमाशों ने पिस्टल के बट से मारकर घायल कर दिया।

पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मामले को लेकर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि रात करीब ग्यारह बजे नगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि बड़ी मठिया पर दो पक्ष के लोग आपस में झगड़ा कर रहे हैं। सूचना पाकर नगर थाना की पुलिस फौरन घटनास्थल पर पहुंची और कुछ लोगों को पूछताछ के लिए थाने लेकर गई। उन्होंने बताया कि जो भी लोग घायल हुए है। उनका इलाज कराया जा रहा है और अभी को मामला भूमि विवाद का लग रहा है। दोनों पक्षों के आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भोजपुर में धरने पर बैठे राजद विधायक



**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर के जगदीशपुर विधान सभा के राजद विधायक राम विष्णु सिंह लोहिया पुलिस की कार्यशैली के सवाल को लेकर जगदीशपुर थाना में सोमवार को अपने समर्थकों के साथ मिलकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान भोजपुर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। आरोप है कि जगदीशपुर थानाध्यक्ष द्वारा PA के साथ दुर्व्यवहार किया गया है। इससे नाराज होकर अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठे हैं। इधर, विधायक राम विष्णु सिंह लोहिया ने बताया कि गांव के दो भाइयों के बीच आपस में झगड़ा हुआ था। इसे लेकर दोनों भाई जगदीशपुर थाना पहुंचे हुए थे। लेकिन दोनों पक्षों के परिवार वालों ने आपस में समझौता कराने और विवाद सुलझाने की सिफारिश की थी। इसी बात को लेकर अपने PA विजय को जगदीशपुर थाना में भेजे थे। लेकिन थानाध्यक्ष द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। पुलिस के रवैया को लेकर वो अपने समर्थकों के साथ थाना परिसर में धरने पर बैठ गए। विधायक ने बताया कि थानाध्यक्ष द्वारा बराबर ग्रामीणों को तंग किया जाता है। वहीं, इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

# सड़क हादसे में छात्र की मौत, तेज रफ्तार बस ने कुचला

**निज संवाददाता। आरा**

आरा के पवना थाना क्षेत्र में आरा-अरवल मुख्य सड़क पर पवना बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के पास सोमवार की सुबह सवारी से भरी बस ने बाइक सवार एक छात्र को रौंद दिया। वहीं युवक की मौत आरा सदर अस्पताल लेकर जाने के दौरान हो गई। फिलहाल चालक बस छोड़ कर मौके से फरार है। इधर सूचना पर स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बस को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार मृत छात्र पवना थाना क्षेत्र के रुदलपुर गांव वार्ड नंबर 5 निवासी अशोक कुमार सिंह का 15 साल के बेटा राजिंश कुमार उर्फ विशाल कुमार है। वह इंटर का छात्र था। छात्र के परिजन बाबा मुनी सिंह ने बताया कि वह सोमवार की सुबह बाइक लेकर बाजार करने के लिए पवना बाजार जा रहा था। इस दौरान दुर्गा मंदिर के पास सवारी से भारी प्रियांशु बस ने उसे रौंद दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय थाना की पुलिस उसे गंभीर हालत में लेकर आरा सदर अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फिर इसकी सूचना परिजनों को दी। वहीं सूचना पाकर परिजन फौरन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृत छात्र दो भाई-बहन में तीसरे स्थान पर था।

# यज्ञ देखने गए छात्र की गोली मारकर हत्या

**निज संवाददाता। आरा**



आरा के नवादा थाना क्षेत्र में बहिरो गांव स्थित गैस गोदाम के पास सोमवार की सुबह हथियारबंद बदमाशों ने एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार छात्र के सिर में पीछे से गोली मारी गई है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नवादा थानाध्यक्ष कमल जीत और अपर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। लोगों ने बताया कि मृत छात्र नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव निवासी बुधन पासवान का 18 साल का बेटा साहिल कुमार उर्फ भोला है। युवक मैट्रिक पास कर पढ़ाई छोड़ चुका थी। इधर मृत छात्र के पिता बुधन पासवान ने बताया कि रविवार की रात वह आठ बजे गांव के ही तीन-चार लड़कों के साथ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोठहुला गांव में यज्ञ देखने गया था। वहां जाने के बाद मोबाइल पर करीब दस बजे रात तक उससे बात हुई थी। इसके बाद उससे कोई बात नहीं हुई। आखिरी बार जब बात हुई थी तो उसने कहा था कि एक घंटे के अंदर घर आ जाऊंगा। जब देर रात घर नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इस बीच सोमवार की सुबह अचानक मालूम हुआ कि एक लड़के का शव गांव में ही स्थित गैस गोदाम के पास पड़ा है। सूचना पाकर जब वहां पहुंचे तो देखा कि साहिल को किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी है। इसके बाद स्थानीय

### पिता ने दोस्तों पर लगाया आरोप

थाना को बताया गया। वहीं दूसरी ओर मृत छात्र के पिता बुधन पासवान ने यज्ञ में उसके साथ गए चार लड़कों पर ही गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर पर मामले की छानबीन कर रही है। वहीं मामले में नवादा थानाध्यक्ष कमल जीत ने बताया कि युवक गांव के ही कुछ लड़कों के साथ यज्ञ में मेला देखने गया था। जहां उसने खाना खाया और इसी बीच आपसी विवाद हो गया। हालांकि अभी सभी लड़के फरार है और उनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बताया जाता है कि मृत छात्र दो भाई व पांच बहन में सबसे छोटा था। उसके परिवार में मां हेवांती देवी व पांच बहन नीतू देवी, प्रियंका देवी, प्रीति देवी, खुशबू देवी, नंदनी देवी और एक भाई करण कुमार है। मृत छात्र के पिता बहारो लख सब्जी बेच कर परिवार चलाते है।

# नदी में डूबे किशोर की तलाश जारी, 14 घंटे बाद भी शव नहीं मिलने से परिजनों में आक्रोश

**निज संवाददाता। बक्सर**



बक्सर के चौसा महादेवा घाट के पास किशोर के डूबने के 14 घंटे बाद भी शव नही मिला। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने रोहतास-बक्सर स्टेट हाईवे को महादेवा घाट के पास जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है की किशोर रविवार को शाम 6 बजे से ही डूबा हुआ है। लेकिन जिला प्रशासन का कोई अधिकारी अभी तक बच्चे को नदी से निकालने के लिए कोई व्यवस्था नहीं किए है। ग्रामीणों का कहना है की जब तक किशोर को पानी से नहीं निकाला जाएगा, हम लोग सड़क से जाम नहीं हटाएंगे। हालांकि सड़क जाम की सूचना के बाद से अधिकारी रेस हो गए है। वहीं मुफस्सिल थाना की वाहन महाजाल लेने के लिए बक्सर जिला मुख्यालय रवाना हो गई है।

**अधिकारियों के खिलाफ लोगों में आक्रोशः** चौसा नगर पंचायत के वार्ड 8 के वार्ड पार्षद रिजवाना खां ने कहा की इस घटना की सूचना जिला के सारे अधिकारी, चौसा सीओ सदर एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा और जिला अधिकारी अंशुल अग्रवाल को दिया गया है। लेकिन 14 घंटे बाद भी कुछ लोग फोन नहीं उठाते है। कुछ लोग रात से केवल आश्वासन दे रहे है। सभी ग्रामीण मिलकर पूरी रात बिना संसाधन के किशोर को ढूंढने का प्रयास कर रहे है। स्थानीय रिजवान खान ने कहा की यहां के डीएम यहां रहने लायक नहीं है, उनके खिलाफ यहां की जनता में काफी आक्रोश है।

**रविवार शाम से शव की तलाश जारीः** चौसा नगर पंचायत के उपचेयर मैन प्रतिनिधि विकास राज द्वारा कहा गया की बक्सर जिला प्रशासन द्वारा रात से आश्वासन दिया जा रहा है की बिहटा से एनडीआरएफ की टीम सुबह में पहुंच जाएगा।लेकिन हमलोग जब सुबह में बिहटा बात किए तो एनडीआरफ द्वारा कहा गया की अभी तक हमलोगों को कोई सूचना नहीं मिला है। बता दे की किशोर चौसा नगर पंचायत के मल्लाह टोली निवासी बबन चौधरी का 16 वर्षीय पुत्र अमित कुमार है। वह रविवार को नौके पर मछली पकड़ने चला गया। वह महादेवा घाट के सामने जाल से मछली पकड़ रहा था। जाल डालते समय वह असंतुलित हो गया। जहां वह नौके से अचानक गिर पड़ा। जिससे वह गंगा में डूब गया। जिसको स्थानीय नाविक और गोताखोर अपने स्तर से रविवार की शाम से ही ढूंढ रहे है।

**भेजा गया महाजालः** एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा से सोमवार को सुबह बात किया गया तो उन्होंने कहा की जिला से महाजाल भेज रहे है।

# सड़क हादसे में दंपति समेत चार लोग घायल



**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर के चरपोखरी थाना क्षेत्र में गड़हनी रेलवे गुमटी के पास रविवार की देर शाम दो बाइक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार दंपती और दो मासूम बच्ची घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया । घायलों में रोहतास जिले के नटवार थाना क्षेत्र के नटवार गांव निवासी उपेंद्र साह का 35 वर्षीय बेटा मनोज साह, मनोज साह की 28 वर्षीय पत्नी मिनता देवी, मनोज की बेटी अनु (5) और प्रीति (3) शामिल है। घायल मिनता देवी ने बताया कि बाइक पर सवार होकर दो बेटियों के साथ सभी लोग घर जा रहे थे। इस बीच गड़हनी रेलवे गुमटी के पास दोनों बेटियों को बाइक सड़क किनारे रोककर पानी पीला रहे थे। तभी सामने से आ रहे बुलेट सवार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया।

## क्रीड़ा भारती की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**निज संवाददाता। बक्सर**

क्रीड़ा भारती, दक्षिण बिहार प्रांत की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सावरकर विद्या मंदिर में हुई। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि क्रीड़ा भारती एक राष्ट्रीय खेल संगठन है। इसका उद्देश्य खेल से चरित्र निर्माण एवं चरित्र से राष्ट्र निर्माण करना है। अखिल भारतीय नियामक मंडल की ओर से बीते 24 मई को प्रांत की नई कार्यकारिणी गठन के बाद यह पहली प्रांतीय बैठक थी। दो सत्रों में विभाजित इस बैठक में प्रांत कार्यकारिणी के सभी अधिकारी एवं सदस्य तथा सभी विभाग संयोजक सहित पटना महानगर कार्यकारिणी के सदस्य पहुंचे। बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर राज, नव निर्वाचित दक्षिण बिहार प्रांत अध्यक्ष रवि रंजन एवं दक्षिण बिहार प्रांत के प्रांत मंत्री सह स्मृति कॉलेज एवं ऐप्टेक बक्सर के निदेशक डॉ रमेश कुमार ने दीप प्रज्वलन एवं मां भारती तथा परम आराध्य श्री हनुमान जी के तैल चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम सत्र में संगठन का विकास तथा उद्देश्य प्राप्ति विषय पर विषय प्रवेश करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर राज ने कहा कि संगठन के विकास के लिए सदस्य एवं कार्यकर्ता की संख्या बढ़ाना होगा। अध्यक्षता कर रहे दक्षिण बिहार प्रांत के अध्यक्ष रवि रंजन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा ठीक है, प्रतिद्वंद्विता नहीं। मंच का संचालन कर रहे दक्षिण बिहार प्रांत के नवनियुक्त प्रांत मंत्री डॉ रमेश कुमार ने कहा कि बिना किसी अपेक्षा का समाज सेवा उत्तम कार्य है। द्वितीय सत्र में नालंदा विभाग संयोजक कार्य आनंद एवं पटना विभाग संयोजक विवेकानंद ने कहा कि सकारात्मक सोच से संगठन विस्तार कार्य करने में सदस्य संख्या वृद्धि एवं धन व्यवस्था कोई भी व्यवधान नहीं होता है। 25 जून से सत्रह जिलों में प्रांत के अधिकारी प्रवास कार्यक्रम प्रारंभ करेंगे। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रांत एवं जिला स्तर पर योग दिवस मनाने पर बल दिया गया। 21 एवं 22 दिसंबर को बक्सर में प्रांत सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। 8 दिसंबर को क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित होने वाले क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा के प्रांत संयोजक के रूप में कार्य आनंदजी का चयन किया गया।

# भोजपुर पुलिस ने तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार, देसी कट्टा व दो कारतूस बरामद

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर पुलिस को तीन अलग अलग मामलों में सफलता हाथ लगी है। संदेश थाना की पुलिस ने कोरी गांव में छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को धर दबोचा। गिरफ्तार बदमाश का नाम विनोद सिंह है और वह संदेश के कोरी गांव का निवासी है। पुलिस ने सके घर से एक देसी कट्टा व दो कारतूस बरामद किया है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना पर संदेश थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। आरोपी किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में था।

**एक कट्टा के साथ दो अन्य आरोपी गिरफ्तारः** नवादा थाना क्षेत्र अन्तर्गत रेलवे स्टेशन-कतीरा रोड में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि उदवंतनगर के विशुनपुरा गांव निवासी लवकुश तिवारी और मुफस्सिल थाना के बड़की डुमरा निवासी संतोष सिंह को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी का नेतृत्व थानाध्यक्ष कमलजीत कुमार कर रहे थे। इसके साथ ही दारोगा संतोष

### एसपी ने दी जानकारी

दास, प्रशिक्षु दारोगा चन्द्रेश्वर कुमार व निशा भारती शामिल थी। एसपी नीरज कुमार सिंह ने आगे बताया कि जिला के अन्य थाना क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाकर कुल 26 आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसमें हत्या के प्रयास में दो, एससी-एसी एक्ट में एक, आर्म्स एक्ट में दो, एनडीपीएस एक्ट में पांच, वारंट में चार व शराब में आठ आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 33 लीटर देसी व 31 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। अभियान के दौरान कोईलवर पुलिस ने बालू लदे चार ट्रकों को भी जब्त किया है। इसके अलावा सहार पुलिस ने बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव खत्म, लंबित कांड के निपटारे का बढ़ा दबाव

**भागलपुर।** चुनावी ड्यूटी खत्म होने के बाद पुलिस पदाधिकारी अब लंबित मामलों के निपटारे में जुट गए हैं। करीब दो माह से अधिक समय तक चुनावी कार्य में व्यस्तता के कारण लंबित कांड की संख्या में बढ़ोतरी हो गई है। वरीय अधिकारी ने सभी थानेदार को लंबित कांड के निपटारे में तेजी लाने का निर्देश दिए हैं। इसी को देखते हुए शनिवार को सिटी डीएसपी-1 अजय चौधरी जोगसर थाने का निरीक्षण करने पहुंचे थे। बता दें कि चुनावी ड्यूटी में पुलिस पदाधिकारी के व्यस्त होने से कई मामले की जांच अटकी हुई है। मसलन जोगसर थाने में दर्ज भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडे की हत्या के मामले में पुलिस की जांच ठप थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या व एफएसएल रिपोर्ट में आत्महत्या की बात सामने आने पर डाक्टरों से दोबारा ऑपिनियन मांगी थी। वहीं, रजिस्ट्री ऑफिस में जमाबंदी में फेराफेरी के दर्ज मामले में भी आइओ की चुनावी ड्यूटी में व्यस्तता के कारण जांच ठप हो गई थी।

### पीएम मोदी व उनकी टीम को पूर्व मंत्री चौबे व शाहनवाज ने दी बधाई

**भागलपुर।** लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले नरेंद्र मोदी को पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि मोदी के नेतृत्व में देश समृद्धि एवं उन्नति के नए आयाम रचेगा। वहीं, बिहार के पूर्व उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने भी पीएम मोदी व उनकी टीम को बधाई दी है। शपथ ग्रहण समारोह में भागलपुर से भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार एवं लोकसभा संयोजक शरद सलापुरिया शामिल हुए। इनके अलावा भागलपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी नभय कुमार चौधरी, अर्जित शाश्वत चौबे , रोहित पांडेय, मृणाल शेखर, देवेंद्र पांडे, सुधीर चौधरी, निक्कू चौबे, आशीष पांडे, चंदन ठाकुर, रूबी दास ,संगीता सिन्हा, आलोक सिंह बंटू ने भी बधाई दी है। इधर, भाजपा विजय मित्रा मंडल के कार्यकर्ताओं ने बूढ़ानाथ चौक पर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। मौके पर प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट डॉ. प्रीति शेखर ने कहा कि विकास की योजनाओं के कारण ही देश के 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। इस मौके पर विजय मित्रा मंडल के अध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी दूसरे ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने लगातार तीसरी बार शपथ ली है। इस दौरान हेमंत शर्मा, मनीष मिश्रा, आलोक सिंह, राजेश टंडन, दिनेश मंडल, नीरज कुमार, मनीष दास, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित ट्विंकल, राहुल तोमर, सुमित सारस्वत, दीपक केडिया, रिंकू वर्मा, श्रेष्ठा गांधी, प्रीति पांडे, सुबोध चंदेल, पिंटू मंडल, ओम प्रकाश मंडल, शेखर मंडल, अशोक साह, फूलन सहाय, आनंद पासवान समेत अन्य मौजूद रहे।

### संपत्ति विवाद में पति-पत्नी व पुत्र को पीटा, इलाजरत

**मुंगेर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी महुली महादेवपुर में रविवार को संपत्ति बंटवारे में गोतिया ने पति-पत्नी और पुत्र को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। सबों को किसी प्रकार परिजनों द्वारा इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया गया। घायल बड़ी महुली महादेवपुर निवासी 65 वर्षीय वृद्ध कारू तांती ने बताया कि उसका 2 कट्ठा का पुश्तैनी जमीन है। जिस पर उसका गोतिया स्व. देवन तांती का एक कट्ठा हिस्सा है। वहीं दो माह पूर्व पंचायत में लिये गये निर्णय के बाद दोनों ने एक-एक कट्ठा बांट लिया। लेकिन स्व. देवन का पुत्र सीआरपीएफ जवान पिंटू और उसका बड़ा भाई संतोष उसके हिस्से से कुछ जमीन को लेना चाहता है। जिसे लेकर विवाद शुरू हो गया है। उसने बताया कि रविवार को इसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसमें पिंटू, संतोष, उनकी मां चिंता देवी, दोनों की पत्नी आदि ने मिलकर उसे, उसकी पत्नी 60 वर्षीय शीला देवी और पुत्र 36 वर्षीय मिथुन कुमार को खंती, ईंट आदि से पीटकर घायल कर दिया।

### ऑटो से गिरकर युवक घायल

**हवेली खड़गपुर।** हवेली खड़गपुर-बरियारपुर मुख्य मार्ग एनएएच-333 के सूर्य मंदिर के समीप ऑटो से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा उनका इलाज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार रतैठा गांव निवासी सुबोध तांती के पुत्र इंद्रजीत कुमार अपनी बहन के घर बरियारपुर से टेंपो पर सवार होकर खड़गपुर की तरफ आ रहा था। तभी एनएएच 333 के सूर्य मंदिर के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो वाहन साइड लेने लगा और ऑटो भी असंतुलित हो गया। जिससे ऑटो पर बैठा युवक सड़क किनारे फेंका गया। मौके का फायदा उठाकर ऑटो लेकर वहां से ड्राइवर फरार हो गया। तो इधर स्कॉर्पियो वाहन भी वहां से भाग निकला।

### कला संकाय का रिजल्ट माह के अंत तक किया जाएगा जारी

**मुंगेर।** एमयू द्वारा सत्र 2021-24 स्नातक पार्ट-3 के कला संकाय का रिजल्ट इसी माह के अंत तक जारी किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा युद्ध स्तर पर उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन का कार्य किया जा रहा है। मालूम हो कि एमयू द्वारा उक्त सत्र के वाणिज्य संकाय का रिजल्ट 5 मई को ही जारी कर दिया गया था, जबकि विज्ञान संकाय का रिजल्ट 30 मई को जारी किया गया है। सोमवार को विज्ञान व वाणिज्य संकाय के लिये स्क्रूटनी को लेकर आवेदन की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गयी है। 25 से 30 जून के बीच कला संकाय का रिजल्ट जारी होगा।

### आज से स्नातक सेमेस्टर-3 के लिए स्क्रूटनी के लिए आवेदन

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा अपने सत्र 2021-24 स्नातक पार्ट-3 के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिसके लिये वैसे विद्यार्थी, जो अपने रिजल्ट से असंतुष्ट है। वैसे विद्यार्थियों के लिये विश्वविद्यालय द्वारा 10 जून सोमवार से स्क्रूटनी को लेकर आवेदन की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। एमयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ अमर कुमार ने बताया कि उक्त सत्र के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के वैसे विद्यार्थी, जो अपने रिजल्ट से असंतुष्ट हैं। वैसे विद्यार्थी 10 से 15 जून के बीच स्क्रूटनी को लेकर आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी अधिकतम तीन विषयों के लिये आवेदन कर सकते हैं। जबकि प्रत्येक पेपर के लिये विद्यार्थियों को 200 रुपये का आवेदन शुल्क जमा करना होगा। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि स्क्रूटनी में उत्तरपुस्तिका का पुनःमूल्यांकन नहीं होता है। इसमें केवल पूर्व में जांचकर्ता द्वारा दिये गये अंकों का मिलान और जोड़ देखा जाता है। इसमें अगर सही अंक होता है तो रिजल्ट नो चेंज होता है। यदि उत्तरपुस्तिका के अंदर के पृष्ठों के अंक मुख्य पृष्ठ पर अंकित नहीं है तो उसमें सुधार किया जायेगा या अंकों के योग में त्रुटि होने पर ही उसमें सुधार किया जायेगा। आवेदन के लिये विद्यार्थियों को अपने महाविद्यालय से अग्रसारित आवेदन पत्र के साथ उक्त सत्र का प्रवेश पत्र और परीक्षा फल की छायाप्रति अपलोड करनी होगी।

### 15 जून तक पार्ट-2 के लिये परीक्षा फॉर्म भरने का समय

**मुंगेर।** एमयू द्वारा अपने 32 अंगीभूत एवं संबद्ध कॉलेजों में सत्र 2022-25 स्नातक पार्ट-2 सहित सत्र 2021-24 व सत्र 2020-23 और सत्र 2022-25 स्नातक पार्ट-1 व सत्र 2021-24 बैकलॉग विद्यार्थियों का परीक्षा फॉर्म 28 मई से भराया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों को बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने के लिये 15 जून तक का समय दिया गया है। एमयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ अमर कुमार ने बताया कि उक्त सत्रों के विद्यार्थियों का परीक्षा फॉर्म बिना विलंब शुल्क के 15 जून तक भराया जा रहा है। जबकि 16 से 17 जून के बीच उक्त सत्र के विद्यार्थियों को 100 रुपये अतिरिक्त विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरने का समय दिया जायेगा। वहीं परीक्षा फॉर्म भरने के पूर्व विद्यार्थियों को अपने संबंधित कॉलेज में दस्तावेज सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। इधर स्नातक पार्ट-2 में अबतक कुल 22,640 विद्यार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरा है। जिसमें कला संकाय में 20,038, विज्ञान संकाय में 2,303 तथा वाणिज्य संकाय में 299 विद्यार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरा है। जबकि स्नातक पार्ट-1 में अबतक कुल 2,276 विद्यार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरा है। जिसमें कला संकाय में 1,922, विज्ञान संकाय में 343 तथा वाणिज्य संकाय में 11 विद्यार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरा है।

# ट्रैफिक नियमों में बदलाव को लेकर ई-रिक्शा चालकों का हड़ताल

## भागलपुर में लोगों की परेशानी बढ़ी, समझाने में जुटे अधिकारी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में सोमवार को ई-रिक्शा चालकों ने हड़ताल कर दिया। इससे आम राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहे पर लोगों की काफी भीड़ देखी जा रही है। इसके साथ ही सड़क पर पैदल यात्रा करते भी लोग नजर आए। मालूम हो कि पिछले कई दिनों से सभी ई-रिक्शा चालक नई यातायात व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं। इसको लेकर ई-रिक्शा चालक संघ की ओर सो सोमवार को हड़ताल कर दिया गया। वहीं विरोध की सूचना पर सदर एसडीएम धनंजय कुमार और सिटी डीएसपी अजय चौधरी जीरोमाइल तिलकामांझी और मनाली चौक पहुंचे। जहां पर विरोध कर रहे ई-रिक्शा चालक संघ के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाना लेकर गए। विरोध कर रहे रिक्शा चालकों का कहना है कि जिला प्रशासन की ओर से कोडिंग की व्यवस्था की गई है। इससे हम लोगों की कमाई पर असर पड़ रहा है। जिस रूट में हम लोगों को कोडिंग संख्या दी गई है, उस रूट में उतनी कमाई नहीं होती है। इससे काफी परेशानी हो रही है। इसलिए जिला प्रशासन इन नियमों में बदलाव करें और बातचीत करके समाधान निकाले। हालांकि वरीय अधिकारी ई-रिक्शा चालक संघ के लोगों से बातचीत कर भी रहे हैं।



मुंगेरवासियों के लिए खुशखबरी

## अगस्त से मुंगेर से खुलेंगी पटना, रांची, बोकारो व पूर्णिया के लिए बसें

निज संवाददाता। मुंगेर

♦ परिवहन निगम की ओर से रूट मैप और चार्जिंग प्वाइंट किए जा रहे चिह्नित

मुंगेर वासियों के लिए खुशी की खबर है। अब मुंगेर से बड़े शहरों के लिए लग्जरी बसों की सेवा जल्द मिलने वाली है। बिहार राज्य परिवहन निगम ने मुंगेर जिले को 20 इलेक्ट्रिक लग्जरी बसें देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। यात्री निरीक्षक सह प्रतिष्ठान अधीक्षक रवि राज ने बताया कि सबकुछ सही रहा तो जुलाई से मुंगेर बस स्टैंड से राजधानी पटना, बोकारो, रांची, पूर्णिया, नवादा जैसे जगहों के लिए लग्जरी बस सेवा शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बस सेवा की सफलता के बाद बिहार राज्य परिवहन निगम ने 5 सीएनजी बस देने की भी बात कही है। सीएनजी फिलिंग स्टेशन की सुविधा शुरू होने के बाद मुंगेर से सीएनजी बस की सेवा भी उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लग्जरी बसें 40 सीटर की होगी। उन्होंने कहा कि बस सेवा जुलाई महीना से शुरू करने की योजना है, इसके लिए रोड मैप तैयार कर लिया गया है। इलेक्ट्रिक बस के लिए चार्जिंग पॉइंट कहां-कहां बनाए जाएंगे, इसके लिए जगहों को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा जर्जर बस डिपो का भी कायाकल्प किया जाएगा। यात्री निरीक्षक सह प्रतिष्ठान अधीक्षक रवि राज ने बताया कि परिवहन निगम मुंगेर अंतर्गत तारापुर व संग्रामपुर दो प्रमुख बस स्टैंड जिसका जीर्णोद्धार किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। मालूम हो कि उक्त दोनों बस स्टैंड काफी जर्जर है। यहां यात्री सुविधाएं नदारद है। इन दोनों बस स्टैंड से रोजाना सैकड़ों लोग भागलपुर, जमुई, बांका, देवधर आदि जगहों के अलावा कोलकाता व पटना के लिए भी बसें चलती है। गौरतलब है कि उक्त दोनों बस स्टैंड का जीर्णोद्धार वर्ल्ड बैंक के सौजन्य से कराया जाएगा। यात्री निरीक्षक सह प्रतिष्ठान अधीक्षक रवि राज ने बताया कि मुंगेर बस डीपो में 12 बसें हैं, जिसमें 5 खराब है, जिसे पटना ठीक करने के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मुंगेर बस स्टैंड से इंटरसिटी बस सेवा भी साथ-साथ शुरू की जाएगी। मुंगेर बस स्टैंड से बेगूसराय, खगड़िया, मानसी, नवगछिया, महेशखूंट, जमुई, लखीसराय, नावादा, शेखपुरा आदि के लिए भी सुविधा शुरू होगी।

## उउवि जागीर जाने वाली मुख्य सड़क कच्ची, बरसात में छात्र-शिक्षक त्रस्त

निज संवाददाता। टेटिया बंबर

♦ विधायक और सांसद से ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराने की मांग की थी

प्रखंड क्षेत्र के केशौली पंचायत अंतर्गत महादलित टोला जागीर स्थित बहियार में अवस्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय जागीर जाने वाली मुख्य सड़क कच्ची होने के कारण बरसात के दिनों में छात्रों एवं शिक्षकों को विद्यालय आने-जाने में परेशानी हो रही है। हाल यह हे कि शिक्षक और छात्रों को बरसात के दिनों में कीचड़युक्त सड़क पर आने जाने के दौरान चप्पल एवं जूते हाथों में लेना होता है। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक से लेकर सांसद तक इस सड़क को पक्कीकरण कराने और विद्यालय तक पीसीसी सड़क का निर्माण करने को लेकर कई बार शिकायत की गई। 10 वर्षों से अधिक समय बीतने के बावजूद इस सड़क का पक्कीकारण नहीं किया गया है। ग्रामीण दीपक कुमार दास, संतोष कुमार दास, अनिल कुमार दास, बमबम कुमार दास, राजेश कुमार दास, रंजीत कुमार मांझी, राम अवतार कुमार दास, राहुल कुमार दास, नीलम देवी, अनीता देवी, ममता देवी, मीरा देवी ने बताया कि आप देख सकते हैं कि विद्यालय जाने वाली सड़क कितना जर्जर है। बरसात के दिनों में जगह-जगह जल जमाव हो जाता है एवं सड़क कीचड़ युक्त हो जाती है। जिससे छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं छात्र संतोष कुमार, संजय कुमार, मनोज कुमार, सोनी कुमारी, रागिनी कुमारी अनिता कुमारी, ललिता कुमारी, सीमा कुमारी ने बताया कि बरसात के दिनों में हम लोग चप्पल एवं जूते को हाथ में लेकर आते जाते हैं। कई छात्र कीचड़ में फिसल कर गिर भी जाते हैं, जिससे उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। सरकार हम लोगों के ऊपर भी ध्यान दें, हमारे गांव के विद्यालय तक पक्की सड़क का निर्माण करा कर हम लोगों की समस्या का समाधान करें। बरसात के दिनों में हम लोगों को काफी परेशानी होती है।

# नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

## पुलिस ने कहा-पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में सोमवार को नव विवाहिता का शव उसके ससुराल में संदिग्ध स्थिति में मिला है। मृतका की पहचान सन्हौला थाना क्षेत्र के फाजलपुर सकरामा निवासी मनोज मंडल की पत्नी रानी कुमारी (20) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रानी किसी काम से खेत गई हुई थी। वहीं से वापस घर लौटने के बाद बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद घटना की जानकारी मृतका रानी के पति मनोज मंडल ने परिजनों को दिया। सूचना पर मृतिका के परिजन जब घटनास्थल पर पहुंचे तो संदिग्ध स्थिति में उन्होंने शव को देखा। रानी के मायके वालों का का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी है। जानकारी के अनुसार मनोज मंडल की अब तक पांच शादी हो चुकी है। वहीं रानी से उसकी शादी साल 2023 में हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी दिल्ली में रह रहे थे। हाल में ही वह लोग वापस घर आए थे। लोगों का कहना है कि दोनों के बीच अक्सर विवाद हुआ करता था। मृतिका ने इसके बारे में मायके में सभी को बताया भी था। शादी के बाद से दोनों के बीच अनबन होने से रानी अपने मायके चली गई थी। हालांकि फिर दोनों के बीच समझौता कराकर वापस ससुराल भेज दिया गया था। इधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेज दिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल जांच की जा रही है।

बालू माफिया के खिलाफ डीएम ने की बड़ी कार्रवाई

# 30 बड़े वाहनों को किया जब्त, 40 लाख का चालान

निज संवाददाता। मुंगेर



जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के आदेश पर जिला प्रशासन की अगुवाई में रविवार को अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चला। छापेमारी में 30 बड़े वाहनों को जब्त किया गया। वहीं करीब 40 लाख रुपए से अधिक के चालान काटे गए। मौके पर जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहे और सभी वाहनों के कागजातों की जांचकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की। छापेमारी में विशेष कार्य पदाधिकारी अभिषेक कुमार, एसडीपीओ सदर राजेश कुमार, एसडीपीओ तारापुर सहित खनन व परिवहन विभाग की टीम मौजूद थे। मौके पर डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन अवैध बालू खनन पर लगाम लगाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सूचना के आधार पर औचक छापेमारी अभियान चलाया गया है, जिसमें कई ऐसे वाहनों को भी जब्त किया गया है जिसमें गलत नंबर का प्रयोग कर खनन के लिए गाड़ी का उपयोग किया जा रहा था। वहीं लगभग 30 बड़े वाहनों को छापेमारी के दौरान जब्त कर करीब 40 लाख रुपए के चालान काटे गए हैं।

समाचार लिखे जाने तक अवैध बालू माफिया के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी थी। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध बालू खनन के खिलाफ लगातार सूचना मिल रही थी, जिसके आधार पर आज ये कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई वाहनों से जुर्माना वसूला गया था। गलत नंबर प्लेट प्रयोग करने वाले वाहन चालकों एवं उनके ऑनर को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा अवैध बालू खनन को रोकने के लिए लगातार छापेमारी अभियान आगे भी चलता रहेगा।

## सीनेट चुनाव की तैयारी में जुटा एमयू प्रशासन

**मुंगेर।** लोक सभा चुनाव समाप्त होते ही मुंगेर विश्वविद्यालय प्रशासन अब अपने सीनेट व छात्र संघ चुनाव तैयारियों में जुट गया है। बीते दिनों जहां विश्वविद्यालय द्वारा छात्र संघ चुनाव को लेकर तिथि की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। वहीं शनिवार को विश्वविद्यालय में कुलसचिव कर्नल विजय कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में सीनेट चुनाव कमिटी की बैठक में भी कई निर्णय लेते हुए अनुमोदन के लिये भेजा गया है।

वहीं अनुमोदन मिलने के बाद विश्वविद्यालय सीनेट चुनाव की अधिसूचना दोबारा जारी करेगा। उक्त बैठक में उनके साथ कमिटी के सदस्य डीएसडब्लू डॉ भवेशचंद्र पांडेय तथा आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रभात कुमार मौजूद थे। बता दें कि पूर्व में लोक सभा चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय द्वारा सीनेट चुनाव को अगले आदेश तक के लिये स्थगित कर दिया गया था।

# लोगों की शिकायत पर मेयर ने लिया जायजा

निज संवाददाता। भागलपुर



नाथनगर में नाले के स्लैब पर पानी टैंकर का पहिया जाने के बाद 12 वर्षीय बालक की मौत के बाद ऐसे निर्माण से अब लोगों को डर लगने लगा है। मिरजानहाट से वारसलीगंज व क्लबगंज जानेवाली सड़क में नाला व सड़क निर्माण के दौरान घटिया सामग्रियों के इस्तेमाल की शिकायत लोगों ने पार्षदों से की। रविवार दोपहर मेयर डॉ. बसुंधरा लाल टीम के साथ पहुंचीं। वहां पत्थर में मिट्टी मिला हुआ था और छड़ की मोटाई कम होने पर ठेकेदार ब्रजेश साह को डांट लगाते हुए कहा कि इसमें गड़बड़ी न करें। इसके बाद मैटेरियल को बदलवाया गया। लोगों की शिकायत पर कहा कि इसी तरह के कमजोर स्लैब के चलते एक बालक की मौत हो गई। इसलिए दोबारा ऐसी घटना न हो, यह ध्यान में रखकर ही काम करें। मौके पर गए इंजीनियर राकेश सिन्हा व अरूण कुमार को उन्होंने निर्देश दिया कि गंभीरता से इसकी निगरानी करें, चूक न हो। तीन वार्डों (49, 50 व 51) को आपस में जोड़ने वाली 2800 फीट सड़क का निर्माण करीब 1.99 करोड़ रुपये से हो रहा है। मेयर को धूल-मिट्टी और कीचड़ पर सड़क की ढलाई करने का शक हुआ तो उन्होंने सड़क को दोबारा खोदवाकर चेक कराया। इसमें छड़ काफी पतला मिला तो हिदायत देकर कहा कि घर में जैसा मोटा छड़ लगता है, वही इसमें देना है ताकि, भारी वाहनों के दबाव से यह टूटे नहीं। मौके पर वार्ड 48 की पार्षद कल्पना देवी, वार्ड 49 के पार्षद प्रतिनिधि दीपक कुमार साह, वार्ड संख्या 50 के पार्षद पंकज गुप्ता, वार्ड 51 के पार्षद प्रतिनिधि शशि मोदी व अन्य मौजूद थे। बता दें कि वार्ड 45 में ही ठेकेदार ने नाले का स्लोप उल्टा बना दिया था। पार्षद की शिकायत के बाद मेयर ने इंजीनियर को फटकार लगाई तो इसमें सुधार किया गया था।

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/479, दिनांक 07.06.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/09/24-25/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** सियालदह मंडल की कृष्णनगर सिटी जं.-लालगोला शाखा में एसएसडीएसी के साथ ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटरों (बीपीएसी) अतिरेक का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु.5,47,45,278.48, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.4,23,700/-, **कार्य की समापन अवधिः** 9 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 24.06.2024, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 08.07.2024 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 08.07.2024 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में ''कुल ठेकाजनित भुगतान'' के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजातः** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृतिः** पैनल इंटरलॉकिंग या रूट रिले इंटरलॉकिंग या इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग या आईबीएच या ऑटोमैटिक सिग्नलिंग या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या एएफटीसी या एसएसडीएसी या एमएसडीएसी के किसी भी कार्य को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-82/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



# गर्मी में रखना है सब्जी के पौधों को हरा भरा तो आजमाएं बेकिंग सोडा के हैक्स

**गर्मी के मौसम में पौधों को खास देखभाल करने की जरूर होती हैं। ऐसे में आप हम बताएंगे कि कैसे आप सब्जी के पौधों को फिर से हरा- भरा कर सकती हैं।**

गर्मी में लगे सब्जी के पौधों धूप के कारण सूखने लगे हैं तो इसे फिर से हरा- भरा करना चाहती हैं तो आपको हम बताएंगे कि आप कैसे बेकिंग सोडा की मदद से अपने घर के सब्जी के पौधों को फिर से ठीक कर सकती हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको कुछ आसान हैक्स बताने वाले हैं।

### बेकिंग सोडा स्प्रे

सब्जी के पौधों की ग्रोथ को अगर आप बढ़ाना चाहती हैं तो आपको सब्जी के पौधों में बेकिंग सोडा से बना स्प्रे को आप डाल सकती हैं। ऐसे में आपके पौधों की ग्रोथ जो धूप के कारण रुप गई हैं वह फिर से बढ़ जाएगी।

### बेकिंग सोडा और चीनी

पौधों से कीड़े निकालने के लिए आप चाहे तो बेकिंग सोडा और चीनी की मदद ले सकती हैं। इससे ग्रे कलर के कीड़े जो गर्मी के दिनों में सब्जी में लग जाते हैं वह निकल जाएंगे। ऐसे में सब्जी के पौधों का ग्रोथ निकल जाता है।

### फंगस खत्म कैसे करें

पौधों से फंगस निकालने के लिए आप चाहे तो बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं। फंगस हमारे पौधे के ग्रोथ को रोक देते हैं। खासकर गर्मी के दिनों में सब्जी के पौधों में फंगस लग जाती हैं।

### पैच टेस्ट जरूर करें

बेकिंग सोडा कई पौधे के लिए अच्छा नहीं होता है। इसलिए सब्जी के पौधों में डालने से पहले आपको पैच टेस्ट करना होगा। इसके लिए पहले थोड़े से पौधे में बेकिंग सोडा को डालकर देखें अगर पौधे को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होता है तो आप इसे पूरे पौधे में डाल सकती हैं।



# बेकिंग सोडा से चुटकियों में निपटाएं किचन से जुड़े ये काम

**आजकल खाने में मीठा सोडा या फिर बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना काफी नॉर्मल है। क्योंकि केक बनाने के लिए अनिवार्य तौर पर बेकिंग सोडा, मीठा सोडा या फिर बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल किया ही जाता है। हालांकि, बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा दोनों ही चीजें खाने को फुलाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।**

जब इन्हें आटे या मैदा में मिलाया जाता है, तो ये चीजों के साथ रिएक्ट कर उन्हें फुलाने का काम करते हैं। लेकिन कभी आपने सोचा है कि आपके किचन में रखा बेकिंग सोडा कई कामों को आसान कर सकता है। जी हां, आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल सिर्फ खाना बनाने के लिए नहीं बल्कि किचन की सफाई या फिर काम को जल्दी से निपटाने के लिए कर सकती हैं, कैसे आइए जानते हैं।

### चीजों को जल्दी उबालने का करेगा काम

मीट, चिकन, दालें और कुछ सब्जियों को उबालने में कई बार देर लग जाती है और गैस की ज्यादा खपत भी होती है। इसलिए सब्जियों या फिर मीट को कुक करने के लिए आप इसमें थोड़ा-सा बेकिंग सोडा डाल सकती हैं। बता दें कि बेकिंग सोडा डालने से न सिर्फ आपकी चीजें जल्दी उबलेगी बल्कि आपका समय भी बचेगा।




### मीट को नरम करने के लिए करें इस्तेमाल

कई बार महिलाएं अपनी फ्रिज में अधिक मात्रा में मीट लाकर रख देती हैं, लेकिन फ्रिज में रखने से मीट सख्त हो जाता है। सख्त होने के कारण मीट देर से बनता है या फिर काफी समय तक नरम होने के लिए बाहर रखना पड़ता है। लेकिन अब आपके ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि आप मीट को नरम करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपका मीट बहुत जल्दी में नरम हो जाएगा।

### गैस स्टोव को करें क्लीन

बेकिंग सोडा घर की साफ-सफाई में बहुत काम आता है। इसके अंदर एक्सफोलिएटिंग गुण पाए जाते हैं, जो चीजों को साफ रखने का काम करते हैं। अगर आपकी गैस स्टोव गंदी हो गई है, तो आप बेकिंग सोडा इस्तेमाल कर चुटकियों में साफ कर सकती हैं।

### बेकिंग करने में आएगा काम

अगर आप ओवन में कुछ भी बना रही हैं, तो आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें। क्योंकि अक्सर महिलाओं को यह शिकायत रहती है कि ओवन में वह कुछ भी बनाती हैं, लेकिन यह फूलता नहीं हैं। तो आप इस समस्या से बचने के लिए बेकिंग सोडा डाल सकती हैं। इससे न सिर्फ आपकी चीजें जल्दी बेक होगी बल्कि स्वादिष्ट भी बनेगी।

### अंडा बनेगा एकदम परफेक्ट

आप अंडे को सॉफ्ट और स्पंजी बनाने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप तीन अंडे में 1/2 चम्मच बेकिंग सोडा मिला सकती हैं। हालांकि, आप अंडा जैसे बनाती हैं वैसे ही बनाएं, लेकिन बेकिंग सोडा के साथ कम मात्रा नमक इस्तेमाल करें।

### सब्जियों के कीड़े करें साफ

बरसात में अगर आप हरी सब्जी ज्यादा खाती हैं, तो आप इसमें से कीड़े बेकिंग सोडा की सहायता से निकाल सकती हैं। इसलिए आप 10 से 15 मिनट के लिए सब्जी को बेकिंग सोडा वाले पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद साफ पानी से अच्छी तरह धो लें। ऐसा करने से हरा धनिया पर लगे तमाम बैक्टीरिया साफ हो जाएंगे।

### सिंक को अंदर से करें साफ

आप सिंक ब्लॉकेज की समस्या से छुटकारा पाना चाहती हैं, तो आप नाली को बेकिंग सोडा से फ्लश करें। इसके लिए आपको बेकिंग सोडा की जरूरत पड़ेगी। नाली में 2-4 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा छिड़क दें। इसके बाद 2-3 मिनट तक गर्म पानी डालते रहें। बस आपका सिंक पूरा साफ हो जाएगा।

### किचन में नहीं आएगी बदबू

कई बार किचन में रखा सामान खराब हो जाता है या फिर मीट की बदबू आने लग जाती है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आप इस समस्या से बेकिंग सोडा की मदद से छुटकारा पा सकती हैं। इसके लिए बस आपको किचन की सफाई के दौरान बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना है या फिर हर्बल पाउच के साथ स्टोर करना है।





# ऐसे करें पटियाला सूट को स्टाइल, दिखेंगी लाजवाब

पटियाला सूट ज्यादातर पंजाब में ही पहना जाता है। महिलाओं से लेकर कम उम्र की लड़कियों तक सभी इसे पहनना पसंद करती हैं और वे तरह-तरह से इसे स्टाइल कर पहनती हैं। वहीं कुछ महिलाएं ऐसी भी मौजूद हैं जो पंजाबी कल्चर से बिल्कुल अनजान हैं, लेकिन वे पटियाला सलवार सूट को ट्राई करना चाहती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक हैं तो इस आर्टिकल को आखिर तक जरूर पढ़ें। जिसमें हम आपको बताने वाले हैं कि आप पटियाला सलवार सूट को पहनते समय किन बातों का ख्याल रखें ताकि आप दिखें बेहद स्टाइलिश।

### इस तरह का चुनें दुपट्टा

- अगर आप पटियाला सूट पहन रही हैं तो आप दुपट्टे के लिए फुलकारी दुपट्टे को चुनें।
- फुलकारी दुपट्टा पंजाब की शान है और इसे आप अपने पटियाला सलवार सूट के साथ आसानी से कैरी कर सकती हैं।
- पटियाला सलवार सूट के साथ फुलकारी दुपट्टा चुनते समय कलर कंट्रास्ट का ख्याल जरूर रखें।
- अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं तो आप नेट के हैवी दुपट्टे को भी चुन सकती हैं।

### ऐसे हेयर स्टाइल लगेंगे बेस्ट



- पटियाला सलवार सूट के साथ आप पंजाबी स्टाइल ब्रैड ही करें ताकि आपका लुक कंप्लीट दिखाई दें।
- ऐसा करने से आपका लुक टिपिकल पंजाबन जैसा दिखाई देने लगेगा।
- साथ ही ब्रैड हेयर स्टाइल को कंप्लीट लुक देने के लिए आप इसमें परांदी का इस्तेमाल करें।
- इसके लिए आप अपनी ऑउटफिट से मैचिंग कलर या कंट्रास्ट वाली कोई भी परांदी को खरीद सकती हैं।

### इस तरह से करें ज्वेलरी को स्टाइल



- पंजाबी स्टाइल सूट के साथ आप ज्वेलरी के लिए हैवी इयररिंग्स को कैरी करें।
- ऐसा करने से आपका लुक बेहद गॉर्जियस दिखाई देगा।
- साथ ही हैवी लुक देने के लिए आप चाहे तो बड़े साइज वाले मांग टिके को भी पहन सकती हैं।
- ध्यान रहे कि ज्वेलरी खरीदते समय आप अपने ऑउटफिट के कलर कंट्रास्ट का ख्याल जरूर रखें ताकि आपका लुक स्टाइलिश और यूनिक दिखाई देने लगे।

### ये फुटवियर लगते हैं परफेक्ट

- अगर आप पटियाला सूट पहन रही हैं तो फुटवियर पर भी खास ध्यान देना जरूरी होता है।
- इस तरह के सलवार सूट के साथ आप फुटवियर के लिए पंजाबी जुती को चुनें।
- इस तरह की जुती को गुरगाबी जुती कहा जाता है जो कि देखने में बेहद रंग-बिरंगी होती है और पहनने में बेहद आरामदायक भी होती है।
- इस तरह की जुती आपको मार्केट में करीब 200 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।





**घर की सफाई करते वक्त अक्सर लोग कुछ गलतियां कर देते हैं, जिससे फ्लोर उस समय साफ तो हो जाता है, पर कुछ ही देर में यह गंदा भी दिखने लगता है। आइए हम आपको बताते हैं कि क्या नहीं करनी चाहिए।**

# घर के फ्लोर को साफ करते वक्त कहीं आप भी तो नहीं करती हैं ये गलतियां?

घर के फ्लोर की साफ करते वक्त कई बार लोग कुछ गलतियां कर देते हैं, जिससे फर्श के काले-पीले दाग-धब्बे वैसे ही रह जाते हैं। कुछ लोग तो इसकी सफाई के दौरान गलत प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर लेते हैं, जिसके कारण भी ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर आपकी भी ये शिकायत है कि फ्लोर साफ करने के बाद भी यह शीशे की तरह नहीं चमकता है, तो हो सकता है कि आपसे कोई मिस्टेक हो गए हों। आइए हम आपको बताते हैं कि किन गलतियों के कारण आपके घर का फर्श घंटों मेहनत के बाद भी नहीं साइन करता है।

### फर्श को साफ करने के दौरा ये हैं कुछ आम गलतियां

गलत सफाई उत्पादों का उपयोग करना फर्श की सतह के लिए गलत सफाई उत्पादों का उपयोग करना फर्श को नुकसान पहुंचा सकता है। लकड़ी के फर्श के लिए, आपको खासकर लकड़ी के फर्श क्लीनर का उपयोग करना चाहिए। टाइल या पत्थर के फर्श के लिए, आप एक बहुउद्देशीय क्लीनर का उपयोग कर सकते हैं।

### फर्श को ज्यादा गीला कर देने की गलती

फर्श को बहुत गीला करने से लकड़ी के फर्श को नुकसान हो सकता है। वहीं, अगर टाइल्स या पत्थर के फर्श हैं, तो इसपर फिसलन हो सकती है। इसके अलावा, इसे सूखने में भी काफी समय लगता है।

### फर्श को अच्छी तरह से न सुखाना

फर्श को अच्छी तरह से न सुखाने से फर्श पर दाग लग सकते हैं और लकड़ी के फर्श को काफी नुकसान हो सकता है। फर्श को साफ करने के बाद, इसे हमेशा एक सूखे कपड़े से अच्छी तरह जरूर सुखाएं।

### खरोंच पैदा करने वाले चीजों से न करें फ्लोर की सफाई

फर्श पर खरोंच पैदा करने वाले चीजों का उपयोग करने से फर्श को नुकसान पहुंच सकता है। फर्श को साफ करने के लिए कभी भी स्टील वूल या खुरदरे स्पंज का उपयोग न करें।

### नियमित रूप से सफाई न करना

फर्श को नियमित रूप से साफ न करने से इसपर गंदगी और ज्यादा जम सकती है। ऐसे में, फर्श को साफ करना और भी ज्यादा मुश्किल हो सकता है। अपने फर्श को हर हफ्ते या दो हफ्ते में कम से कम एक बार जरूर साफ करें।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## तीसरा कार्यकाल

9 जून को नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं और उन्हें आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुन लिया गया है। नेता चुने जाते ही नरेंद्र मोदी ने उचित ही आश्वस्त किया कि वह अपनी अगली सरकार के सभी फैसलों में सर्वसम्मति सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। वह पहले भी गठबंधन की सरकार चला चुके हैं, मगर इस बार गठबंधन पर उनकी निर्भरता है। ऐसे में, सहयोगी दलों के साथ मिलकर चलना इस कार्यकाल की मांग है। यह अपने आप में सुखद है कि उनकी आगामी सरकार में दक्षिण भारत से चंद्रबाबू नायडू का मजबूत प्रतिनिधित्व रहेगा, तो उत्तर भारत से सबसे बड़े सहयोगी नीतीश कुमार रहेंगे। नायडू और नीतीश कुमार, दोनों को विश्वास में लेते हुए अगर केंद्र सरकार काम करती है, तो जाहिर है, विपक्ष को भी उसे अस्थिर करने के ज्यादा मौके नहीं मिलेंगे। विपक्ष तो इसी ताक में हमेशा रहेगा कि एडीए में फूट पड़े और भाजपा कमजोर हो। खैर, अब यह भारतीय इतिहास में दर्ज हो गया है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने संसदीय दल के नेता के रूप में नरेंद्र मोदी का नाम प्रस्तावित किया और उनके प्रस्ताव का अमित शाह, तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, बिहार के मुख्यमंत्री व जद-यू प्रमुख नीतीश कुमार और अन्य नेताओं ने समर्थन किया। प्रधानमंत्री के नाम पर गठबंधन में सर्वसम्मति है और अब उनके भावी कार्यकाल की ओर सबकी निगाह रहने वाली है। नरेंद्र मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल का महत्व अच्छी तरह समझ रहे हैं और इसी रोशनी में उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अगले दशक में भारत के लिए उनका व्यक्तिगत सपना सुशासन, विकास और प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुधार पर केंद्रित होगा। उन्होंने यह भी कहा है कि लोगों के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप कम करने से हमारा लोकतंत्र ही मजबूत होगा। वाकई अपने देश में अभी भी कोई नई पहल या किसी नए उद्यम की स्थापना आसान नहीं है। लोगों को तरह-तरह से परेशान करने वाली प्रक्रियाएं हैं, पुलिस के पास जरूरत से ज्यादा शक्तियां हैं, अत- नई सरकार अगर सामान्य जन-जीवन में सरकारी हस्तक्षेप को न्यूनतम कर सकी, तो यह एक बड़ा बदलाव होगा। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि हम विकास, सुशासन और समावेशी भागीदारी की एक नई यात्रा शुरू कर रहे हैं। वाकई, इसकी इस देश को जरूरत है। गौर करने की बात है कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने संविधान को अपने माथे से लगाया, उनका यह कृत्य दरअसल विपक्ष को दिया गया।

## आगे देखने का समय

भारत में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वोटों का अंतर काफी हद तक मिट चुका है। देश के दो प्रमुख राष्ट्रीय दलों- भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को अगर देखें, तो जहां सत्तारूढ़ भाजपा का वोट प्रतिशत घटा है, वहीं कांग्रेस का बढ़ा है। पहले बात भाजपा की करें, तो पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 37.3 प्रतिशत मत मिले थे, जिसमें इस बार एक प्रतिशत से कुछ ज्यादा की कमी आई है, पर सीटों की संख्या में तगड़ी गिरावट है। दूसरी ओर, 99 सीट जीतने वाली कांग्रेस का वोट प्रतिशत 19.5 प्रतिशत से बढ़कर 21.2 प्रतिशत हो गया है। वोट शेयर में बढ़त दो प्रतिशत भी नहीं है, लेकिन कांग्रेस की सीटों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। अगर हम राज्यवार जाएं, तो उत्तर प्रदेश में एनडीए और विपक्षी गठबंधन के मतों में अंतर एक प्रतिशत भी नहीं रह गया है, जबकि महाराष्ट्र में तो वोटों के मामले में इंडिया ब्लॉक मामूली अंतर के साथ एनडीए से आगे निकल गया है। पिछली बार उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन कम से कम 11 प्रतिशत वोटों से पीछे था। वोटों के आंकड़े आने वाले दिनों में स्पष्ट होंगे, लेकिन यह तय है कि विपक्ष ने वोटों की एक बड़ी खाई को पाट दिया है। कांटे की यह टक्कर आखिर क्या इशारा कर रही है? शायद दलों के बीच का अंतर घट रहा है। आम आदमी पार्टी को ही अगर हम देखें, तो बड़े दावे के साथ यह पार्टी राजनीति में आई थी। इस बार भी चुनाव अभियान बहुत जोर-शोर से चलाया गया था, पर अपने राज्य पंजाब में वह महज तीन सीट पर जीत दर्ज कर सकी है। पिछली बार पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने विपक्ष पर बिल्कुल झाड़ू फेर दिया था। शायद आम आदमी पार्टी में लोगों को कुछ खास नहीं दिखा। दिल्ली में भी पार्टी ने बहुत मेहनत की थी, चुनाव प्रचार के लिए अरविंद केजरीवाल विशेष जमानत के साथ बाहर आए थे।

# भाजपा जानती है गठबंधन सरकार का धर्म



**आर.के. सिन्हा**
पूर्व सांसद, राज्य सभा

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपना कामकाज संभाल लिया है। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। वास्तव में, भाजपा की पहली सरकार, जो 1996 में गठित हुई थी, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक गठबंधन की सफल प्रयोग वाली सरकार थी। भले ही वह केवल 13 दिनों तक चली। अटल जी 1998 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः वापस आए थे। इसलिए यह कहना सरासर गलत होगा कि भाजपा को गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। भाजपा को 2014 में 283 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। उन जीतों में मोदी जी की सबसे अहम भूमिका रही थी। लेकिन, पूर्ण बहुमत के बाद भी मोदी जी ने गठबंधन का धर्म निभाया। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीतीं- बहुमत से 32 कम। यह तय मानिए कि जो विकास का पहिया 2014 में घूमना शुरू हुआ था वह अब गठबंधन सरकार के दौर में भी आगे बढ़ता ही रहेगा।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में 14 पार्टियां शामिल हैं। उसमें भाजपा को 240 सीटों पर विजय मिली और शेष 53 सीटें हासिल कीं, उसकी सहयोगी दलों ने। अगर हम गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि कि भारत में सबसे पहले 1977-1979 गठबंधन सरकार बनी थी। कांग्रेस के 1977 में चुनाव हारने के बाद जनता पार्टी की सरकार देश में बनी थी। 1977 के चुनाव प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लगभग दो साल बाद हुए थे। श्रीमती गांधी ने आपातकाल हटा दिया और जनवरी 1977 में अचानक चुनावों की घोषणा की। गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी को जनता पार्टी नामक कई पार्टियों के एक गठबंधन द्वारा हराया गया था, जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती, भारतीय जनसंघ शामिल थी। जनता पार्टी को देश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला था। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे और लाल कृष्ण आडवाणी सूचना और प्रसारण मंत्री थे। उस सरकार में बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा, जॉर्ज फर्नाडीज जैसे जननेता भी शामिल थे। बहरहाल, जनता पार्टी की उस चुनाव में जीत के बाद मोरारजी देसाई प्रधान मंत्री बने। मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार दो साल तक चली। उसके बाद वैचारिक मतभेदों के कारण जनता पार्टी बिखर गई। मोरारजी देसाई सरकार में गृह मंत्री चरण सिंह को कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। संयोग देखिए कि अब चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उस एनडीए सरकार का हिस्सा हैं जिसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

बहरहाल, चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस पार्टी के बाहरी समर्थन से प्रधान मंत्री बने। लेकिन चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिनों तक चला क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे चरण सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस स्थिति के कारण देश में लोकसभा भंग करने के बाद 1980 में फिर चुनाव हुआ। इस बार इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गईं, जब कांग्रेस ने 353 सीटें जीतीं।

लोकसभा के 1989 के चुनाव परिणाम भारत के लिए एक नये दौर को लेकर आए। यह पहली बार था जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 529 सीटों में से 197 जीतने के बाद किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में भाजपा के समर्थन से प्रधान मंत्री बने। उनकी सरकार 1990 में गिर गई जब भाजपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया, जब उस समय के सबसे बड़े नेता, लाल कृष्ण आडवाणी को अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए आयोजित उनकी यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था।1989 से 2004 तक, छह आम चुनावों में एक भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। इनमें से कुछ गठबंधन विशेष रूप से अराजक रहे : 1989 और 1999 के बीच, आठ गठबंधन बनाए गए और कई जल्दी ही ढह गए। इस बीच, ये मानना होगा कि भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के समय ही आए। अटल बिहारी वाजपेयी, भाजपा के दिग्गज नेताओं में से एक रहे, जिन्होंने 1998 से 2004 तक एक सफल बहु-पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत में विदेशी निवेश बढ़ा, एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज हुआ, व्यापार बाधाओं को कम किया गया, और देश में आईटी क्रांति का जन्म हुआ। उनके ही दौर में देश ने पोखरण का परमाणु परीक्षण किया, पाकिस्तान के साथ तनाव को कम किया और अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए।

और अतीत में, सफल अल्पसंख्यक सरकारें और भी कम सीटों के साथ चलाई गई हैं। कांग्रेस 1991 में 232 सीटों के साथ और 2004 और 2009 में केवल 145 और 206 सीटों के साथ एक सफल अल्पसंख्यक सरकार चलाने में सक्षम कोशिश की थी। मैं मानता हूं कि मोदी जी जनता दल के नेता नीतीश कुमार और तेलुगू देशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू जैसे तपे हुए नेताओं के सहयोग से देश को एक मेहनती और ईमानदार गठबंधन सरकार देने में सफल रहेंगे। उन्हें अपनी पार्टी के अनेक अनुभवी नेताओं का समर्थन और सहयोग तो मिलेगा ही। अब लोकसभ चुनाव के बाद केन्द्र में सरकार गठित हो गई है। अब इंडिया गठबंधन को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। उन्हें हर बात पर सरकार को कोसना छोड़ना होगा। रोज़ विधवा विलाप करने की आदत छोड़नी होगी ।आप चुनाव प्राचर के समय तो कुछ भी बोलते हैं। पर चुनाव नतीजों के आने के बाद आपको अपनी बयानबाजी सोच-समझकर करनी होती है। हां, विपक्ष को सरकार को राष्ट्र हित के मसलों पर सजग करते रहना होगा। लोकतंत्र में वाद, विवाद, संवाद लगातार जारी रहना चाहिए। इसके बिना लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं है। इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिल कर देश को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में बढ़ना होगा।

संसद के दोनों सदनों में भी स्वस्थ और सार्थक बहसें हो, यह देश देखना चाहता है। संसद में हंगामा और वॉक आउट ही नहीं होना चाहिए। नरेन्द्र मोदी ने अपनी पार्टी के पुराण पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी को गठबंधन सरकारों को चलाते हुए देखा है। बेशक, वे गठबंधन सरकार को चलाते हुए अटल जी के फैसलों से प्रेरित होंगे।

## मायावती अगर 16 सीटों पर मदद नहीं करतीं तो मोदी का प्रधानमंत्री बनना मुश्किल हो जाता

(नीरज कुमार दुबे)

हाल के वर्षों में खासकर उत्तर प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा के उपचुनावों के समय बसपा ने कई जगह ऐसे उम्मीदवार दिये जोकि विपक्षी मतों का विभाजन करवा कर भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त कर सके। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती एक समय उत्तर प्रदेश और देश की राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाती थीं लेकिन समय ने ऐसी करवट बदली कि अब बसपा सिर्फ वोट कटवा पार्टी बन कर रह गयी है। अपनी शर्तों पर राजनीति करतीं रहीं मायावती की पार्टी का उत्तर प्रदेश में मात्र एक विधायक है जबकि कभी यहां उनके पास पूर्ण बहुमत हुआ करता था। मायावती ने चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री का पद संभाला लेकिन आज वह अपनी पार्टी को नहीं संभाल पा रही हैं। चुनाव विधानसभा के हों या लोकसभा के, मायावती और बसपा जिस बेमन से चुनाव लड़ते हैं उससे आरोप लगता है कि वह भाजपा की बी टीम हैं। जब अन्य दलों की तीन-चार दर्जन रैलियां हो जाती हैं तब मायावती प्रचार के लिए निकलती हैं। इसके अलावा, हाल के वर्षों में खासकर उत्तर प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा के उपचुनावों के समय बसपा ने कई जगह ऐसे उम्मीदवार दिये जोकि विपक्षी मतों का विभाजन करवा कर भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त कर सके। इस बार के लोकसभा चुनावों से पहले मायावती को इंडिया गठबंधन में शामिल होने का न्यौता दिया गया था लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया था। उत्तर प्रदेश में जिस तरह इंडिया गठबंधन की जीत हुई है उससे प्रतीत होता है कि यदि मायावती ने इंडिया गठबंधन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया होता तो भाजपा को और भी नीचे लाया जा सकता था। मायावती ने जब इंडिया गठबंधन में शामिल नहीं होकर अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय किया था तब भी कहा गया था कि ऐसा वह भाजपा के दबाव में कर रही हैं। यही नहीं उनके उत्तराधिकारी और भतीजे आकाश आनंद ने जब लोकसभा चुनाव प्रचार में धुआंधार रैलिया करनी शुरू कीं और उन्हें मीडिया भी तवज्जो देने लगा तो एकदम से आकाश आनंद के पर इस बात को लेकर कतर दिये गये कि उन्होंने एक रैली में हिंसा भड़काने जैसा बयान दिया। देखा जाये तो आकाश आनंद ने जो कहा था वह गलत था लेकिन चुनावी रैलियों के दौरान विभिन्न दलों के नेता आकाश आनंद से भी ज्यादा बढ़-चढ़कर बातें कह रहे थे। अब जबकि लोकसभा चुनाव परिणाम सामने आ गये हैं तो एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि मायावती की ओर से अकेले लड़ने का निर्णय संभवतः भाजपा की मदद करने के लिए किया गया था। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश में भले एक भी लोकसभा सीट नहीं जीती हो लेकिन उसने 16 सीटों पर दूसरों का खेल बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। 16 सीटों पर बसपा को जितने वोट मिले हैं वो मुख्य प्रतिद्वंद्वियों की हार और जीत के अंतर से ज्यादा हैं। यह सभी 16 सीटें एनडीए के खाते में गयी हैं। इनमें से 14 सीटें भाजपा के पास हैं। एक सीट राष्ट्रीय लोक दल के पास और एक सीट अपना दल (सोनेलाल) के पास गयी है। कल्पना कीजिये कि यदि मायावती के उम्मीदवार मैदान में नहीं होते तो भाजपा को 240 की जगह 226 सीटें ही मिली होतीं और एनडीए का कुल आंकड़ा भी 278 सीटों का ही होता। आज उत्तर प्रदेश में भाजपा जो 33 सीटें लेकर आई है यदि मायावती के उम्मीदवार नहीं होते तो यह नंबर 19 हो सकता था। मायावती ने भाजपा की किस तरह मदद की इसको समझने के लिए उत्तर प्रदेश की भदोही सीट को देखें जहां पर बसपा प्रत्याशी को 1.6 लाख वोट मिले जिसने भाजपा उम्मीदवार डॉ. विनोद कुमार बिंद की जीत का रास्ता साफ कर दिया। इसी प्रकार मिर्जापुर में अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल 37810 वोटों से जीत पाईं क्योंकि बसपा के मनीष कुमार ने 1.4 लाख वोट लेकर सपा उम्मीदवार का खेल बिगाड़ दिया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5397

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 6 | | 7 | | | |
| | 4 | | 3 | | 9 | 8 | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 3 | |
| 6 | 3 | | 1 | 2 | 5 | | 9 | 4 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | | | | 7 | 6 |
| | | 7 | 2 | | 6 | | 1 | |
| | | | 5 | | 3 | | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5396

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 |

## वर्ग पहेली 5397



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1923 को जन्में बॉलीवुड के एक महान पार्श्व गायक (3)
4. महात्मा गांधी ने केवल एक बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की 1924 में यहां अध्यक्षता की (4)
8. अफसोस, रंग, पश्चाताप (3)
9. अटकल, आंकलन (4)
10. गेरुआ, केसरिया (3)
12. फतह, विजय (2)
14. अमानत में खयानत (3)
16. पास, निकट, नजदीक (3)
18. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
19. बांस की चटाई (3)
20. वेश, परिधान, नाट्य वेश, प्रोत (2)
22. भाग्यशाली को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
23. अनलंकृत, फैशनहीन, सामान्य (2)
24. धब्बा (2)
25. लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष जो मध्यप्रदेश के राज्यपाल भी रह चुके है (5)

**ऊपर से नीचे**
1. सन 1960 से 1980 तक की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक (4)
2. कदरी, भगवान के भोग के निमित्त लगने वाले फलों में से एक (2)
3. कीटों का प्रकार, परवाना, पतंगा (3)
4. यह मध्यप्रदेश में बहने वाली एक नदी है (3)
5. सौ हजार की संख्या (2)
6. गमनशील, प्रस्थानशील, सृत्वर (2)
7. मनुहार, मन्नत, मनौति, खुशामद (4)
11. निर्धन, कंगाल, जिसके पास धन न हो (3)
13. ईश्वर या खुदा को यह भी कहते है (5)
14. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जॉर्जटाउन है (3)
15. एक प्रकार विस्फोटक पदार्थ का बना गोला (2)
17. एक दिवंगत चरित्र अभिनेत्री (2)
19. समूह, गुट, फूल की पंखुडी (2)
20. एक प्रकार की शुष्क मेवा (3)
21. घर्षण, घिसघिसाहट (3)
23. अभाजित, कुल, तमाम, अविभक्त (2)
24. अंगूर, किशमिश, द्राक्षा (2)

### वर्ग पहेली 5396 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | | ब | हु | त |
| ति | ल | क | मो | द | द | | मी |
| थि | | मं | | ती | रं | दा | ज |
| | सं | डे | | ला | ग | त | |
| क | | श | की | ल | | व्य | स्त |
| म | हा | न | | ने | क | | न |
| ब | ल | | राह | ह | | म | हा |
| ख्त | | आ | ब | रू | | स्त | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य का साथ मिल रहा है और आपके धन में वृद्धि होने के योग हैं। घर में आय के नए स्रोत विकसित होंगे और कहीं से आपका रुका पैसा आने से घर के अधूरे पड़े कार्य फिर से आरंभ हो सकते हैं। शत्रु और प्रतिद्वन्दी पक्ष के लोग पराजित होंगे और आपकी स्थाई मित्रता में लाभ होगा। समय का लाभ उठाएं।

### वृष
आज लाभ होगा और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपके कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। महान व्यक्तियों की कृपा से धन लाभ होगा। आपको आज हर कार्य में सफलता मिलने के योग हैं। आपको धन में वृद्धि होगी और किस्मत का साथ मिलेगा और योजनाएं सफल होंगी। करियर में आपकी किस्मत साथ देगी।

### मिथुन
आज का दिन सुख शांति का रहेगा और आपके घर में हर प्रकार के विवाद का अंत होगा। आज तनाव कुछ कम होगा। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। आपकी आज किसी मामले में जीत होगी और भाग्य में वृद्धि होगी। आपको सफलता प्राप्त होगी।

### तुला
आज का दिन हर मामले में संभलकर चलने का है। आपको हर प्रकार के विवाद से बचने की सलाह है। अपने काम पर फोकस करें और किसी की बातों पर ध्यान न दें। व्यवसाय में सावधानी बरतें और जोखिम के काम से दूर रहें। आपके धन में वृद्धि होगी और शाम के वक्त कोई मिलने आपसे आपके घर आ सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आपके कारोबार में सुधार होगा। इच्छित धन लाभ होने से मनोबल बढ़ेगा। आपको संतान पक्ष के लोगों से खुशी का समाचार प्राप्त होगा। आपके दांपत्य सुख में वृद्धि होगी और किस्मत आपका साथ देगी। आपका रिश्तेदारों से तनाव कम होगा और आपस में प्रेम बढ़ेगा। समय का लाभ उठाएं।

### धनु
आज भाग्य में वृद्धि होगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन लाभ होगा और आपके कोष में वृद्धि होगी। शाम के समय आपको कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा। आपके घर में कोई शुभ घटना होने से पूरे परिवार में हर्ष रहेगा। रात में किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। आपके धन में वृद्धि होने से आपको लाभ होगा।

### कर्क
आज का दिन मिलाजुला रहेगा और आज आपको लाभ होगा। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको भाग्य का साथ मिलेगा और धन में वृद्धि के योग हैं। किसी भी कार्य में आ रही बाधाएं दूर होंगी और आपके लिए सफलता के संयोग बन रहे हैं। शुभ व्यय से आपकी कीर्ति में वृद्धि होगी। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं और आपके धन में वृद्धि होगी। आपका खोया हुआ धन या रुका हुआ पैसा मिल जाएगा। किसी कठिन समस्या का समाधान भी हो जाएगा। आपको आज हर मामले में किस्मत का साथ मिलेगा।

### कन्या
आज परेशानी और समस्या में बीतेगा और आपका कोई काम करने में मन नहीं लगेगा। कारोबार में भी आपका दिन हल्का रहेगा। किसी मामले में सकारणीय यात्रा हो सकती है। शाम को करियर के मामले में आपको कुछ अच्छे समाचार मिलने से आपके मन में काफी संतोष रहेगा।

### मकर
आज का दिन काफी व्यस्तता वाला रहेगा। लेकिन फिर भी आप तनाव से दूर रहेंगे। आपेक लिए ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं। खर्च पर कंट्रोल रखें और पैसे देखकर खर्च करें। विवेक से काम लें और किसी प्रकार के विवाद में न उलझें। हानि हो सकती है। सेहत के मामले में लापरवाही से आपको नुकसान हो सकता है। खानपान में सावधानी बरतें।

### कुंभ
आज किस्मत साथ देगी और आज का दिन आपके लिए प्रभाव प्रताप का बढ़ाने वाला है। ज़मीन जायदाद के मामले में कोई डील करने से पहले अच्छे से सोचविचार कर लें। अकल्पित लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से आपका कोई बिगड़ा काम बन सकता है। बहुत समय से स्थगित चल रहे महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण होंगे और उनमें गति आएगी।

### मीन
आज करियर के मामले में भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी कारोबार से जुड़ी सभी योजनाएं सफल होंगी। राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा और आपके सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन होने के योग हैं और आपको किस्मत का साथ मिलेगा। रात में किसी विशेष समारोह में शामिल होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### सुपर-हीरो की थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मान

**रांची, एजेंसी।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर में रविवार को समर हॉलीडे श्रृंखला के अंतर्गत सुपर हीरो संडे आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने भी जमकर आनंद उठाया। बच्चों के लिए एक सुपर हीरो थीम पर सेल्फी कॉर्नर बनाया गया था। साथ ही सुपरहीरो की थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुआ। सुपर हीरो फिल्मों और सीरियल के गानों के थीम पर आधारित क्विज टाइम का आयोजन हुआ। बच्चों को इन थीम सॉन्ग को सुना कर उससे संबंधित प्रश्न पूछे गए। सभी सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों को दीपांजलि डांस ग्रुप के निदेशक विपुल नायक ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह की को-चेयर पर्सन डॉ. विद्या झा, निदेशक सुमित रूंगटा, संतोष कुमार, धीरज कुमार, आनंद आदि उपस्थित थे। 16 जून को समर हॉलीडे श्रृंखला के अंतर्गत फादर्स डे पर विशेष कार्यक्रम शाम 6 बजे से किया जाएगा।

### अबुआ आवास पूरा करने का बीडीओ ने दिया निर्देश

**गुड़ाबांदा, एजेंसी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह शनिवार को सिंहपुरा एवं मुड़ाकाटी पंचायत का दौरा कर अबुआ आवास के लाभुकों के कार्य का निरीक्षण किया। सभी लाभुकों को गाइडलाइन के अनुसार और समय सीमा पर आवास निर्माण करने का निर्देश दिया गया। समय सीमा के अंदर आवास निर्माण नहीं करने पर नियम संगत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। लाभुकों में नामिता भुइयां, गुरुवारी महली, शुकुरमनी महली, कनकलता महतो, गुरुवारी सबर, तारारानी महतो, संध्या रानी, सुमी सोरेन, सुनीता सोरेन आदि लाभुकों के आवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिंहपुरा पंचायत के मुखिया कनाईलाल महली और पंचायत सचिव उपस्थित थे।

### ठगी का नया तरीका- एटीएम में कार्ड फंसा, इंजीनियर बनकर साइबर ठग ने 42 हजार की कर ली निकासी

**रांची, एजेंसी।** रांची में साइबर अपराधी अब कार्ड फंसने पर एटीएम मशीन में अपना मोबाइल नंबर लगाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। नया मामला सदर थाना क्षेत्र के डुमरदगा स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के एटीएम का है। शाखा प्रबंधक ने पुलिस को बताया कि तीन जून को दो लोगों ने एटीएम में कार्ड फंसने की शिकायत की। इसके बाद बैंक ने मामले की जांच की। सीसीटीवी कैमरा से फुटेज खंगाला। पाया कि दो अज्ञात व्यक्ति एटीएम में घुसकर लॉक को तोड़ा। फिर उसमें कार्ड रीडर को निकाल लिया। मशीन में इंजीनियर के रूप में अपना मोबाइल नंबर अंकित कर दिया। इसी क्रम में तीन जून को बारी-बारी से दो व्यक्ति पैसा निकासी के लिए एटीएम पहुंचे। दोनों व्यक्ति का कार्ड फंस गया। दोनों ने बारी-बारी से मशीन में अंकित नंबर पर फोन किया और पूछने पर पासवार्ड बताया। कहा कि बैंक से कार्ड मिल जाएगा। जब दोनों व्यक्ति वहां से निकल गए तो ठग एटीएम पहुंचा और कार्ड निकालकर दो बार में करीब 42 हजार रुपए की निकासी कर ली। शिकायत मिलने के बाद शाखा प्रबंधक ने सदर थाने में मामला दर्ज कराया।

### कोयला अधिकारियों के लाइफ कवर स्कीम में 31,250 रुपए की वृद्धि

**धनबाद, एजेंसी।** कोल इंडिया ने अधिकारियों के लाइफ कवर स्कीम में 31,250 (31 हजार 2 सौ 50 रुपए) रुपए की वृद्धि की है। कोल इंडिया के महाप्रबंधक (श्रम शक्ति एवं औद्योगिक संबंध) गौतम बनर्जी की ओर से आदेश जारी किया गया है। पहले लाइफ कवर स्कीम के तहत सवा लाख रुपए (1,25,000 रुपए) था। कोल इंडिया बोर्ड ने इसे बढ़ाकर 1,56,250 रुपए कर दिया है। जारी आदेश में लिखा गया है कि जब जब गैर अधिकारियों के लाइफ कवर स्कीम में वृद्धि होगी, उसी तिथि से अधिकारियों के लिए भी लाइफ कवर स्कीम में वृद्धि की जाएगी। जारी आदेश में सभी अनुषंगी कंपनियों को कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। मालूम हो कोयला अधिकारी की मौत हो जाने पर उक्त राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाता है। कोल इंडिया के उक्त फैसले का सीएमओएआई ने स्वागत किया है। सीएमओएआई के अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह, महासचिव निर्झर चक्रवर्ती, एपेक्स के उपाध्यक्ष सुनील कुमार एवं सीएमओएआई के पूर्व महासचिव भवानी बंदोपाध्याय ने स्वागत किया।

# पालामू में छाएगा बालू का संकट! निर्माण कार्यों पर लगेगी रोक, एनजीटी का आदेश जारी



**मेदिनीनगर, एजेंसी।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधीकरण के 10 जून से 15 अक्टूबर तक सीधे घाटों से बालू उठाव पर रोक का नियमित आदेश सोमवार से स्वतः प्रभावी हो जाएगा। इसका असर जिले के पंचायत स्तर के कैटेगरी-वन के संचालित दर्जाधिक बालू घाटों पर देखने को मिलेगा। वहीं अगर प्रशासनिक कड़ाई हुई तो नदियों से बोरी में बालू भरने के काम पर भी रोक लग सकती है। इसके बाद पूरे जिले में भयंकर बालू संकट का आना तय है। इससे संपूर्ण जिले में निर्माण कार्य प्रभावित होंगे और काम की तलाश में मजदूर दूसरे राज्यों में पलायन को विवश होंगे। वहीं, दूसरी ओर अभी चोरी-छिपे बालू के स्टॉक रखने वाले तत्व मनमाने दाम पर बालू बेचना भी शुरू कर देंगे। वैसे राज्य सहित पलामू जिले में यह स्थिति एक दिन में तो नहीं उत्पन्न हुई है।

गौरतलब हो कि पहले ही राज्यस्तरीय विशेषज्ञ आकलन समिति (सिया) की रांची में 16 से 18 तक आयोजित बैठक में पलामू के एक भी कैटेगरी-टू के घाटों की पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव नहीं पहुंच सका था।

**नंवबर में पूरी हो गई थी ई-टेंडर की चयन प्रक्रिया :** बता दें कि झारखंड खनिज विकास निगम को आवंटित जिले के कैटेगरी (टू) ए और बी के 10 बालू घाटों पर माइंस डेवलपर ऑपरेटर (एमडीओ) के ई-टेंडर से चयन की प्रक्रिया नवंबर माह पहले ही पूरी हो गई थी। निगम द्वारा एमडीओ से बतौर सुरक्षित राशि चार करोड़ रुपये से अधिक जमा भी करवा ली गई थी। लेकिन राज्यस्तरीय पर्यावरण प्रभाव समिति (सिया) का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद इन घाटों के पर्यावरण स्वीकृति का मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। पिछले माह नई समिति के गठन के बाद सभी 10 घाटों के अनुमोदित खनन योजना के आधार सिया द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की जानी थी।

निगम द्वारा समय पर तैयारी नहीं करने के कारण सिया की उक्त बैठक में प्रस्ताव को नहीं लाया जा सका। जानकार बताते हैं कि अब जून या उसके बाद के माह में ही बालू घाटों की अंतिम स्वीकृति मिल सकती है। इसके बाद झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ प्राप्त करने बाद ही बालू घाटों का नियमित संचालन किया जा सकेगा।

यहां राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) द्वारा प्रति वर्ष 15 जून से 15 अक्टूबर तक घाटों से बालू उठाव पर रोक लगा दी जाती है। तब तक जिले में बालू संकट समाप्त होने की कोई संभावना नहीं है। मालूम हो कैटेगरी (टू) ए और बी के घाटों के उठाव के लिए रांची स्थित सिया से अनुमोदित खनन योजना के आधार पर पर्यावरणीय स्वीकृति लेना आवश्यक होता है। सिया के सहमति पत्र के आधार पर ही जिला खनन कार्यालय द्वारा बालू परिवहन के लिए चालान निर्गत करने का प्रावधान है। झारखंड खनिज विकास निगम को आवंटित जिले के कैटेगरी (टू) ए और बी के 10 बालू घाटों पर माइंस डेवलपर आपरेटर (एमडीओ) के ई-टेंडर से चयन किया था। इसके लिए सभी चयनित आपरेटरों ने करीब चार करोड़ की सुरक्षित राशि विभाग को जमा भी कर दी थी।

बावजूद इसके अभी जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद अंचल के सोन नदी, मौजा-दंगवार, कैटेगरी-बी, रकबा-38.43 हेक्टेयर के लिए रांची के क्लासिक इंजीकान प्रालि. को न्यूनतम दर के आधार पर चयन किया गया था।

इसी तरह पटना बिहार के नरसिंह सिंह ने हैदरनगर व मोहम्मदगंज अंचल के सोन नदी मौजा-कबरा कलां, कैटेगरी-बी, रकबा-10.52 हेक्टेयर, मौजा-परता, कैटेगरी-बी, रकबा-30.45 हेक्टेयर, अंचल-हैदरनगर नदी-सोन में मिहिजाम वाइन ट्रेडर्स को एमडीओ के रूप में चयन किया गया है।

## कब्जा दिलाने पहुंची पुलिस ने दुकानदारों को दी 10 दिनों की मोहलत




**धनबाद, एजेंसी।** जमीन विवाद के एक पुराने मामले में कोर्ट के आदेश पर नाजिर पुलिस बल के साथ पुराना बाजार रतनजी रोड पहुंचे थे। शरद दुदानी को जमीन का कब्जा दिलाना था। हालांकि कुछ तकनीकी अड़चन और दुकानदारों के आग्रह के कारण दखल नहीं दिलाया जा सका। दुकानदारों को जमीन खाली करने के लिए 10 दिनों की मोहलत दी गई है। इस मामले को लेकर रतनजी रोड में तीन-चार घंटे गहमागहमी का माहौल रहा।

जमीन पर मालिकाना हक को लेकर दुदानी परिवार और जमीन के कब्जाधारी निसार आलम के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस जमीन पर 32 दुकानें हैं, जिसे निसार आलम ने किराए पर लगा रखा है। 1969 में दुदानी परिवार इस मामले को लेकर न्यायालय गया था। न्यायालय ने दुदानी परिवार के पक्ष में फैसला दिया। इस मामले में रविवार को जमीन का कब्जा दिलने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए नाजिर पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे थे। शरद दुदानी स्वयं भी मौजूद थे। जमीन पर बनी किराए की दुकान से अपनी रोजी-रोटी चला रहे दुकानदारों, पुराना बाजार चैंबर और चैंबर ऑफ पुराना बाजार के पदाधिकारियों के कहने पर 10 दिनों की और मोहलत दी गई है।

**एक साथ आया दोनों चैंबर**

पुराना बाजार में हमेशा एक-दूसरे के आमने-सामने रहने वाले पुराना बाजार चैंबर और चैंबर ऑफ पुराना बाजार के सदस्य दुकानदारों को उजड़ने से बचाने के लिए एक साथ दिखे। एक ओर जहां पुराना बाजार चैंबर के अजय नारायण लाल दुकानदारों के साथ थे।

## लगातार बढ़ रही तपिश ने ग्रामीणों का जीना किया दूभर

**देवघर/सारठ , एजेंसी।** गर्मी की लगातार बढ़ रही तपिश ने प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। चिलचिलाती धूप, गर्म हवा के साथ प्रचंड उमस गर्मी के चलते ग्रामीण अपने घरों में दुबके रहने को विवश हो रहे हैं। चिलचिलाती धूप व असहनीय गर्मी के कारण दिन के दस बजते ही बाजार के साथ चौक-चौराहों व सड़कें वीरान देखे जा रहे हैं। प्रचंड गर्मी को देखते हुए डॉक्टरों का कहना है कि अगर गर्मी इसी तरह बढ़ती रही तो उसका असर आमलोगों के स्वास्थ्य पर सीधा पड़ने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए चिलचिलाती धूप और असहनीय गर्मी से बचने के लिए घरों से बाहर न ही निकलें तो अच्छा है। वहीं आमलोगों का कहना है कि चिलचिलाती धूप व प्रचंड उमस गर्मी अपने सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए आगे बढ़ रही है। दिन में उमस भरी गर्मी और लू की लपटें आग जैसी महसूस हो रही है। यूं मानों जैसे आग के गोले शरीर को झुलसा रहे हों। भीषण उमस वाली गर्मी के कारण आमलोगों के साथ पशु-पक्षियों को भी व्याकुल देखा जा रहा है। वहीं दिन के साथ रात में भी गर्म हवा एवं उमस भरी प्रचंड गर्मी बिजली पंखे, कूलर की हवा को धत्ता बताते हुए लोगों को परेशान कर रहे हैं। दूसरी ओर बिजली रानी के आने-जाने की लचर व्यवस्था के कारण ग्रामीण खासे परेशान देखे जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर चिलचिलाती धूप और असहनीय गर्मी के कारण लोगों को शीतल पेयजल की बोतल बाजार से खरीदते देखा जा रहा है। वहीं शीतल पेयजल बोतल विक्रेताओं द्वारा मनमाने दामों पर ठंडा मिनिरल वाटर बेचा जा रहा है। लोगों को मजबूरन मुल्य चुकाने पड़ते हैं।

# अन्नपूर्णा-संजय को कैबिनेट में जगह मिलने से झारखंड में बीजेपी को कितना होगा फायदा!



**रांची, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार रविवार को देश की बागडोर संभाल ली। उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई। मोदी सरकार 3.0 के मंत्रिमंडल में झारखंड के दो भाजपा सांसदों अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ को जगह मिली है। अन्नपूर्णा देवी को जहां कैबिनेट मंत्री बनाया गया है वहीं सजय सेठ राज्य मंत्री बनाए गए हैं। 2019 में चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुई अन्नपूर्णा को तब कोडरमा सीट से उतारा गया था। तब उन्होंने बड़ी जीत हासिल की थी। मोदी सरकार 2.0 में उन्हें शिक्षा राज्य मंत्री बनाया गया था। इस बार दोबारा कोडरमा सीट से उन्हें उतारा गया।

इस बार उन्होंने राज्य में सबसे ज्यादा 3,77,014 वोट से जीत हासिल की। चुनाव में उन्होंने बगोदर से माले विधायक विनोद सिंह की कड़ी शिकस्त दी। इस बार मोदी सरकार में उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। झारखंड भाजपा में अन्नपूर्णा का कद बड़ा कर यादव समाज को साधने की कोशिश की गई है। वहीं संजय सेठ को मंत्रिमंडल में लाकर भी बड़े तबके को जोड़ने की कोशिश की गई है।

**अन्नपूर्णा-संजय के बहाने भाजपा ने ओबीसी को साधा :** मोदी सरकार 3.0 के मंत्रिमंडल में झारखंड अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ को शामिल कर भाजपा ने ओबीसी वोटरों को साधने की कोशिश की है।

अन्नपूर्णा देवी जहां यादव समाज से आती हैं, वहीं संजय सेठ वैश्य समाज से ताल्लुक रखते हैं। झारखंड भाजपा में अन्नपूर्णा का कद बड़ा कर यादव समाज को साधने की कोशिश की गई है।

झारखंड में राजद के कमजोर पड़ने के बाद तकरीबन आठ से दस प्रतिशत आबादी वाले यादव समाज को साथ जोड़ने की नियत से ही पहली बार 2019 में अन्नपूर्णा को मंत्री बनाया गया था। झारखंड में भाजपा वैश्य वोट बैंक को भी साध रही है। वैश्य समाज से पहली बार रांची सांसद संजय सेठ को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। झारखंड के आठ भाजपा सांसदों में तीन वैश्य समाज से आते हैं। ऐसे में संजय सेठ को मंत्रिमंडल में लाकर इस समाज को जोड़े रखने की कोशिश भाजपा ने की है।

इस बीच अन्नपूर्णा देवी ने कहा, विकसित भारत पीएम मोदी का संकल्प है और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए अनवरत श्रम और सेवा करूंगी।

विकसित भारत के निर्माण में विकसित कोडरमा और विकसित झारखंड प्रमुख अवयव होगा। वहीं संजय सेठ ने कहा, झारखंड के प्रति मेरी जिम्मेवारी और जवाबदेही बढ़ गई है। देश में हो रहे विकास को झारखंड तक लाना मेरी प्राथमिकता है। छोटे-छोटे उद्योग के साथ बड़े उद्योग भी झारखंड में लाने का प्रयास करूंगा।

## बहन से छेड़खानी का विरोध किया तो घर में घुसे 20 बदमाश, भाई को घर से निकाल पीटा



**रांची, एजेंसी।** सदर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा स्थित कुट्टी गली में रविवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे 20 बदमाशों ने जमकर गुंडागर्दी की। बहन से छेड़खानी का विरोध करने पर नाराज बदमाश 20 गुंडों को लेकर हथियार के साथ दिनदहाड़े घर में घुस गया और उसके भाई को बेरहमी से पीटा। इसके बावजूद जब बदमाशों का मन नहीं भरा तो पीड़ित भाई को पीटते हुए घर से बाहर निकाला और बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर बेल्ट से मारा। पीड़ित युवक का नाम अभिषेक वर्मा है। अभिषेक के पिता मनोज वर्मा ने सदर थाने में आरोपी बदमाश रोशन यादव समेत 30 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपी रोशन यादव भी चूना भट्ठा का ही रहने वाला है।

दर्ज प्राथमिकी के साथ पीड़ित ने पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपा है, जिसमें बदमाश घर में घुस कर मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने छापेमारी की, लेकिन सभी आरोपी अपने घरों से फरार मिले। टेक्निकल सेल की मदद से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

**सदर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा की घटना, कई ने चेहरे पर बांध रखे थे कपड़े**

2 दिन पहले हुई छेड़खानी की घटना का विरोध किए जाने के बाद आरोपी रोशन यादव ने पूरी प्लानिंग के साथ जिस तरह से घटना को अंजाम दिया है, उससे पूरे मोहल्ले के लोग डरे-सहमे हुए हैं। आरोपी के खिलाफ कोई कुछ बोलने को भी तैयार नहीं है। पहचान छुपाने की नियत से सभी बदमाशों ने अपने-अपने चहरे पर गमछा व रूमाल बांध रखा था। इसके बावजूद पीड़ित परिवार ने मुख्य आरोपी समेत कई अन्य की पहचान कर ली है।

**पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी**

घर में घुस कर मारपीट कर रहे बदमाशों ने वहां रखे 7 लैपटॉप व अन्य सामान को क्षतिग्रस्त किया। अभिषेक को मारपीट कर घायल करने के बाद जाते-जाते बदमाशों ने धमकी दी है कि इसके बाद भी अगर कुछ बोलने की हिमाकत की तो पूरे परिवार को जान से मार देगा। घटना के बाद और धमकी दिए जाने के बाद पूरा परिवार दहशत में है।

## मजलिस की बांग्ला भाषा शिक्षण कक्षा संपन्न

**रांची, एजेंसी।** मेकॉन और सेल की बंगाली बिरादरी के सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन मजलिस की ओर से संचालित एक माह के बांग्ला भाषा शिक्षण कक्षा का समापन रविवार को हुआ। मेकॉन कम्युनिटी हॉल में आयोजित समापन समारोह में कक्षा में भाग लेनेवाले बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों को स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र देने के साथ हुई। बांग्ला कक्षा के शिक्षकों तनुश्री दासगुप्ता, देबाश्री साहा और कबिता दास को भी सम्मानित किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। ऋषित साहा ने वाद्य-संगीत की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद रायसा ने बांग्ला कवि सुकुमार राय के अबोल ताबोल और दीपक कुमार ने कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर के प्रोश्नो की प्रस्तुति दी।

इसके बाद ओली चक्रवर्ती ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, कौशानी गोस्वामी, देवांशी मंडल, आर्य गांगुली, प्रदीप्त प्रधान, शिवदूती मोदक और रायसा ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जिसका निर्देशन शिल्पिता गांगुली ने किया था। इहिता दत्ता, कियान घोष, स्लीजा प्रमाणिक, प्रोमीत, सहाना, समद्रिता, शुभम, सोमजन और सुभोजित ने समूह गीत गाए, जिसका निर्देशन अमृता चटर्जी ने किया। अपराजिता बनर्जी, अरुंधति बनर्जी, शाइना घोष, स्लीजा, शुभानीश डे, कियान, अभिराज रॉय और अरूप, ने गार्गी घोषाल के निर्देशन में आवृत्ति प्रस्तुत की। में जना। नृत्य कार्यक्रम चोल बंधु होबी, की प्रस्तुति अद्रिजा कुमार, शांभवी मोदक, समद्रिता चक्रवर्ती, संस्कृति मंडल, अनामित्रा मेटे, आरुषि माई, ने दी। इस कार्यक्रम की कोरियोग्राफी बिपासा भट्टाचार्य ने की थी। इसमें कीबोर्ड पर ऋषित साहा और उनके साथ रश्मिता राय और अविघ्न चौधरी ने सहयोग दिया। कबिता दास ने निर्देशन समूह गीत प्रस्तुत किया गया।

## हिंदी विद्यापीठ के संयुक्त व्यवस्थापक बने अशोकानंद झा



**देवघर , एजेंसी।** हिंदी विद्यापीठ प्रबंध परिषद की आवश्यक बैठक रविवार को आयोजित की गई। संस्थान की कुलपति डॉ. प्रमोदिनी हांसदा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान व्यवस्थापक सह पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णानंद झा के सुपुत्र अशोकानंद झा को सर्वसम्मति से संयुक्त व्यवस्थापक के पद पर मनोनीत किया गया।

इस बीच सभी सदस्यों ने व्यवस्थाक डॉ. झा के कार्यभार की अधिकता को देखते हुए सुचारू रूप से कार्य संचालन के लिए बतौर कार्यकारिणी सदस्य कार्य कर रहे अशोकानंद झा को संयुक्त व्यवस्थापक पद के लिए उपयुक्त बताया। इस बीच कुलपति डॉ. प्रमोदिनी हांसदा समेत कार्यकारिणी के अन्य सदस्य मोतीलाल द्वारी, डॉ. शंकर नाथ झा, प्रदीप बाजला, कोषाध्यक्ष- रमेश बाजला, हारुण शैलेंद्र, उदय प्रसाद, प्राचार्य डॉ. संजय कुमार खवाड़े, कुलसचिव केके ठाकुर ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए संयुक्त व्यवस्थापक को शुभकामनाओ के साथ पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। सभी सदस्यों ने इनके अनुभव व विद्वता के गुणों पर भरोसा व्यक्त करते हुए संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर नव मनोनीत संयुक्त व्यवस्थाक अशोकानंद झा ने भी अपने पिता डॉ. कृष्णानंद झा के कुशल निर्देशन में बेहतर कार्य करने का भरोसा दिलाया। मौके पर उपस्थित व्यवस्थापक डॉ. कृष्णानंद झा ने हर्ष व्यक्त करते हुए संयुक्त व्यवस्थाक अशोकानंद झा को अपने कुशल नेतृत्व से संस्थान को आगे ले जाने की शुभकामनाएं दी।

# गढ़वा, पलामू में ऑरेंज तो 12 जिलों में यलो अलर्ट, गर्मी से फिलहाल राहत नहीं




**रांची, एजेंसी।** झारखंड के कई जिले एक बार फिर भीषण गर्मी की चपेट में हैं। राज्य के कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर रहा है। प्रदेश के पलामू इलाके में सबसे भीषण गर्मी पड़ रही। मौसम विभाग ने आज से लेकर 15 जून तक लू का अलर्ट जारी किया है।

राज्य के गढ़वा और पलामू जिले में हीट वेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्कता बरतने को कहा है। वहीं चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, देवघर, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम के साथ सरायकेला खरसांवा में यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक झारखंड में मानसून देर से एंट्री होगी।

**स्कूलों की बदली टाइमिंग :** गर्मी छुट्टी के बाद से स्कूल शुरू हो गए हैं लेकिन राज्य में अभी भीषण गर्मी से राहत नहीं मिली है। राज्य के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने में पत्र जारी कर कहा है कि राज्य के सभी स्कूल 15 जून तक सुबह 7 बजे से 11.30 तक ही चलेंगे। ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों ने बढ़ती गर्मी को देखकर अभी भी स्कूल बंद रखा है।

**राज्य में देर से दस्तक देगा मानसून :** राज्य में अभी गर्मी से किसी बड़े राहत की उम्मीद नहीं है। राज्य में प्री मानसून की बारिश 13 जून के बाद आने की संभावना है। राज्य के कई हिस्सों में इसका असर रहेगा। 16 जून के बाद राज्य में मानसून की एंट्री होगी। मानसून संथाल परगना के रास्ते झारखंड में प्रवेश करने की जानकारी मौसम विभाग ने दी है।

राज्य के मध्य और दक्षिणी भाग में आज बारिश के भी आसार हैं। राज्य में मानसून पहुंचने में इसलिए भी देरी हो रही है क्योंकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसून की बारिश थोड़ी कमजोर है। अगर हवा की स्थिति अनुकूल रही, तो 15-16 जून को झारखंड में मानसून दस्तक दे सकता है।

**12 जून को रांची में हो सकी है बारिश :** राज्य में पिछले 24 घंटे के तापमान पर नजर डालें तो मौसम शुष्क रहा। गढ़वा और पलामू में हीटवेव का असर देखा गया। राज्य में सबसे अधिक तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य में न्यूनतम तापमान राजधानी रांची में 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। लेकिन अधिकतम पारा भी 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। झारखंड में अधिकतम तापमान में 1 से 4 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। 12 जून से राजधानी रांची में गरज के साथ बारिश के आसार हैं।

# आंधी से नवनिर्मित जनजातीय बालक छात्रावास की उड़ी छत



**चाईबासा, एजेंसी।** हाटगम्हरिया प्रखंड के बलंडिया पंचायत में नवनिर्मित प्लस 2 अनुसूचित जनजाति बालक का छात्रावास पिछले दिनों आए आंधी के भेंट चढ़ गया। छात्रावास का छत आंधी में उड़ जाने से इसके गुणवत्ता पर एक सवालिया निशान छोड़ गया। जनजातीय विकास अभिकरण के निधि से संवेदक द्वारा बनाए गए इस छात्रावास को लेकर बालंडिया पंचायत की मुखिया जयश्री कुंकल भी काफी मुखर रही। पर इसके ठीक करने की दिशा में अब तक कोई प्रयास नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार इस प्लस टू उच्च विद्यालय में कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के पढ़ाई की व्यवस्था है। हाल में ही इस विद्यालय को उच्च विद्यालय का दर्जा दिया गया है ताकि दूरस्थ क्षेत्र के बच्चे विद्यालय के छात्रावास में रहकर अपनी नियमित पढ़ाई कर सके। इस छात्रावास में कक्षा 8 से लेकर 12वीं तक के छात्रों के लिए आवासीय सुविधा प्रदान की करने के लिए इसे तैयार किया गया था पर इस छात्रावास के सुचारू रूप से शुरू होने से पहले ही इसका छत उड़ गया। जानकारी के अनुसार इस विद्यालय में मंझारी प्रखंड पांगा पंचायत की छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए आती हैं। हाल में ही इस शैक्षणिक सत्र में मैट्रिक पास किए छात्रों ने इंटर में नामांकन लिया है। मुखिया जयश्री कुंकल ने शिक्षा विभाग से इस छात्रावास को तुरंत ठीक करवाने की मांग की है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

# अजित गुट ने ठुकराया मोदी सरकार में स्वतंत्र प्रभार, विधायकों के संपर्क में शरद पवार

**नई रार के आसार?**



**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) ने मंत्री पद ठुकरा कर एक बार फिर महाराष्ट्र की राजनीति में भावी समीकरणों को लेकर अटकलों का दौर शुरू कर दिया है। मंत्रिमंडल में अजीत गुट से प्रफुल्ल पटेल को स्वतंत्र प्रभार का मंत्री बनाने का ऑफर था। लेकिन, उन्होंने ऑफर यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वे पहले कैबिनेट मंत्री रहे हैं और स्वतंत्र प्रभार स्वीकार करना उनके लिए डिमोशन होगा।

माना जा रहा है कि उचित महत्व नहीं मिलने से राजग सहयोगी अजित पवार की पार्टी राकांपा नाराज है। हालांकि, प्रफुल्ल ने राजग में किसी तरह के मतभेद से इनकार किया है। राकांपा नेता पटेल ने कहा कि उनको भाजपा ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का ऑफर दिया था, उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। मैं पहले कैबिनेट मंत्री रह चुका हूं, इसलिए अब अपना पद गिराना नहीं चाहता। ये उनका डिमोशन होगा। प्रफुल्ल यूपीए सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके हैं।

उन्होंने कहा कि आज हमारे पास एक लोकसभा और एक राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन अगले 2-3 महीनों में हमारे पास राज्यसभा में कुल 3 सदस्य होंगे। संसद में सांसदों की संख्या 4 होगी, इसलिए हमने कहा कि हमें एक (कैबिनेट मंत्रालय) सीट दी जानी चाहिए।

अजित पवार ने भी यही मांग दोहराई। अजित पवार ने कहा कि हमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के बारे में सूचना मिली, लेकिन प्रफुल्ल खुद कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। हमें खुशी है कि उन्होंने हमें सूचना दी, लेकिन उनके लिए यह पद लेना थोड़ा कठिन था। मतभेद की, जो अटकलें लगाई जा रही हैं वह गलत है।

इसके पहले खबर आई थी कि राकांपा में कैबिनेट मंत्री के पद को लेकर घमासान शुरू हो गया है। सामने आया था कि पार्टी के खाते में एक मंत्री पद गया है, जिसे लेकर दो वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे के बीच मतभेद शुरू हो गया है। दोनों ही नेताओं ने राकांपा को मिल रहे कैबिनेट मंत्री के पद पर दावा ठोंका है। दोनों में से कोई भी अपनी दावेदारी छोड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि, बाद में राकांपा ने इसे गलत बताया। फिलहाल इस घटनाक्रम ने एक बार फिर कई तरह की अटकलों को जन्म दे दिया है।

**शरद गुट के संपर्क में कई नेता:** लोकसभा चुनाव के बाद से महाराष्ट्र में कई तरह की हलचल चल रही है। राकांपा शरद पवार गुट की ताकत बढ़ने के बाद अजित गुट के कई नेता उनके संपर्क में बताए जाते हैं। सीनियर पवार काफी सक्रिय हैं और माना का रहा है कि इसका असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। अजित पवार गुट लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद से बैकफुट पर है। पवार परिवार में भी कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इसी तरह शिवसेना के दोनों धड़ों को लेकर भी अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में इसी साल चुनाव है और उसके पहले कई नए सियासी समीकरण राज्य की राजनीति में देखने को मिल सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रिकांगपिओः जिला में काशंग व सांगला कंडे में ग्लेशियर के पिघलने से बनीं कृत्रिम झीलें


**किन्नौर, एजेंसी।** जिला किन्नौर के काशंग व सांगला कंडे में ग्लेशियर के पिघलने से कृत्रिम झील बनने की सूचना मिली है। यह जानकारी डीसी किन्नौर डा. अमित कुमार शर्मा ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि जिला किन्नौर में मानसूनी आफत से किस प्रकार से जानमाल के नुक्सान से बचा जा सके, उसे लेकर किन्नौर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा जिला किन्नौर में भूस्खलन, बाढ़ और ग्लेशियर पिघलने से बनने वाली कृत्रिम झीलें सबसे बड़ा खतरा हैं। उन्होंने बताया कि किन्नौर जिले के सांगला कंडे और काशंग कंडे में ग्लेशियर पिघलने से 2 कृत्रिम झीलें बनने की जानकारी मिली है और शीघ्र ही एनआरएससी और सी टाइप के माध्यम से एक्सपिटिशन भी किया जाएगा कि यदि भविष्य में ये कृत्रिम झीलें टूटती हैं तो इससे सांगला वैली और काशंग कंडे के आसपास आने वाले क्षेत्रों को नुक्सान होगा या नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि किन्नौर जिले में आपदाओं से निपटने के लिए 14 जून को मॉकड्रिल भी आयोजित की जाएगी तथा इस मॉकड्रिल में आईटीबीपी, पुलिस व होमगार्ड सहित अन्य विभाग भाग लेंगे। विदित रहे कि इससे पूर्व भी वर्ष 2000 तथा 2005 में तिब्बत के पारछू में बनी कृत्रिम झील के टूटने से सतलुज नदी में आई बाढ़ से नदी का जल स्तर बढ़ गया था, जिससे जिला किन्नौर सहित रामपुर में भी भारी तबाही हुई थी और यदि भविष्य में सांगला व काशंग कंडे में बनी कृत्रिम झीलें भी टूटती हैं तो भारी तबाही हो सकती है, ऐसे में किन्नौर प्रशासन ने प्राइमरी स्तर पर ही इन कृत्रिम झीलों की मॉनीटरिंग शुरू कर दी है, ताकि इन घटनाओं को टाला जा सके या नुक्सान के आंकड़े को कम से कम किया जा सके।

### 28 जुलाई से शुरू होगा अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला, राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

**चम्बा, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला इस बार 28 जुलाई से 4 अगस्त तक मनाया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक के दौरान मिंजर मेला कमेटी के सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यों से सुझाव लिए गए। इसे पूर्व डीसी चम्बा मुकेश रेप्सवाल ने अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले के लिए तैयार की गई रूपरेखा के बारे में मंथन किया। मेले के शुभारंभ पर राज्यपाल और समापन समारोह में मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, निमंत्रण कार्ड बनाने, थीम विषय का चयन, खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन, मेले के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सदर विधायक नीरज नैयर ने बताया कि चम्बा में कार्यरत जल विद्युत प्रोजैक्ट से मिंजर के आयोजन को लेकर राशि बढ़ाने की मांग की गई, ताकि मेले के दौरान जो भी बजट की कमी होती है उसे पूरा किया जा सके। डीसी चम्बा ने बताया कि पिछले वर्ष 3 करोड़ 62 लाख रुपए खर्च किए गए थे।

## पंकजा मुंडे हारीं तो जिंदा नहीं बचूंगा, ऐसा कहने वाले ट्रक चालक की हादसे में मौत

**बीड, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी की नेता पंकजा मुंडे की बीड लोकसभा सीट से हारने की स्थिति में जीवित नहीं रहने का दावा करने वाले 38 वर्षीय ट्रक चालक की शुक्रवार रात को बस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस इसे आत्महत्या का मामला होने का संदेह जता रही है। किंगांव पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना रात करीब नौ बजे बोरगांव पटी के पास अहमदपुर-अंधोरी सड़क पर हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान लातूर जिले में स्थित अहमदपुर के येस्टार निवासी सचिन कोंडीबा मुंडे (38) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा, बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि यह एक दुर्घटना थी या आत्महत्या का मामला था। यह तब हुआ जब यल्दरवाड़ी नाइट हॉल्ट बस बोरगांवपटी में रुकी। सचिन बस के पीछे खड़ा था और जब बस पीछे जाने लगी तब तभी वह उसकी चपेट में आ गया। किनगांव पुलिस थाना के सहायक निरीक्षक भाऊसाहेब खंडारे ने बताया कि जांच के तहत महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस को जब्त कर लिया गया है। मृतक अविवाहित था और अपने माता-पिता और भाई के साथ रहता था। उसने एक वीडियो जारी करके दावा किया था कि अगर पंकजा मुंडे चुनाव हार गईं तो सचिन जिंदा नहीं रहेगा। उस समय यह वीडियो वायरल हो गया था।



## जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले में राजस्थान के 5 लोग लापता, सीएम ने दिल्ली से संपर्क साधा






**जयपुर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को पर्यटकों के बस पर हुए आतंकी हमले में 10 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई थी। इस बस में सवार राजस्थान के चौमूं (जयपुर) के एक बच्चा सहित 5 लोग लापता हैं। यहां से 5 यात्री तीर्थयात्रा पर गए थे। एक यात्री घायल है। सीएम भजनलाल शर्मा ने लापता लोगों के बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों से बात की है।उल्लेखनीय है कि श्रीनगर जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस रविवार को आतंकियों की गोलीबारी के बाद खाई में गिर गई। इससे 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 33 घायल हो गए। इस घटना में राजधानी जयपुर के चौमूं इलाके के पांच लोग बताए जा रहे है। बताया जा रहा है कि चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से फोन पर बातचीत की है। जिसके बाद सीएमओ से जम्मू-कश्मीर व गृह मंत्रालय से संपर्क साधा जा रहा है। साथ ही पूर्व विधायक ने परिजनों को ढाढ़स बंधाया है।

**जयपुर के चौमूं के रहने वाले है:** इस घटना में राजस्थान के चौमूं इलाके के 5 लोग लापता बताए जा रहा है। जिनमें राजेंद्र सैनी, ममता, पवन, पूजा सैनी, लिवांश के नाम की पहचान हुई है। ये सभी पांच लोग अपने परिवार के साथ वैष्णो माता के दर्शन के लिए गए थे। हालांकि उनकी बात पवन नाम के शख्स से हो चुकी है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री से बातचीत की है। जिसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रशासन को इस मामले सक्रिय रहने के निर्देश दिए है। एसएसपी मोहित शर्मा के मुताबिक बस शिवखोड़ी मंदिर से कटरा लौट रही थी।

## विदेशी पक्षियों और जीवों की तस्करी का पर्दाफाश, स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत का संदेह





**बुलन्दशहर, एजेंसी।** बुलन्दशहर में विदेशी पक्षियों और जीवों की तस्करी का काला खेल उजागर हुआ है। मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने सोमवार को सुबह चांदपुर रोड स्थित एक ठिकाने पर छापा मारकर इस अवैध धंधे का भंडाफोड़ किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने बुलन्दशहर सिटी कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर रोड पर छापा मारा। इस दौरान 11 प्रजातियों के 50 से अधिक जीव, जिनमें विदेशी केकड़े, बिच्छू, सांप, चील, ड्रेगन, कलरफुल बर्ड्स और पैरट शामिल थे, बरामद किए गए। इस अवैध धंधे को स्थानीय फारेस्ट विभाग की मिलीभगत से संचालित किया जा रहा था। बिना रजिस्ट्रेशन के विदेशी पक्षियों और जीवों की खरीद-बिक्री की जा रही थी। छापेमारी के दौरान जीवों की देखभाल करने वाले एक कर्मचारी को हिरासत में लिया गया है। यह ऑपरेशन तीन घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें मध्य प्रदेश फारेस्ट विभाग को बड़ी सफलता मिली है।

**घटनास्थल और छापेमारी की जानकारी:** मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने बुलन्दशहर के चांदपुर रोड पर चल रहे इस अवैध धंधे को पकड़ने के लिए गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही की। टीम ने मौके पर पहुंचकर विदेशी जीवों की तस्करी में संलिप्त व्यापारियों को रंगे हाथ पकड़ा। बरामद किए गए जीवों में ड्रेगन, सांप, बिच्छू और कई रंग-बिरंगे पक्षी शामिल थे।

**स्थानीय प्रशासन ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया::** स्थानीय प्रशासन ने इस कार्यवाही पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन स्थानीय लोगों ने इस अवैध धंधे के खिलाफ आवाज उठाई है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार की तस्करी से न केवल वन्य जीवों को खतरा है, बल्कि यह पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी को भी प्रभावित कर रही है। मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने इस सफलता के बाद स्थानीय फारेस्ट विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू करने का संकेत दिया है।

## जो सबकी जमीन करता था कब्जा उस अतीक अहमद की कुर्क जमीन पर लोग करने लगे कब्जा

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद की जीटीबी नगर करेली इलाके में 594 वर्ग मीटर कुर्क जमीन पर अवैध किया जा रहा था। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने रविवार को मौके पर सत्यापन किया। इसके बाद जमीन पर कुर्क होने का बोर्ड लगा दिया। अब आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि माफिया अतीक अहमद की जीटीबीनगर करेली स्थित इस भूमि को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया था। वर्तमान में इस भूमि की कीमत लगभग सात करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस को सूचना मिल रही थी कि इस जमीन पर कुछ लोग प्रशासन का बोर्ड उखाड़कर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने रविवार को सत्यापन के बाद पुन जमीन पर कुर्क होने का नोटिस बोर्ड लगा दिया।




**अशरफ के साले सद्दाम की पांच संपत्ति चिह्नित**

माफिया अशरफ के साले सद्दाम की पूरामुफ्ती इलाके में चार अचल और एक चल संपत्ति चिह्नित की गई है। बताया जा रहा है कि इस जमीन को उसने दबंगई और काली कमाई से बनाया था। पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेजी जाएगी। अब राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अतीक अहमद की मौत के एक साल बाद भी उसकी बेनामी संपत्तियां मिल रही है। पुलिस को खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के लूकरगंज में अतीक अहमद के एक फ्लैट का पता चला है। अब पुलिस इस फ्लैट के बारे में जानकारी इकट्ठा करने में जुटी है। पुलिस राजस्व विभाग की मदद से इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि फ्लैट किसके नाम पर खरीदा गया है। इस संपत्ति की कीमत मौजूदा समय में एक करोड़ रुपये से ज्यादा है। पुलिस ने नोएडा में अतीक अहमद का करोड़ों का आलीशान मकान मन्नत को कुर्क किया गया है। एक राजमिस्त्री के नाम की गई 12 करोड़ की जमीन भी कुर्क की गई है। जबकि अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम बंगाल होटल के पास मिली बेशकीमती जमीन भी कुर्क करने की तैयारी है।

## कमबैक करने की तैयारी में वसुंधरा राजे, लोकसभा चुनाव से बदले समीकरण

**जयपुर, एजेंसी।** मोदी कैबिनेट में राजस्थान के चार सांसदों को जगह मिली है। भूपेंद्र यादव, अर्जुन मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत और भागीरथ चौधरी को मंत्री बनाया है। पहले अटकलें लगाई जा रहीं थी कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत सिंह को मंत्री बनाया जाएगा। दुष्यंत झालावाड़-बारां संसदीय क्षेत्र से लगातार पांचवीं बार सांसद बने है। लेकिन पीएम मोदी ने दुष्यंत सिंह की तुलना में गजेंद्र सिंह शेखावत को तवज्जो दी है। सियासी जानकार इसके अलग-अलग मायने निकाल रहे है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन पर भजनलाल शर्मा हटाए जा सकते है। वसुंधरा राजे की वापसी हो सकती है। शायद यहीं वजह है कि वसुंधरा राजे के बेटे को मंत्री नहीं बनाया है। वसुंधरा राजे कैंप के नेता फिलहाल खामोश है। सियासी जानकारों का कहना है कि कांग्रेस ने बीजेपी से 11 सीटें छीन ली है। बीजेपी को सियासी तौर पर बड़ा नुकसान हुआ है। माना जा रहा है कि अब जल्द ही भजनलाल मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। माना जा रहा है कि वरिष्ठ विधायकों को जगह मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान बीजेपी में वसुंधरा राजे के कद से जैसा नेता नहीं है। सियासी जानकारों का कहना है कि वसुंधरा राजे की अनदेखी से बीजेपी से राजपूत नाराज हो गए है। राजपूत और बीजेपी के परंपरागत वोटर्स माने जाते है। लेकिन लोकसभा चुनाव में राजपूत और गुर्जरों के वोट बीजेपी को नहीं मिले है। ऐसे में माना जा रहा है कि राजपूतों की नाराजगी दूर करने के लिए बीजेपी नेतृत्व बड़ा निर्णय ले सकता है। वसुंधरा राजे के सभी समाज की नेता मानीं जाती है।



## 75 साल की महिला को उठा ले गया तेंदुआ, पहाड़ी में मिली लाश

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में तेंदुआ के हमले से महिला की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक घर में सो रही बुजुर्ग महिला को तेंदुआ उठा ले गया। जिसके बाद पहाड़ी के पास उसकी लाश मिली है। इधर मामले की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बतादें कि उत्तर बस्तर के इलाके में तेंदुआ के हमले की खबर ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। मामला कांकेर जिले के नरहरपुर वनपरिक्षेत्र के चनार गांव का बताया जा रहा है, जहां 75 बर्षीय बुजुर्ग महिला रात में तेंदुआ उठा ले गया। जानकारी के मुताबिक महिला खाना खाने के बाद सोने चली गई थी। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी सोने चले गए। तभी देर रात तेंदुआ कच्चे मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा और घर पर सो रही बुजुर्ग महिला को उठा ले गया।

सुबह होने के बाद घर के लोगों ने देखा कि यहां सब बिखरा पड़ा हुआ है। वही कच्चे मकान का दरवाजा भी खुला हुआ था। जिसके बाद कमरे में जाकर देखा तो महिला गायब थी। जिसे देख परिजन हैरान होकर महिला को ढूंढने लगे। उसी दौरान महिला का शव घर से कुछ दूरी पर पहाड़ी में क्षत-विक्षत हालत में मिली।

## लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद वजह ढूंढ रहीं मायावती, क्या आकाश आनंद की होगी वापसी?

**लखनउ, एजेंसी।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने नवगठित सेक्टर प्रभारियों से 20 जून तक हार के कारणों की पूरी रिपोर्ट मांगी है। सेक्टर प्रभारियों को यह बताना होगा कि इसमें कितने डमी उम्मीदवार थे और कितनों के चयन में लापरवाही बरती गई है। मायावती के निर्देश पर प्रयागराज मंडल में बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व मंडलीय प्रभारी अशोक गौतम समेत दो को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी की मजबूती को लेकर मायावती के फिर से सक्रिय होने के साथ ही आकाश आनंद को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। पार्टी में कई लोगों को आकाश आनंद की वापसी की उम्?मीद भी है।

**सेक्टर प्रभारियों की बैठक शुरू:** बसपा सुप्रीमो ने नवगठित सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठक का दौर शुरू कर दिया है। पार्टी मुख्यालय पर रविवार को अलीगढ़, आगरा, कानपुर व प्रयागराज मंडल के बने सेक्टर की बैठक हुई। बसपा सुप्रीमो ने पहले सेक्टर प्रभारियों के साथ सामूहिक बैठक की, इसके बाद मंडलीय प्रभारियों के साथ अलग-अलग बैठक कर फीड बैक लिया। सूत्रों का कहना है कि इन चारों मंडल में आने वाले लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के चयन और हार के कारणों के बारे में जानकारी ली।

**आकाश को लेकर भी हुई चर्चा:** मायावती ने बैठक में सेक्टर प्रभारियों से पूछा कि हार की मुख्य वजह क्या रही? अपना ही वोट हमें पूरी तरह से क्यूं नहीं मिल पाया। चुनाव में जिलाध्यक्षों ने कितनी मेहनत की। इसके साथ ही आकाश आनंद को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में मंडल प्रभारियों ने आकाश आनंद को हटाने से नुकसान होने की बात कही। इससे माना जा रहा है कि आकाश की वापसी हो सकती है।

**20 के बाद बड़ी बैठक:** बसपा सुप्रीमो ने सभी सेक्टर प्रभारियों से 20 जून तक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ में पदाधिकारियों की बैठक होगी। रिपोर्ट के आधार पर ही जिलाध्यक्षों व मंडल प्रभारियों पर कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि कई जिलाध्यक्षों को हटाया जाएगा और उनके स्थान पर अनुभवी के साथ ही मेहनती युवाओं को मौका दिया जाएगा। बसपा सुप्रीमो ने बैठक में निर्देश दिया है कि संगठन बनाने का भी निर्देश दिया है।



**अशोक गौतम हटाए गए:** बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर मुख्य जोन प्रभारी राजू गौतम ने प्रयागराज के पूर्व मंडलीय प्रभारी अशोक कुमार गौतम और लोकसभा प्रत्याशी शुभ नारायण गौतम को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

## ओमान को हराकर ग्रुप-बी में टॉप पर पहुंचा स्कॉटलैंड



**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** ब्रैंडन मैकमुलेन के नाबाद 61 और जॉर्ज मुन्से के 41 रनों की बदौलत स्कॉटलैंड ने रविवार देर रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टी20 विश्व कप ग्रुप-बी मैच में ओमान को सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम ने प्रतीक की 54 रन की पारी की बदौलत सात विकेट खोकर 150 रन बनाए। स्कॉटलैंड के सभी गेंदबाजो ने शानदार गेंदबाजी की। सफयान शरीफ को 2 विकेट मिले। वहीं, मार्क वॉट, ब्रेड व्हील, सोल और क्रिस ग्रीव्स को 1-1 सफलता मिली। 151 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत की और पावरप्ले में ही 50 रन जोड़ लिए। हालांकि इस दौरान जार्ज (41) और जोंस (16) आउट होकर पवेलियन लौट गए। लेकिन तीसरे स्थान पर आए ब्रैंडन मैकमुलेन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 153/3 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैकमुलेन ने 31 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्के जड़ते हुए 61 रन की मैच विनिंग पारी खेली। ओमान के गेंदबाजों का प्रदर्शन खराब रहा। टीम के लिए बिलाल खान, आकिब इलयास और मेहरान खान को 1-1 विकेट मिला।

इस जीत का मतलब है कि स्कॉटलैंड सुपर आठ में पहुंच सकता है। वह नामीबिया के खिलाफ जीत और इंग्लैंड के रद्द हुए मैच के बाद ग्रुप बी की तालिका में शीर्ष पर है। दूसरी ओर, ओमान तीन मैचों में लगातार हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। स्कॉटलैंड की ओमान पर इस बड़ी जीत के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रुप बी का अंक तालिका भी रोचक हो गया है। साथ ही इंग्लैंड पर सुपर 8 से बाहर होने का खतरा भी बढ़ गया है।

### महिला हॉकी

## भारतीय महिला हॉकी टीम को ब्रिटेन से मिली 2-3 से हार, लगातार आठवां मैच हारी टीम इंडिया



**लंदन, एजेंसी।** मेजबान टीम की ग्रेस बाल्डसन ने 56वें और 58वें मिनट में दो गोल कर भारत के हाथ से जीत छीन ली। एक वीडियो रिव्यू सहित दो फैसले के कारण कोच हरेंद्र सिंह काफी हताश भी हुए। भारतीय महिला हॉकी टीम को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग में रविवार को ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की यह लगाता आठवीं हार है। भारतीय टीम ने मैच में ज्यादातर समय अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बावजूद इसके टीम को अंततः हार झेलनी पड़ी।

मेजबान टीम की ग्रेस बाल्डसन ने 56वें और 58वें मिनट में दो गोल कर भारत के हाथ से जीत छीन ली। एक वीडियो रिव्यू सहित दो फैसले के कारण कोच हरेंद्र सिंह काफी हताश भी हुए। एक समय स्कोर 2-2 से बराबरी पर था और अंतिम हूटर बजने ही वाला था कि ग्रेस ने दमदार हिट के साथ गोल कर दिया। यह वहीं ग्रेस हैं जिन्होंने तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में भारत के खिलाफ विजयी गोल दागा और अपनी टीम को कांस्य पदक दिलाया था। ग्रेस के गोल से कोच हरेंद्र के मार्गदर्शन में टीम का पहली जीत के लिए इंतजार और बढ़ गया। वाटसन ने तीसरे मिनट में गोल कर ब्रिटेन को बढ़त दिलाई लेकिन लालरेमसियामी ने 14वें मिनट में गोल दागकर 1-1 की बराबरी दिला दी थी। उसके बाद नवनीत कौर ने 23वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया था।

# पाकिस्तान के खिलाफ टीम के प्रदर्शन से खुश रोहित



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** टी20 विश्व कप 2024 के एक रोमांचक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 रन से हरा दिया। जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा मैदान पर अपनी टीम के कभी हार न मानने वाले रवैये की सराहना की। न्यूयॉर्क की पिच बल्लेबाजी के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है। टूर्नामेंट में खेले गए यहां सभी मुकाबले लो स्कोरिंग रहे हैं, जिसमें रविवार को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला भी शामिल है।

टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए सिर्फ 119 रन बनाए। वैसे तो टी20 फॉर्मेट के लिए यह रन बहुत कम हैं, लेकिन इस पिच पर ये रन भी पाकिस्तान के लिए काफी रहे। टीम इंडिया की जबरदस्त गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान से ये रन भी नहीं बन पाए और उसे लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय कप्तान ने मैच के बाद कहा, इस पिच को ध्यान में रखकर हमें लगा 140 रन का स्कोर अच्छा रहेगा और गेंदबाजी लाइन अप के साथ हमें खुद पर पूरा भरोसा था। पिछले दो मुकाबले को देखकर हमें पता था कि यह चुनौतीपूर्ण पिच है। इसलिए 140 रन एक मजबूत टोटल होता और हमें अपने गेंदबाजों पर भरोसा था कि वो अपना काम बखूबी करेंगे। लेकिन टीम के कभी हार न मानने वाले रवैये के कारण हमने 119 रन का भी सफलतापूर्वक बचाव किया।

जब पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने मैच में भारत के लिए मुश्किलें बढ़ा दी थी और लगा कि मैच भारत से दूर जा रहा है, तब कप्तान रोहित ने अपने खिलाड़ियों को एक खास स्पीच दी जिसने टीम के खिलाड़ियों में जोश भर दिया। रोहित ने कहा, ÷जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हमने सभी को एक साथ बुलाया और कहा कि अगर यह हमारे साथ हो सकता है, तो यह उनके साथ भी हो सकता है। सभी का थोड़ा-बहुत योगदान बहुत बड़ा अंतर पैदा कर सकता है। ऋषभ पंत के 31 गेंदों पर 42 रन के शीर्ष स्कोर के बाद, भारत ने चुनौतीपूर्ण न्यूयॉर्क पिच पर 19 ओवरों में केवल 119 रन बनाए। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की और कुल स्कोर में 15-20 रन कम रह गए। उन्होंने मुश्किल विकेट पर हर रन के महत्व पर जोर दिया। रोहित ने कहा, मुझे लगता है कि हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की।

10 ओवर के बाद जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हम अच्छी स्थिति में थे - हम 80 रन पर 1 विकेट खो चुके थे, लेकिन यहां से हम लड़खड़ा गए। एक समय भारत का स्कोर 89 पर चार विकेट था और लग रहा था कि 140 रन तक भारत पहुंच जाएगा, लेकिन मध्य ओवरों में नसीम शाह और मोहम्मद आमिर ने भारतीय टीम की कमर तोड़ दी। भारत ने मात्र 30 रन जोड़कर आखिरी सात विकेट गंवा दिए। भारत का अगला मैच 12 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सह-मेजबान यूएसए से होगा।



## ऋषभ पंत को मिला बेस्ट फील्डर का मेडल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के मैच में शानदार विकेट कीपिंग करने वाले ऋषभ पंत को बेस्ट फील्डर का मेडल दिया गया। यह मेडल भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने उन्हें पहनाया। इस दौरान उन्होंने टीम के ओवरऑल प्रदर्शन और ऋषभ पंत के कम बैक की प्रशंसा की। आयरलैंड के खिलाफ हुए पिछले मैच में अर्शदीप सिंह को यह मेडल मिला था।

दरअसल, न्यूयॉर्क के नसाउ स्टेडियम में हुए भारत-पाकिस्तान मैच में भारत ने दो विकेट जल्दी खो दिए। इसके बाद मैदान पर उतरे ऋषभ पंत ने 31 गेंदो में 42 रन की पारी खेलकर टीम को 119 के सम्मान जनक स्कोर तक पहुंचाया। दूसरी इनिंग में ऋषभ ने लाजवाब फील्डिंग की उन्होंने फखर जमान, इमाद वसीम और शादाब खान के कैच लपके। इस परफॉर्मेंस के चलते उन्हें बेस्ट फील्डर का मेडल मिला।

**यह पंत की मेहनत ही है जिसकी वजह से वे वापसी कर सके- शास्त्री**

मेडल देने के बाद रवि शास्त्री ने कहा- जब मैंने ऋषभ के एक्सीडेंट के बारे में सुना था, तो मेरे आंखों में आंसू थे। हॉस्पिटल में जब मैंने उसे देखा तो हालात बहुत खराब था। यह उनकी मेहनत ही है जिसकी वजह से वे वापसी कर सके और भारत-पाक जैसे बड़े मुकाबले में शानदार गेम दिखा सके। ऋषभ की बेहतरीन बल्लेबाजी की काबिलियत के बारे में सब जानते हैं। लेकिन, जिस तरह से विकेटकीपिंग और फील्डिंग किया वो ऋषभ की मेहनत को दर्शाता है।

**अपना सबसे छोटा टोटल डिफेंड कर जीता भारत**

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाक के हाइवोलटेज मुकाबले में भारत ने आपना सबसे छोटा डिफेंड किया। टीम ने पहले खेलते हुए 120 रन का टारगेट दिया। जवाब में जस्प्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान 7 विकेट के नुकसान पर 113 रन ही बना सकी और भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप का अपना दूसरा मैच 6 रन से जीता।

**पॉजिटिव माहौल बनाने के लिए दे रहे मेडल**

वनडे वर्ल्ड कप की तर्ज पर इस टी-20 वर्ल्ड कप में भी BCCI की ओर से मैच के बेस्ट फील्डर को एक मेडल दिया जा रहा है। खिलाड़ियों को यह मेडल मैच के बाद ड्रेसिंग रूम में दिया जाता है। ये ICC का कोई ऑफिशियल फील्डर का अवॉर्ड नहीं है, लेकिन टीम इंडिया में पॉजिटिव माहौल बनाने के लिए BCCI ने इसे वनडे वर्ल्ड कप से शुरू किया था।

### फ्रेंच ओपन

## फ्रेंच ओपन चैंपियन बने कार्लोस अल्काराज, फाइनल में ज्वेरेव को पांच सेट तक चले मुकाबले में हराया



**पेरिस, एजेंसी।** यह 2004 के बाद पहला फ्रेंच ओपन फाइनल है जिसमें फैब-3 यानी रफेल नडाल , नोवाक जोकोविच या रोजर फेडरर नहीं थे। अल्काराज ने 11 एटीपी टूर खिताब जीते हैं।

21 वर्षीय अल्काराज तीन अलग-अलग ग्रैंडस्लैम (सतह) को जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं और उन्होंने हमवतन राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया। स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन का एकल वर्ग का खिताब जीत लिया। अल्काराज ने यह मुकाबला 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से अपने नाम किया। साल 2022 से अल्काराज ने प्रत्येक वर्ष एक ग्रैंडस्लैम की ट्रॉफी जीती है। यह अल्काराज का तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब रहा। इससे पहले 21 वर्षीय अल्काराज ने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विंबलडन जीता था। अल्काराज ने पहला सेट आसानी से जीत लिया था लेकिन इसके बाद कई गलतियां कर बैठे जिससे ज्वेरेव ने दूसरा और तीसरा सेट जीत लिया।

अल्काराज ने चौथा सेट एकतरफा अंदाज में 6-1 से जीता और फिर पांचवां सेट 6-2 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। अल्काराज ने 11 एटीपी टूर खिताब जीते हैं। 21 वर्षीय अल्काराज तीन अलग-अलग ग्रैंडस्लैम (सतह) को जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं और उन्होंने हमवतन राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया। नडाल 14 बार के फ्रेंच ओपन विजेता हैं। फ्रेंच ओपन में खेलने से पहले अल्कारेज चोट के कारण तीन सप्ताह तक नहीं खेल पाए थे। ज्वेरेव दूसरी बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में हारे हैं।

इससे पहले उन्हें 2020 यूएस ओपन के फाइनल में शिकस्त मिली थी।दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने रविवार को तीनों सतहों में से हर एक पर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के एटीपी खिलाड़ी बन गए। अल्काराज तीनों सतहों पर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सातवें खिलाड़ी हैं।

अल्काराज का ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड प्रभावशाली 52-10 पर है, जो इस मेजर टूर्नामेंट में उनके निरंतर अच्छे प्रदर्शन को दर्शाता है। वह अब उन सात स्पैनिश खिलाड़ियों में शामिल हो गए, जिसने रोला गैरों पर विजेता की ट्रॉफी उठाई है। अल्काराज के कोच जुआन कार्लोस फेरेरो ने भी 2003 में पेरिस में यह खिताब जीता था।



## सुमित नागल ने हेइलब्रॉन नेकरकप का टाइटल जीता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के नंबर-1 टेनिस प्लेयर सुमित नागल ने रविवार को जर्मनी में हेइलब्रॉन नेकरकप 2024 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट में मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया। मेंस सिंगल्स की वर्ल्ड रैंकिंग में 95वें स्थान पर मौजूद भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने दो घंटे और 22 मिनट तक चले फाइनल में दुनिया के 184वें नंबर के खिलाड़ी स्विट्जरलैंड के एलेक्जेंडर रित्सचर्ड को तीन सेटों में 6-1, 6(5)-7(7), 6-3 से हराया।

यह नागल के करियर की छठी एटीपी चैलेंजर जीत है। इस साल की शुरुआत में घरेलू सरजमीं पर चेन्नई ओपन का खिताब जीतने के बाद साल की दूसरी खिताबी जीत है। सुमित ने इसी साल फरवरी में चेन्नई ओपन में जीत हासिल की और एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई। चेन्नई ओपन भी चैलेंजर टूर का हिस्सा है। सुमित नागल का इस साल प्रदर्शन बेहतर रहा.

## पहली बार फ्रेंच ओपन जीते कार्लोस अल्कारेज

### तीनों कोर्ट पर ग्रैंडस्लैम जीतने वाले यंगेस्ट प्लेयर, फाइनल मुकाबले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने रविवार को फ्रेंच ओपन के खेले गए फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराकर पहला फ्रेंच ओपन जीता। यह उनका तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब था। अल्कारेज ने क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम में भी जीत लिया। इससे पहले 2022 में यूएस ओपन में हार्ड कोर्ट और 2023 में विंबलडन में ग्रास कोर्ट पर उन्होंने अपने पिछले 2 ग्रैंड स्लैम जीते थे। अल्कारेज अब ग्रैंडस्लैम फाइनल में 3-0 से आगे हैं। उन्होंने सभी फाइनल जीते है। वहीं, दूसरी ओर ज्वेरेव दोनों प्रमुख खिताबी मुकाबलों के फाइनल हार गए।



21 वर्षीय अल्कारेज, ने अपने हमवतन टेनिस लिजेंड रफेल नडाल का रिकॉर्ड तोड़ा। अल्कारेज अब नडाल को पछाड़कर तीन सतहों (ग्रास, हार्ड, क्ले) कोर्ट पर ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। जब नडाल ने यह कारनामा किया था, तब वे अल्कारेज से करीब डेढ़ साल बड़े थे।

### पहले 2-1 से पीछे, फिर किया कमबैक

अल्कारेज ने तीसरा सेट हारने और दो सेट से एक से पिछड़ने के बाद भी घबराए नहीं। उन्होंने चौथे सेट में भी तेजी से दौड़ लगाई और फिर अपनी गति बनाए रखी। कोर्ट फिलिप चैटरियर में चार घंटे और 19 मिनट तक चले मैच में अल्कारेज ने 56 विनिंग शॉट लगाए। अल्कारेज ने चौथा सेट जीत लिया।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025...लाहौर में खेला जा सकता है भारत-पाकिस्तान मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेला जाने वाला मुकाबला लाहौर में हो सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जानी है। रिपोर्ट के अनुसार, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का ड्राफ्ट शेड्यूल इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को सौंप दिया गया है। इसके मुताबिक भारत-पाकिस्तान का मैच लीग स्टेज का आखिरी मैच होगा। रिपोर्ट की मानें तो यह मैच लाहौर में होगा।

### टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने पर संशय

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए तीन वेन्यू का प्रपोजल दिया है। यह तीन वेन्यू लाहौर, कराची और रावलपिंडी हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। हालांकि, भारत टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का यात्रा करेगा या नहीं, यह अभी साफ नहीं है। भारत के पाकिस्तान नहीं जाने पर टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में कराया जा सकता है, जैसा कि पिछले साल एशिया कप में किया गया था, जिसमें भारत के मैच UAE में खेले गए थे।




पाकिस्तान क्रिकेट टीम की यह फोटो 17 जून 2017 की है। जब टीम चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को हराकर चैंपियन बनी थी। भारत के कहने पर एशिया कप के मैच श्रीलंका में हुए थे

पिछले साल भी एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी। तब भी भारत के वहां नहीं जाने पर यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' पर हुआ था। भारत के मुकाबले श्रीलंका में कराए गए थे। कोलंबो में हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर कप जीता था।

**टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा लेंगी**

पिछली चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में इंग्लैंड और वेल्स में खेली गई थी। तब फाइनल में भारत को हराकर पाकिस्तान चैंपियन बना था। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का शेड्यूल अभी नहीं आया है। इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा लेंगी और इसके दो हफ्ते तक चलने की उम्मीद है।

# फीफा विश्वकप क्वालिफायर मैच में छेत्री का स्थान लेंगे गुरप्रीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो वाला है। भारत अगर कतर से पराजित होता है तो क्वालिफायर से बाहर हो जाएगा। फिर से एशियाई चैंपियनशिप केलिए क्वालिफाई करने के लिए अलग से संघर्ष करना होगा। अंतरराष्ट्रीय फुटबाल को अलविदा कह चुके सुनील छेत्री की बतौर कप्तान जगह गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू लेंगे। फीफा विश्वकप क्वालिफायर में भारत का सामना 11 जून को कतर के साथ होना है। कतर ग्रुप में शीर्ष पर है और तीसरे दौर में जगह बना चुका है। वहीं, भारत को तीसरे दौर में जगह बनाने के लिए कतर को हराना होगा, जो आसान काम नहीं है। भारतीय टीम के क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमेच ने कहा कि छेत्री के स्थान पर कप्तानी देने के लिए ज्यादा दिमाग लगाने की जरूरत नहीं थी। छेत्री के बाद गुरप्रीत सबसे अनुभवी फुटबालर हैं। वह 71 मैच खेल चुके हैं। कतर के खिलाफ मुकाबले के लिए स्टिमेच पहले ही 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर चुके हैं। भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो वाला है। भारत अगर कतर से पराजित होता है तो क्वालिफायर से बाहर हो जाएगा। फिर से एशियाई चैंपियनशिप केलिए क्वालिफाई करने के लिए अलग से संघर्ष करना होगा। मुकाबला ड्रॉ रहता है तो भारत को कुवैत और अफगानिस्तान के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। ये दोनों टीमें भी ड्रॉ खेलती हैं तो भारत बेहतर गोल औसत के आधार पर तीसरे दौर में प्रवेश कर जाएगा। अफगानिस्तान ने भी पिछला मैच कतर से गोल रहित ड्रॉ खेला है।

### कतर के खिलाफ होंगे कप्तान



